e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

वर्ष 11, अंक 67

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार

08.03.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सफलता का वास्तविक महत्व वही समझ सकता है, जिसने कठिन परिश्रम किया है।

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### अभिनेत्री अमीषा पटेल मामला राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजा गया

**रांची :** चेक बाउंस मामले में गुरुवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल कोर्ट में हाजिर नहीं हुई। इसके बाद अदालत ने समझौता के तहत बने एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर के लिए अमीषा पटेल को नौ मार्च को मध्यस्थता के लिए आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने का आदेश दिया है। शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयालक्ष्मी श्रीवास्तव ने अदालत से कहा कि बार-बार समय लेकर अभिनेत्री कोर्ट के आदेश की अवेहलना कर रही है। उनका बेल रिजेक्ट किया जाये। इससे पूर्व बुधवार को अभिनेत्री के अधिवक्ता जय प्रकाश ने अदालत को बताया था कि पांच किस्तों में बकाया राशि दो करोड़ 75 लाख रुपये को आपसी समझौते के आधार पर लौटाने के लिए अमीषा तैयार हो गयी है। इसके बाद अदालत ने उन्हें गुरुवार को कोर्ट में उपस्थित होने का आदेश दिया था।फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने रुपये लिये थे, लेकिन फिल्म नहीं बनी।

### यशस्वी ने रचा इतिहास, टेस्ट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय बने

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम।ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज जीत ली है. भारत की इस कामयाबी में यशस्वी जायसवाल का सबसे बड़ा रोल रहा है. उन्होंने 2 दोहरे शतक भी लगाए. अब यशस्वी जायसवाल ने पांचवे टेस्ट में 29 रन बनाते ही नया मुकाम हासिल कर लिया है. वह टेस्ट क्रिकेट में अब सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं. यशस्वी को 1000 रन पूरे करने के लिए 9 मैचों की जरूरत पड़ी. यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट में 29 रन बनाने के साथ ही वह टेस्ट क्रिकेट में अपने 1000 रन पूरे कर लिए हैं.. इसके अलावा वह मौजूदा आईसीसी टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 साइकिल में 1000 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं. अब तक 9 मैचों में जायसवाल 1000 से ज्यादा रन बना चुके हैं. यशस्वी जायसवाल टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं.

### भारतीय नौसेना आयुध सेवा के अधिकारियों ने राष्ट्रपति से मुलाकात की

**नई दिल्ली :** भारतीय नौसेना सामग्री प्रबंधन सेवा के 2019, 2020 और 2021 बैच और भारतीय नौसेना आयुध सेवा के 2023 बैच के अधिकारियों ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भारतीय नौसेना को हर समय आयुध और अन्य भौतिक संसाधनों से लैस करके राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। इसलिए, देश के समुद्री हितों के संरक्षकों के लिए रसद सहायता और हथियार आपूर्ति के प्रबंधक के रूप में चुने जाने पर वे सभी गर्व महसूस कर रहे होंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि इन दिनों, दुनिया भर के देश अपने समुद्री लक्ष्यों पर पहले से कहीं अधिक ध्यान दे रहे हैं और समुद्री सहयोग का विस्तार कर रहे हैं और संयुक्त अभ्यास कर रहे हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 26° |
| न्युनतम | 12° |

## मुख्यमंत्री ने 2454 अभ्यर्थियों के बीच किया नियुक्ति पत्र का वितरण

# जल्द निकलेगा 30 हजार वेकेंसी : चंपाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आने वाले तीन से चार महीने के भीतर राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में 30 हजार रिक्त पदों को भरने के लिए नियुक्तियां निकाली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस प्रदेश का नेतृत्व उनकी सरकार कर रही है,यह प्रदेश खनिज-संपदाओं से भरा प्रदेश है।

झारखंड की खनिज-संपदाओं का उपयोग यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, शोषित, पिछड़े सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों के सर्वांगीण विकास और उत्थान में किया जाए, तभी झारखंड विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा हो सकेगा। विभिन्न पदों पर नवनियुक्त 2454 अभ्यर्थियों को राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया।

आप सभी के कंधों पर एक बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है। आप सभी नवनियुक्त अभ्यर्थी राज्य सरकार के अभिन्न अंग के रूप में कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने गुरुवार को शहीद मैदान रांची में आयोजित राज्य स्तरीय नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री श्री बादल, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, प्रधान सचिव सुनील कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, सचिव राजेश शर्मा, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सचिव अरवा राजकमल, उमाशंकर सिंह, निदेशक शशि रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

### इन पदों पर हुई नियुक्ति

- स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा-2023 अंतर्गत बायोलॉजी के 253, केमिस्ट्री के 259, फिजिक्स के 313 एवं भूगोल के 195 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित शिक्षक
- नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 15 पाईप लाइन इंस्पेक्टर और 55 स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर
- कृषि विभाग अंतर्गत 09 कनीय अभियंता
- खान एवं भूतत्व विभाग अंतर्गत 34 खान निरीक्षक
- विद्युत विभाग अंतर्गत 53 कनीय अभियंता
- पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत 1,268 कनीय अभियंता (सिविल)

शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाना प्राथमिकता



## 20 लाख पात्र परिवारों को सरकार देगी अबुआ आवास योजना का लाभ देगी : सीएम

**शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाना प्राथमिकता:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत करने का कार्य कर रही है। राज्य के भीतर संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर मॉडल स्कूल तथा उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। राज्य के गरीब, मजदूर, किसान वर्ग के बच्चे भी अब क्वालिटी एजुकेशन प्राप्त कर सके इस निमित्त उनकी सरकार प्रतिबद्धता के साथ व्यवस्था में सुधार कर रही है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा रहेगा। मेरा मानना है कि शिक्षित समाज से ही विकसित राज्य की परिकल्पना पूरी की जा सकती है। उनकी सरकार राज्य में शिक्षा का ऐसा दीप जलाएगी, जो कभी बूझेगा नहीं। पूर्व की सरकारों ने राज्य में 5 हजार प्राइमरी विद्यालयों को बंद करने का काम किया था, परंतु वर्तमान सरकार राज्य में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य कर रही है।

**सबको मिले रोटी, कपड़ा और मकान का अधिकार:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य में आदिवासी, मूलवासी, गरीब, मजदूर, पिछड़े, अल्पसंख्यक सहित सभी-वर्ग समुदाय के जरूरतमंद परिवारों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने का कार्य उनकी सरकार कर रही है। यहां की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्था को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। मूलभूत और बुनियादी व्यवस्था को मजबूत करने में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है, सभी को अपनी जिम्मेदारी संभालनी होगी। उनकी सरकार पीएम आवास योजना से वंचित 20 लाख पात्र परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ देगी। राज्य में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत प्रथम फेज में चिह्नित परिवारों को डीबीटी के माध्यम से प्रथम किस्त की राशि जा चुकी है।

### कम समय में मिसाल कायम करना लक्ष्य


मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार की सोच है कि बहुत कम समय में ही ऐसे कार्य किए जाएं, जो झारखंड के विकास में एक मिसाल कायम कर सके। राज्य सरकार जल्द ही जनजाति भाषाओं के जनजातीय शिक्षकों की भी नियुक्ति करेगी। राज्य सरकार की यह सोच है कि झारखंड के समृद्ध जनजातीय भाषाओं की पढ़ाई भी अब प्राथमिक विद्यालयों से ही शुरू की जाए। इस निमित्त पूरी तैयारी की जा रही है। झारखंड को सोने का चिड़िया वाले प्रदेश के रूप में देखा जाता रहा है, लेकिन यह विडंबना है कि बरसों से यहां के आदिवासी, मूलवासी, गरीब, शोषित, पिछड़े अल्पसंख्यक सहित जरूरतमंदों को व्यवस्था से दूर रखने का काम किया गया। उनकी सरकार अब इन वर्गों के लोगों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। अलग झारखंड राज्य बनने के बाद अपेक्षा अनुरूप यहां के लोगों का विकास नहीं हो सका है। वर्तमान समय में उनकी सरकार झारखंड के हर वर्ग और हर तबके के सर्वांगीण विकास को लेकर कृत संकल्पित है। कहा कि हेमन्त सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार ने कोरोना संक्रमण काल के समय देश भर में एक बेहतर हेल्थ मैनेजमेंट का उदाहरण पेश किया। राज्य सरकार ने कोरोना संक्रमण काल में जीवन और जीविका दोनों को बचाने का कार्य कर दिखाया।

### महाशिवरात्रि आज, बन रहा है अद्भुत संयोग

**रांची :** भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना का महाशिवरात्रि सबसे बड़ा पर्व है. मान्यता है कि इस तिथि पर ही भगवान शंकर मां पार्वती का विवाह हुआ था. महाशिवरात्रि के दिन भक्त महादेव के लिए उपवास रखते हैं. महाशिवरात्रि का त्योहार फाल्गुन महीने की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है. इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च यानी शुक्रवार को मनाई जाएगी.इस दिन सच्ची भक्ति और निष्ठा के साथ व्रत करने वालों से महादेव अवश्य प्रसन्न होते हैं और उनकी समस्त मनोकामना पूरी करते हैं. महाशिवरात्रि का यह पावन दिन हर तरह के शुभ और मांगलिक कार्य करने के लिए उत्तम माना जाता है. साथ ही इस बार की महाशिवरात्रि बेहद खास भी मानी जा रही है. हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार महाशिवरात्रि 8 मार्च को पड़ रही है. साथ ही इस दिन शुक्र प्रदोष व्रत भी पड़ रहा है. धार्मिक मान्यता के अनुसार, प्रदोष व्रत रखने से भगवान शिव सभी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं और अपने भक्तों से खुश होते हैं. वहीं इस दिन महाशिवरात्रि भी पड़ रही है. ऐसे में, जातकों को इस शुभ संयोग से विशेष लाभ मिलगा.महाशिवरात्रि की चतुर्दशी की शुरुआत 8 मार्च को रात 9 बजकर 57 मिनट पर होगा और तिथि का समापन शाम 6 बजकर 17 मिनट पर होगा. उदया तिथि के अनुसार, महाशिवरात्रि 8 मार्च को ही मनाई जाएगी. महाशिवरात्रि का पूजन निशिता काल में ही किया जाता है.

# जम्मू-कश्मीर को मिला 6400 करोड़ रुपये की सौगात

*** आर्टिकल 370 के नाम पर कुछ राजनीतिक परिवार हमेशा फायदा उठाते रहे और कांग्रेस गुमराह करती रही : पीएम मोदी**



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** गुरुवार को पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर राज्य को 6400 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान मोदी ने विपक्ष पर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा कि आर्टिकल 370 के नाम पर कुछ राजनीतिक परिवार हमेशा फायदा उठाते रहे और कांग्रेस गुमराह करती रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि धरती के स्वर्ग में आने का अहसास अद्वितीय है।

इस नए जम्मू-कश्मीर का इंतजार हमें दशकों से था। पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि धरती के स्वर्ग पर आने का ये अहसास, ये अनुभूति शब्दों से परे है। प्रकृति का ये अनुपम स्वरूप, ये हवा, ये वादियां, ये वातावरण और उसके साथ आप कश्मीरी भाई-बहनों के इतने प्यार के लिए मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था।

ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौंसला है।आपके इस प्यार से मैं जितना खुश हूं,उतना ही कृतज्ञ भी हूं। मोदी प्यार के इस कर्ज को चुकाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगा। जम्मू कश्मीर केवल एक क्षेत्र नहीं है। जम्मू कश्मीर भारत का मस्तक है और ऊंचा उठा मस्तक ही विकास और सम्मान का प्रतीक होता है।

इसलिए विकसित जम्मू कश्मीर, विकसित भारत की प्राथमिकता है। पीएम ने कहा कि जब इरादे नेक हों, संकल्प को सिद्ध करने का जज्बा हो तो फिर नतीजे भी मिलते हैं। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे यहां जम्मू कश्मीर में जी20 का शानदार आयोजन हुआ। आज यहां जम्मू कश्मीर में पर्यटन के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही 2 करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए हैं। जम्मू कश्मीर में पर्यटन के साथ ही कृषि और कृषि उत्पादों की ताकत भी है। जम्मू कश्मीर की केसर, सेब, यहां के मेवे, जम्मू कश्मीरी चेरी, जम्मू कश्मीर अपने आप में ही इतना बड़ा ब्रांड है।

# केंद्रीय कैबिनेट : डीए में 4 प्रतिशत बढ़ोतरी का ऐलान

*** एलपीजी सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी रहेगी जारी**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** महिला दिवस से पहले सरकार ने गरीब परिवारों को बड़ा तोहफा दिया है. केंद्रीय कैबिनेट ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएम उज्ज्वला योजना के उपभोक्ताओं को 300 रुपये की सब्सिडी जारी रखने की मंजूरी दी है.

अब पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 31 मार्च 2025 तक सब्सिडी दी जाएगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्ज्वला योजना की शुरुआत 1 मई 2016 को की थी. इस योजना के अंतर्गत गरीब महिलाओं को मुफ्त एलपीजी गैस कनेक्शन दिए जाते हैं. अब एक बार फिर मोदी सरकार ने उज्जवला योजना पर 300 रुपये सब्सिडी अगले एक साल के लिए बढ़ा दी है. महिलाओं को 31 मार्च 2025 तक उज्जवला योजना पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा. केंद्र सरकार के इस फैसले से 10 करोड़ परिवारों को फायदा होगा. साथ ही इस फैसले से सरकारी खजाने पर 12 हजार करोड़ रुपये का बोझ बढ़ेगा.

गौरतलब कि इससे पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपये की सब्सिडी देने की अंतिम डेट 31 मार्च 2024 थी, जिसे एक साल के लिए बढ़ाकर 31 मार्च 2025 कर दिया गया है.केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी की है. अब महंगाई भत्ता बढ़कर 50 फीसदी हो चुका है. केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स को महंगाई भत्ता डीसीऔर महंगाई राहत 50 फीसदी के हिसाब से दिया जाएगा. यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से लागू होगी, जिससे लाखों कर्मचारियों को लाभ होगा.



संक्षिप्त खबरें

## अवैध महुआ शराब भट्टी को किया गया ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा थाना क्षेत्र के पंचायत सरैया के साका चुआं जंगली क्षेत्र में अवैध महुआ शराब भट्टी के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान दो अलग-अलग जगहो पर रखे 200 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। साथ ही महुआ दारू 100 लीटर शराब बनाने मे उपयोग किए जाने वाले उपकरण ड्रम बर्तनइत्यादि को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। कारोबारी के बारे में पूछे जाने पर थाना प्रभारी विमल कुमार ने कहा कि घने जंगल का फायदा उठाकर कारोबारी भागने में सफल रहे जल्दी कारोबारी के ऊपर भी कार्रवाई की जाएगी। मौके एसआई नकुल शर्मा के अलावे आईआरबी के जवान भी थे।

# महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** महाशिवरात्रि में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर हैदरनगर थाना पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो व प्रशिक्षु डीएसपी राजीव रंजन कर रहे थे। मार्च थाना परिसर से प्रारंभ हुआ, जो भाई बिगहा रेलवे गुमटी चौक चौक बाजार मस्जिद रोड होते शिवालय तक पहुंचा। पुनः शिवालय से मुख्य बाजार होते थाना परिसर में संपन्न हो गया। एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो ने बताया कि महाशिवरात्रि व होली को लेकर पुलिस इंटरनेट मीडिया पर पैनी नजर रख रही है। किसी के द्वारा आपत्तिजनक व भड़काऊ पोस्ट करने पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शिव बारात के जुलूस में भड़काऊ या अश्लील गाने बजाने पर पाबंदी रहेगी। किसी ने ऐसा किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में एसआई अफजल अंसारी के अलावा कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।

# महा शिवरात्रि को लेकर प्रशासन मुस्तैद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार (पलामू) :** महा शिवरात्रि को लेकर शांति व्यवस्था कायम बनाये रखने के लिए नौडीहा बाजार पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी श्री गोपाल कृष्ण ने कर रहे थे। फ्लैग मार्च थाना परिसर से बाजार भ्रमण करते हुए सरईहीह दुर्गा मंदिर शाहपुर दुर्गा मड़प, यज्ञशाला होते हुए शिवालय पहुचा । पुन~ शिवालय परिसर से होते हुए पिकेट परिसर संपन्न हो गया। थाना प्रभारी श्री गोपाल कृष्ण ने बताया कि महा शिवरात्रि व होली के सोसल मीडिया पर पैनी नजर रखेगी। किसी के द्वारा आपटीजनक या भड़काऊ मैसेज पोस्ट करने पर करवाई करने की बात कहा। शिव बारात के जुलुस पर अश्लील गाने बजाने पर रोक लगा दी गई और उलंघन करने वाली पर कानूनी करवाई किया जायेगा। मौक़े पर पिकेट प्रभारी अजय कुमार राय, पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार, प्रमोद कुमार राय, सुनील कुमार त्रिपाठी, टुनटुन कुमार राय समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद थे



## पंचायत कुपा में किया गया ग्राम सभा का आयोजन



**खरौंधी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के आदेशानुसार ग्राम पंचायत जन योजना के तहत वार्षिक योजना तैयार करने हेतु बुधवार को चौरिया चौपाल में ग्राम सभा का आयोजन मुखिया प्रमोद राम के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।मुखिया प्रमोद राम ने बताया कि यह सभी योजनाएं जनकल्याणकारी एवं लाभकारी है लाभकारी योजनाओं में जल मीनार निर्माण, पीसीसी पथ निर्माण, मिट्टी मोरम पथ निर्माण, तालाब निर्माण आदि योजनाए शामिल है। मौके पर अंतू पटेल, मनोज कुमार चौधरी, चौधरी राजकुमार निराला, जगन्नाथ चौधरी, नारद चौधरी, रविंद्र चौधरी, यदुनंदन चौधरी, विद्याधर चौधरी, उपेंद्र यादव, इंद्रदेव साह, सूर्य देव चौधरी उप मुखिया, लक्ष्मण चौधरी, धनवंत प्रसाद गुप्ता सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## विपुल राज को जल संसाधन विभाग में मिली पोस्टिंग क्षेत्र में खुशी का माहौल




**विशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने गुरुवार को विभिन्न परीक्षाओं को सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा। झारखंड डिप्लोमा स्तर पर जूनियर इंजीनियर नियुक्ति परीक्षा में विशुनपुरा के विपुल राज़ ने भी सफ़लता प्राप्त की है। वैसे इनका पैतृक गांव दवनकारा है। लेकिन इन्होंने प्राथमिक शिक्षा विशुनपुरा के बाल शिक्षा निकेतन स्कूल से प्राप्त की है। इन्होंने अपनी सफ़लता का श्रेय पिता श्री परशुराम यादव के मेहनत, माता जी का आशीर्वाद अपने गुरुजनों के कृपा सहित मित्रों के सहयोग को दिया। विपुल राज़ की सफलता से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इन्होंने 2018 में मैट्रिक परीक्षा पास की थी फिर रांची स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज से 3 वर्षीय डिप्लोमा का कोर्स सिविल डिपार्टमेंट से किया। उसके बाद कड़ी मेहनत से जेएससीसी द्वारा आयोजित परीक्षा पास करके मुकाम हासिल किया। इन्हें जल संसाधन विभाग में पोस्टिंग मिली है।

## रामवि दहेड़ीया विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व सचिव ने थाना में आवेदन देकर करवाई की मांग की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** राजकीय मध्य विद्यालय दहेड़ीया विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धर्मण यादव व सचिव प्रदीप कुमार ने थाना में आवेदन देकर सत्येन्द्र यादव, अखिलेश यादव पिता रामदेव यादव,अनारकली देवी पति रामदेव यादव पर विद्यालय परिसर में आकर के छात्र छात्राओं व शिक्षकों के साथ गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुये जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है, ताकि छात्र छात्रायें भय मुक्त वातावरण में पठन पाठन का कार्य कर सकें। एसएमसी के अध्यक्ष व सचिव ने थाना में दिये आवेदन में कहा है कि विद्यालय के बच्चे जब पानी पीने विद्यालय के नल पर गये तो उक्त लोग बच्चों से उलझ गये। शिक्षक जब उन्हें समझाने लगे तो उनके द्वारा शिक्षकों व छात्र छात्राओं को भी गाली गलौज किया। शिक्षक राधा प्रसाद यादव का



घर उनलोगों के घर के निकट विद्यालय के नजदीक ही है। उनलोगों ने उन्हें खींचकर विद्यालय परिसर से बाहर ले गये व उनके साथ मारपीट किया.उक्त शिक्षक के साथ मारपीट करते देख जब उनकी पत्नी बचाव के लिये वहां पहुंची तो उनके साथ भी गाली गलौज व अभद्र व्यवहार किया गया। इस माहौल को देख बच्चे भयभीत होकर विद्यालय से भागने लगे जिससे पठन पाठन बाधित हुआ। इससे पूर्व भी उक्त लोगों द्वारा कई बार इस तरह किया गया है.उनके इन कार्यो से विद्यालय परिवार आहत व भयभीत है। दिये गये आवेदन में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है।

## प्राण प्रतिष्ठा व भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

### कजरी और सिंगरा में मेला व भक्तिजागरण आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पड़वा (पलामू) :** पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के कजरी कोयल व अमानत नदी के संगम तट पर स्थित शिव शक्ति धाम का जिर्णोद्धार व बजरंग बली के मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह भंडारा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी. मालूम हो कि इस मंदिर की स्थापना 1911 में की गयी थी. ग्रामीणों के द्वारा मंदिर का जिर्णोद्धार कराया गया एवं मंदिर परिसर में ही बजरंग बली की मूर्ति का भी स्थापना किया गया. गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा व पूजा अर्चना के बाद भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें कजरी व आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा पाठ व दर्शन किया व भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया. मालूम हो आज इसी स्थल पर मेला का आयोजन किया जाएगा. जिसमे बिहार के सासाराम से आए भोजपुरी




गायिका निशा गुप्ता एवं भोला गुप्ता दौरा गीत संगीत से श्रोताओं को सराबोर करेंगे. सिंगरा कला अमानत तट स्थित शिव मंदिर प्रांगण में मेला का आयोजन किया गया है. इस मेले में भी भोजपुरी कलाकारों द्वारा भक्ति संगीत होगा। मौके पर अशोक सिंह, धर्मवीर सिंह, रंजय सिंह, अनुज सिंह, सुमेर सिंह, बृजबिहारी सिंह, मुना सिंह, अरुण सिंह, आनंदी सिंह, संतोष सिंह, विशेश्वर नाथ सिंह, अरविंद सिंह, नागेश्वर सिंह, विकास सिंह, उमेश सिंह, ब्रजेश सिंह, मंटू ठाकुर, वेदव्यास सिंह, भोला सिंह, रमेश सिंह, बिमलेश सिंह दिलीप सिंह, मुकेश सिंह, शालिग्राम पाठक, कृष्णा पाठक, गिरिजा प्रसाद सिंह, बबलू सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रमुख ने किया पीसीसी सड़क का उद्घाटन



**चैनपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत झरिवा पंचायत के टोला हरभोंगा मे शोभा देवी का घर से विजय भुईया का घर तक पीसीसी पथ निर्माण दो लाख उनचास हजार पांच सौ चालीस रुपया की लागत से किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी ने नारियल फोड़ कर व फीता काटकर किया। मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे क्षेत्र में जहां भी सड़क नाली का समस्या होगा वहां पर शीघ्र सड़क नाली का निर्माण कराया जाएगा जिससे कि क्षेत्र के ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं उठाना पड़े मौके पर पीसीसी पथ निर्माण का अध्यक्ष शोभा देवी, सचिव राजन कुमार, वार्ड सदस्य मेलो देवी, कांति देवी, शर्मिला देवी, महेंद्र कुमार, आशा देवी, प्रमोद कुमार, शोभा देवी सहित कई लोग शामिल थे।

# संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज कर्मियों ने निकाला मतदाता जागरुकता अभियान रैली

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय कर्मियों द्वारा बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत स्वयंसेवक के साथ मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली। रैली की शुरुआत कॉलेज परिसर से किया गया। रैली बी मोड़, द्यडंडीला सहित कई जगहों पर गई। इस दौरान युवा मतदाताओं सहित सभी को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्या संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि आम लोगों के मतदान से ही देश में मजबूत सरकार बनती है। जो देश को प्रगति की राह पर अग्रसर करती है.मतदाताओं का वोट किसी पार्टी के लिए नहीं देश के लिए होता है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयं सेवकों,कालेज कर्मियों और छात्र छात्राओं को मतदान करने हेतु शपथ भी दिलवाया। कार्यक्रम का




संचालन कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो.राकेश शुक्ला ने किया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे, कृष्ण कुमार चौबे, टीपी तिवारी, अजय ओझा, डॉ श्याम मिश्रा, रामजी चौबे, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, शबनम निशा, प्रधान सहायक अमित कुमार, सुनील कुमार, सुधीर यादव, राधिका नमन, मधु ओझा, दिलीप कुमार चौबे, नरेंद्र मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि का त्यौहार सेन्हा में अदभुत रूप से मनाया जायेगा : रंजीत कुमार साहु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित शिव मंदिर मे भक्तो द्वारा साफ सफाई व रंग रोगन किया जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि महाशिवरात्रि की तैयारी जोर शोर की जा रही है। शिवरात्रि का त्योहार माता पार्वती तथा भगवान महादेव श्री भोलेनाथ का शुभ विवाह का त्यौहार है। जिसे 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सरना सनातन और शिव भक्तों द्वारा भगवान शंकर का बारात व झांकी निकाला जाएगा जो विशेष आकर्षक होगा। साथ ही कहा की भगवान महादेव श्री भोलेनाथ के विवाहोपरांत रात में माता पार्वती और भगवान शंकर जी का पूजन कर फलाहार किया जाता है। और अगले दिन सवेरे जौ, तिल, खीर और बेल पत्र का हवन कर व्रत की समाप्ति किया जाता है। महाशिवरात्रि का पेपर को लेकर प्रखण्ड के सभी लोग के मन में उमंग व उत्साह देखा जा रहा है। साथ ही भक्त जन उत्सक के साथ महाशिवरात्रि की तैयारी मे लगे हुए हैं।

## एक नम्बर प्लेटफार्म पर यात्री ट्रेनों का परिचालन रहा बाधित, परेशान रहे यात्री



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड डेहरी ऑन सोन रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन के समीप प्लेटफार्म नंबर एक पर पिछले दस दिनों से मालगाड़ी के कोयले से लदी दो बोगी खड़ी रहने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों का कहना है कि बुजुर्ग यात्रियों को एक नंबर प्लेटफार्म से दूसरे नंबर प्लेटफार्म पर जाने में ज्यादा परेशानी होती है। सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव भी दो नंबर प्लेटफार्म पर ही किया जाता हैं। जिससे रेलवे लाइन पार होने में दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। वहीं कोरोना काल से ही लोकल ट्रेन में चढ़ने पर भाड़ा मेल एक्सप्रेस का लिया जा रहा हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर जपला रेलवे के स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह ने बताया कि उक्त मालगाड़ी के बोगी की चक्का में खराबी आ जाने के कारण उस बोगी को काटकर रोका गया है।इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को भी दे दिया गया है। एक दो दिन में उसे ठीक कराकर उक्त लाइन से हटाया जाएगा और एक नम्बर प्लेटफार्म पर यात्री ट्रेनो का ठहराव शुरू हो जाएगा।

# महाशिवरात्री के अवसर पर बिश्रामपुर में निकलेगा भोले बाबा का शाही बारात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू) :** महाशिवरात्री पर्व के अवसर पर बिश्रामपुर में भोले बाबा का शाही बारात निकलेगा.इसके अलावा भी कई मांगलिक कार्यक्रम, धार्मिक अनुष्ठान व विशेष पूजा अर्चना आयोजित किया गया है.इसकी जानकारी आरसी आईटी के सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रदेश कार्यसमीति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, विधायक के नगर प्रतिनिधि राजन पांडेय, निवर्तमान वार्ड पार्षद सुनील चौधरी ने संयुक्त रूप से दी। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बताया कि भोले बाबा की शाही बारात आगामी 09 मार्च को पंचमुखी मंदिर से निकलेगा और नगर भ्रमण करते हुवे छिपादोहर स्थित सर्व मनोकामना सिद्धि मंदिर जायेगा.जहां बारात का स्वागत भक्तों द्वारा किया जायेगा.इसके अलावा 09 मार्च को ही बृंदाबन के कलाकारों द्वारा भव्य झांकी भी निकाला जायेगा.और महाप्रसाद का वितरण होगा.उसी दिन शाम में शिव चर्चा का कार्यक्रम भी होगा.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

# चुनाव में भड़काऊ संदेश व चुनाव में बाधा पहुंचाने वाले की अब खैर नहीं : एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष पूर्ण और बिना व्यवधान के करने के लिए पलामू पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। निगरानी और शिकायत के लिए पलामू पुलिस ने 7070452955 मोबाइल नंबर जारी किया है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। जारी आदेश में बताया गया है कि आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पलामू जिला में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने के लिए एसएमएस का दुरुपयोग और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी एवं शिकायत के लिए 7070452955 मोबाइल नंबर निर्धारित किया गया है। पलामू जिला नियंत्रण कक्ष में यह नंबर स्थापित किया गया है। आगामी लोकसभा चुनाव में बाधा, व्यवधान उत्पन्न करने एवं भड़काने वाले ऐसे संदेश



जो स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव के निष्पादन में बाधक बनते हैं। इसके रोकथाम के लिए निर्धारित किए गए 7070452955 मोबाइल नंबर पर कॉल या मैसेज के माध्यम से सूचना दे सके। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान की गोपनीय रखी जाएगी।

## पत्रकार के भाई का निधन

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद के पत्रकार विनोद सागर के 45 वर्षीय मँझले भाई मोहन प्रजापति का गुरुवार सुबह निधन हो गया। वे। मिट्टी के बर्तन उतारने के क्रम में पीछे की ओर गिर गये थे, जिससे उन्हें माथे के पिछले सिरे में गहरी चोटें आई और कुछ समय के बाद उनका शरीर ठंडा पड़ने लगा था। उन्हें तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया, उसके बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफ़र कर दिया गया। वहाँ स्थिति में सुधार नहीं होने पर उन्हें गुरुवार सुबह रिम्स रेफ़र किया गया था। वहां ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनका निधन हो गया। वह अपने पीछे पिता श्री अयोध्या प्रजापति, माता श्रीमती जीरा देवी समेत धर्मपत्नी वीणा देवी, चार भाई, तीन बहन एवं चार पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गये। विभिन्न राजनीति गैर राजनीतिक संगठन के लोगों साहित्य से जुड़े लेखकों, पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है व आत्मा की शांति की कामना की है।

## पुलिस ने चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

**नौडीहा बाजार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को नौडीहा बाजार थाना प्रभारी गोपाल कृष्ण के नेतृत्व मे आज थान चेक पोस्ट के पास दो -चार पहिया वाहन के संघन जांच पड़ताल की गई। कई वाहनों की जरुरतमंद कागजात सहित चालकों की लाईसेंस, हेलमेंट की जांच करते सख्त निर्देश दिया बिना हेलमेंट, लाईसेंस चलने वाले चालक और मालिक पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि वाहनों की जांच लगातार चलेगी। उन्होंने बताया कि बिना कागजात और हेलमेंट व सेफ्टी बेल्ट पहनकर चलाने वाले चालकों कानूनी करवाई के लिए उच्च अधिकारी को अनुसंशा कर दी जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### श्याम स्टील ने इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन किया

रांची । देश में स्टील इंडस्ट्री के एक प्रतिष्ठित नाम, श्याम स्टील ने आज पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, ममता बनर्जी की वर्चुअल तरीके से मौजूदगी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान जेएसके-ढ्ढ, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में अपने चौथे इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट के उद्घाटन के साथ उत्कृष्टता की अपनी विरासत को जारी रखा है।1,500 करोड़ के पूंजी निवेश के साथ रघुनाथपुर स्टील प्लांट की स्थापना की गई थी, जो इस बात की मिसाल है कि श्याम स्टील इनोवेशन के अलावा लोगों को नौकरी देने और सतत विकास के अपने संकल्प पर कायम है। अत्याधुनिक सुविधाओं वाला यह संयंत्र डीआरआई प्लांट, पावर प्लांट, स्टील मेल्टिंग शॉप और एक रोलिंग मिल जैसी अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित है, जो सबसे बेहतर गुणवत्ता वाले उद्घाटन के बाद रघुनाथपुर स्टील प्लांट इनमें सबसे ऊपर है। इस मौके पर श्याम स्टील इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर, पुरूषोत्तम बेरीवाला ने कहा, फ्हम हमेशा से ही विकास और इनोवेशन के लिए प्रयासरत रहे हैं, और रघुनाथपुर स्टील प्लांट का उद्घाटन इस दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है।

### वैश्य मोर्चा कोर कमेटी की बैठक 10 को

रांची: झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमेटी की बैठक 10 मार्च को रांची में होगी। मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने गुरुवार को कहा कि झारखंड प्रदेश तेली समाज और रौनियार वैश्य समाज की ओर से लोकसभा चुनाव में अपने-अपने नेताओं के लिए सीटें मांगना जायज है। लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और सबका साथ, सबका विकास की बात केवल हवा में नहीं होनी चाहिए, बल्कि आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी भी मिलनी चाहिए। तेली और रौनियार समाज को उम्मीदवार बनाकर वोट मांगने का अधिकार प्राप्त करना चाहिए।

# मतदान केंद्र तक मतदाताओं को नहीं हो कोई परेशानी : के रवि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर राज्य के मतदान केन्द्रों पर आवश्यक बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित होने से बेहतर परिणाम सामने आएंगे। मतदाता मतदान केंद्र पर ज्यादा से ज्यादा पहुंचेंगे। इससे मतदान प्रतिशत बेहतर हो सकेगा। इसके लिए सभी को सकारात्मक सोच के साथ आपसी समन्वय से काम करने की आवश्यकता है। निर्वाचन कार्य में सभी ईमानदारी पूर्वक कर्तव्य निर्वहन करें। सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने-अपने जिले में चल रहे निर्वाचन से संबंधित कार्यों को ससमय पूर्ण करें। निर्वाचन के कार्य में किसी प्रकार की कोताही अक्षम्य है। यह बातें झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहीं। वे लोकसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत अबतक की गई तैयारियों को लेकर रांची के एक होटल में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**पुलिस पदाधिकारी विधि व्यवस्था रखें सख्त:** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्य के दौरान विधि -व्यवस्था सख्त रखने का निदेश सभी पुलिस पदाधिकारियों को दिया। उन्होंने शराब एवं नगदी अवैध आवागमन पर कड़ी निगरानी रखते हुए सख्ती से रोक लगाने का निदेश दिया। साथ ही सोशल मीडिया पर फेक न्यूज एवं असामाजिक तत्वों द्वारा किये जा रहे भ्रामक पोस्ट पर निगरानी रखते हुए प्रावधान अनुरूप सख्त कार्रवाई करने का निदेश दिया। साथ ऐसे वैसे थाना क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों की सूची बनाकर कार्रवाई करें जो चुनाव के दौरान मतदाताओं को डराने-धमकाने का काम करते हैं। मौके पर प्रमंडलीय आयुक्त, आईजी, डीआईजी, उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी, वरीय पुलिस



अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक के साथ-साथ मुख्य निर्वाचन कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, उप निदेशक जनसंपर्क आनन्द, अवर सचिव देवदास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। आगे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य के सभी मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केंद्र (मॉडल बूथ) के रूप में तैयार किया जाना है। उन्होंने सभी बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं, महिला एवं पर्दानशी मतदाताओं, वरिष्ठ मतदाताओं की सहायता के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य गर्मी के मौसम में हो रहा है, ऐसे में सभी मतदान केन्द्रों पर शेड एवं पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाएं, ताकि मतदाताओं को कोई असुविधा नहीं हो। शहरी मतदाताओं (अर्बन वोटर) के लिए मतदान केन्द्रों के समीप ही पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चत करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ द्वारा उनके मतदान केन्द्रों पर की गई बेहतर व्यवस्था के लिए सम्मानित कर प्रेरित करने का निदेश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान दिवस के दिन सभी मतदाता लोकतंत्र के महापर्व के रूप में मनायें।

**नक्सल क्षेत्र एवं प्रतिबंधित सामग्री की आवागमन पर रोक के लिए तैयार हो रही विशेष कार्ययोजना : ए वी होमकर:** नोडल पदाधिकारी राज्य पुलिस ए वी होमकर ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी जिलों में पुलिस पदाधिकारियों द्वारा की गई तैयारियों एवं कार्रवाई की भी समीक्षा की।

# हत्या मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने गुरुवार को आपसी विवाद में एक युवक का अपहरण कर हत्या मामले के दोषी बबलू उरांव और खदी उरांव को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इनपर 45-45 हजार का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि नहीं देने पर दोनों को एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। दरअसल, यह मामला साल 24 जनवरी 2018 का है। इस दिन गोवर्धन गोप नाम का युवक सरस्वती पूजा का मूर्ति विसर्जन के लिए गया था, लेकिन उसके बाद वह घर लौट कर नहीं आया। इसे लेकर गोवर्धन के पिता सोहर गोप ने अपने बेटे का अपहरण का मामला लापुंग थाना में दर्ज कराया था। बाद में 30 जनवरी 2018 को गोवर्धन गोप का शव डूमर झरिया तिलैया जंगल में पाया गया था। गोवर्धन गोप की हत्या लाठी, डंडा और पत्थर से मारकर की गई थी। शव मिलने के बाद अनुसंधानकर्ता ने अदालत में आईपीसी की धारा 364, 120बी, 201 और 302 के तहत चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें इस हत्याकांड में बबलू उरांव और खदी उरांव के शामिल होने की बात आई थी। मामले में अभियोजन की ओर से सात गवाह पेश किए गए थे।

## विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम में जुटे रांची के प्रबुद्ध जन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के सांसद संजय सेठ के नेतृत्व में विकसित भारत एंबेसडर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह मौजूद रहे। रांची के दो दर्जन से अधिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने वोट के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यहां जितने भी विभिन्न संस्थाओं के लोग बैठे हैं, उद्यमी बैठे हैं। आप सब यह भी सुनिश्चित करें कि आपके यहां जो कर्मचारी काम कर रहे हो, उन्हें मतदान के लिए उनके गांव अवश्य भेजें। लोकतंत्र के इस महापर्व में सबसे बड़ा कार्य वही है। संगठन महामंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और कार्यों पर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने सांसद संजय सेठ के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि अच्छी बात है की संसद क्षेत्र के विकास के लिए सक्रिय रहते हैं और मोदी जी का विशेष स्नेह रांची और झारखंड को मिलता रहा है। इसलिए यह हम सब की जिम्मेदारी है कि लोकतंत्र के इस महापर्व में हम सब देश के विकास के लिए कार्य करें। बलराम सिंह, रांची लोकसभा प्रभारी संजीव विजयवर्गीय, जितेंद्र वर्मा, चंद्रकांत रायपत, श्री छवि विरमानी, जवाहर तनेजा, मुकुल तनेजा, ललित पोद्दार, पुनीत पोद्दार, ललित केडिया, राजीव सहाय, हरविंदर सिंह बेदी, शिव शंकर साबू , देवाशीष, सुधीर, अंचल, किशोर, सज्जन, सज्जन, परेश, मनोज, मुकेश, अमरेश मौजूद रहे।

# पुलिस मुख्यालय को कोर्ट की सुरक्षा को लेकर रेंज के डीआईजी देंगे रिपोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस मुख्यालय को कोर्ट की सुरक्षा को लेकर रेंज के डीआईजी रिपोर्ट देंगे। कोर्ट सुरक्षा को लेकर यह निर्देश पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि सभी कोर्ट परिसर और आवासीय परिसर में सीसीटीवी लगाने का काम किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को यह निर्देश दिया है कि जहां-जहां सीसीटीवी लगाने का काम पूरा नहीं हो पाया है, उसे जल्द पूरा किया जाए।

पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वह जैप आईटी से संपर्क




स्थापित कर हर हाल में 31 मार्च तक सीसीटीवी लगाने का कार्य पूरा कर लें।

साथ ही रेंज डीआईजी को निर्देश दिया गया है कि वह अगले 10 दिनों के अंदर सभी न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण करें। इस दौरान अगर कोई कमी पाई जाती है, तो उसकी रिपोर्ट बनाकर पुलिस मुख्यालय को सौंपे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया ने मुद्रा ऋण शिविर का आयोजन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर पर गुमला के बसया प्रखंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन जे.एस.एल.पी.एस और बैंक ऑफ इंडिया भागीडेरा शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बसिया की एसडीओ जयवंती देवगम, बीडीओ सुप्रिया भगत, सीओ नरेश कुमार मुंडा और डीपीएम गुमला शैलेंद्र जरीका, उपस्थित थे।बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास ने एसडीओ जयवंती देवगम को स्वंय सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित डोकरा आर्ट मोमेंटो दे कर सम्मानित किया और डोकरा आर्ट की महत्ता बताते हुए कहा कि मौजूदा समय में बाजारों में डोकरा आर्ट की काफी




मांग है और यह उच्च दरो पर खरीद - बिक्री की जाती है।नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने की दिशा में बैंक ऑफ इंडिया अपने राँची अंचल की 111 शाखाओं के माध्यम से ऋण उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि बीपीएम, बैंक सखी और एस.एच.जी की महिलाओं को पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया और उनका हौसला बढ़ाया गया।

# हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर प्रताड़ित कर भेजा गया जेल : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की ओर से रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष 21 वें दिन गुरुवार को खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मौके पर जुबैर अहमद ने कहा कि आज हम लोग उपवास कार्यक्रम में




यहां बैठे हुए हैं। पंचायत में भी न्याय यात्रा हमारे कार्यकर्ता निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें लोगों का भी समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के इशारे पर प्रताड़ित कर जेल भेजा गया है। इसका हम लोग विरोध करते हैं और विशेष कर आदिवासी मूलवासी एवं सभी झारखंडी इसका विरोध करते हैं।

# एक दिवसीय स्नेह मिलन का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** महिला हाउसिंग ट्रस्ट (एम एच टी), राँची और खूंटी शहर के विभिन्न क्षेत्रों के बिल्डर/कांट्रेक्टर, महिला मिस्त्री और एम एच टी के सदस्यों के साथ में एक दिवसीय स्नेह मिलन का आयोजन होटल रासो, खुंटी रोड, बिरसा चौक, राँची में किया गया ढ्ढ जिसका मुख्य उद्देश्य निर्माण उद्योग में रानी मिस्त्री का योगदान और आगे का रास्ता के विषय पर परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रम, रोजगार एवं




प्रशिक्षण विभाग, झारखंड सरकार के माननीय उप श्रमायुक्त प्रदीप रॉबर्ट लाकड़ा थे। जिन्होंने महिला निर्माण श्रमिकों के कौशल विकास की आवश्यकता के बारे में बात की, जिससे उन्हें अधिक मजदूरी अर्जित करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने निर्माण श्रमिकों के लिए विभिन्न योजनाओं और अधिकारों के बारे में भी बात की, जिनका वे श्रमिक कार्ड बनवाकर लाभ उठा सकते है। बिल्डरों/कांट्रेक्टरों ने कहा की एम एच टी के द्वारा रानीमिस्त्री का प्रशिक्षण काफी सराहनीय है एवं महिला मिस्त्री हमलोग के कार्य स्थल में सुचारू रूप से रानीमिस्त्री का कार्य कर रही है ढ्ढ एक पुरुष मिस्त्री की अपेक्षा इनका भी कार्य सराहनीय है ।

# पुलिस मुख्यालय में एक इंस्पेक्टर सहित 23 एसआई होंगे प्रतिनियुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य के विभिन्न जिलों में तैनात एक इंस्पेक्टर सहित 23 एसआई को पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है। गुरुवार को पुलिस मुख्यालय की ओर से मिली जानकारी के अनुसार डीजीपी के आदेश पर डीआईजी कार्मिक ने इसको लेकर आदेश जारी कर दिया है। पुलिस मुख्यालय में प्रतिनियुक्ति के लिए इच्छुक इंस्पेक्टर और एसआई का स्वेच्छा मनोनयन की मांग की गई थी। इसके बाद लिस्ट विभिन्न जिलों से पुलिस मुख्यालय भेजा गई थी। पुलिस मुख्यालय में साक्षात्कार में 23 का चयन किया गया। इनमें देवघर में पदस्थापित इंस्पेक्टर डोमन रजक, गिरीडीह में तैनात एसआई मुकेश कुमार, रांची में तैनात एसआई सौरभ कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार टुडू, दीनबंधू कुमार, कृष्ण रजवार, कुणाल कुमार, गुमला में तैनात एसआई संगीता तिग्गा, सत्यप्रकाश रवि, खूंटी में तैनात एसआई सुरेन्द्र कुमार शर्मा, पिन्टू कुमार, गढ़वा में तैनात एसआई निलेश कुमार, उदित प्रकाश, जमशेदपुर में तैनात एसआई दिवाकर तिवारी, दिपिका तिग्गा, हजारीबाग में तैनात एसआई प्रियंका तिर्की, होलिका तिग्गा, चाईबासा में तैनात एसआई दीपक कुमार द्विवेदी, अनिल भुइयां, हिमांशु कुमार, लक्ष्मण कुमार राम, सराइकेला में तैनात एसआई खुशबू रानी और पलामू में तैनात एसआई सुभाष चंद्र लकड़ा के नाम शामिल हैं। जिले के एसएसपी और एसपी को निर्देश दिया गया है कि मुख्यालय में प्रतिनियुक्त किये गये इंस्पेक्टर और एसआई को यथाशीघ्र योगदान कराना सुनिश्चित करें।

## डिजिटल पेमेंट के प्रति जागरूक किया

**रांची ।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के वाणिज्य विभाग, आईक्यूएसी और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वधान में डिजिटल पेमेंट जागरूकता पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर आरबीआई रांची ब्रांच के रीजनल डायरेक्टर प्रेम रंजन प्रसाद सिंह,आरबीआई रांची ब्रांच के एजीएम अल्फ्रेड गिरीश तिर्की, मैनेजर सोहम कुमार सोम व रंजन पंडा उपस्थित थे। उपस्थित वक्ताओं ने डिजिटल पेमेंट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों को बहुत ही बारीकी से छात्रों के साथ साझा किया तथा उनको जागरूक भी किया।

# राष्ट्रपति से मिलेगा आईएनडीआईए गठबंधन का प्रतिनिधिमंडल, मांगा समय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आईएनडीआईए गठबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने राष्टपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने के लिए समय मांगा है। इस संबंध में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने राष्टपति के सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में लिखा गया है कि झारखंड के मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ नेता राष्टपति से मिलना चाहते हैं। अतः प्रतिनिधिमंडल को मिलने के लिए समय निर्धारित किया जाये। इसकी




जानकारी खुद विनोद कुमार पांडेय ने गुरुवार को दी है। उन्होंने बताया कि झारखंडी अस्मिता से जुड़े प्रमुख मांग और बिल जैसे सरना धर्म कोड, ओबीसी आरक्षण और 1932 खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति आधारित बिल झारखंड विधानसभा से पास कर राज्यपाल के पास भेजा गया था। इसमें कुछ विधेयक को राजभवन ने वापस कर दिया।

इसके बाद फिर से विधानसभा से इन विधेयकों को पास करके राज्यपाल के पास भेजा गया है। इन तमाम मांगों को लेकर इंडिया गठबंधन का एक प्रतिनिधि मंडल राष्टपति से मिलना चाहता है।

# महिलाओं को सम्मान, अधिकार और अवसर मिले, यह हमारी प्राथमिकताः सुदेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आजसू सुप्रीमो और सिल्ली के विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और अवसर मिले यह हमारी प्राथमिकता है। नारी शक्ति के सम्मान के बिना सभ्य और प्रगतिशील समाज की कल्पना भी अधूरी है। भारतीय संस्कृति में भी महिला सम्मान सर्वोपरि है।सुदेश कुमार महतो गुरुवार को नवनिर्मित कला एवं सांस्कृतिक भवन सिल्ली में आयोजित सिल्ली विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि सिल्ली विधानसभा क्षेत्र को विकसित, शिक्षित और सशक्त बनाने में यहां की महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है। उनके योगदान और साथ से हम राज्य के नवनिर्माण की भी पटकथा लिखेंगे। महतो ने कहा कि राज्य की सरकार की गलत नीतियों और दिशाहीन नेतृत्व के चलते महिलाओं के खिलाफ अपराध और हिंसा में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पीएचडी तक की निःशुल्क शिक्षा का वादा कर के



सत्ता में आई झामुमो गठबंधन की सरकार अपने वादे को भूल गई है। साथ ही हर अनुमंडल मुख्यालय में महिला महाविद्यालय की स्थापना की बात शायद इन्हें याद भी नहीं। शिक्षकों की कमी से शिक्षा का स्तर गिरा है जिसका सबसे अधिक नुकसान गरीबों और वंचितों को हुआ है।

**कला सांस्कृतिक भवन का हुआ उद्घाटन:** इस मौके पर सुदेश महतो ने सिल्ली में नवनिर्मित कला एवं सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि कला संस्कृति समाज में सहयोग, सहभागिता, समानता, समृद्धि और समरसता को बढ़ावा देती है। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है और इसे वैश्विक पटल पर स्थापित करना है। अधिक से अधिक युवाओं को इस क्षेत्र से जोड़ना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी उद्देश्य को धरातल पर उतारते हुए आज सिल्ली में बने विश्वस्तरीय कला एवं सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन किया।

# आरपीएफ हटिया ने ऑपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब किया बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची मंडल में आरपीएफ मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर रेल्वे स्टेशनों तथा ट्रेनों मे तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान में 06.03.24 को ऑपरेशन सतर्क के अन्तर्गत आरपीएफ पोस्ट हटिया तथा आरपीएफ की फ्लाइंग टीम द्वारा हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 3 पर एक शख्स को भारी भरकम बैग के साथ संदेहास्पद अवस्था में बैठे देखा, उसे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नीतीश कुमार उम्र 24 वर्ष पिता तनिक यादव पता नवादा बिहार बताया तथा उसके बैग की जांच करने पर कुल 24 बियर की बोतलें अनुमानित बाजार क़ीमत रुपये 2800( दो हजार आठ सौ) रुपये आंकी गई जिसके बारे मे उसने स्वीकार किया कि ट्रेन से ले जाकर उन बोतलों को बिहार मे ऊँचे मूल्यों पर बेचना था। बाद हटिया के



सहायक उपनिरीक्षक शेखर कुमार द्वारा बरामद सामानों को ज़ब्त किया गया तथा आरोपी सहित माल को आबकारी विभाग रांची को अगली कार्यकारी हेतु 07.03.24 को सौपा जाएगा।

## होल्डिंग टैक्स बकायेदारों का फ्रिज होगा बैंक अकाउण्ट



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत खूँटी, राज्य सरकार के अनुमोदन पर आधारित राजस्व संग्रह के तय मानदण्डो एवं लक्ष्य के संग्रहण के लिए प्रतिबद्ध है। लक्ष्य का लगभग 83% होल्डिंग टैक्स में प्राप्त कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष अब समाप्ती पर है, लेकिन कई धृतिधारकों द्वारा अपना होल्डिंग टैक्स जमा करने के प्रति साकारात्मक रवैया नहीं अपनाया जा रहा है। कुल 12 बड़े बकायेदारों की सूची आम सूचना के माध्यम से दिनांक 14.02.2024 को प्रदान की गई है।

इन बकायेदारों का कुल 370000.00 (तीन लाख सत्तर हजार) रूपये रकम पिछले कई सालो से बकाया है। जो भी बकायेदार अपना होल्डिंग कर 31. 03.2024 के पहले नगर पंचायत में जमा नहीं करते हैं उनका बैंक खाता फ्रिज करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर पंचायत पदाधिकारी, कर्मी एवं जनसुविधा केन्द्र सामूहिक कार्य प्रणाली के अन्तर्गत बकाये होल्डिंग धारक को राजस्व जमा कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

आज सुदीप कुमार राम के द्वारा कुल 60000.00 (साठ हजार मात्र) रूपये का चेक के माध्यम से भुगतान किया गया। इस दौरान नगर प्रबंधक विपिन बिमल टोप्पो, लिपिक, सुजल कुमार, स्पैरो प्र0लि0 से किशोर चन्द्र एवं तरूण तिडू उपस्थित थे। प्रशासक, नगर पंचायत, सृष्टि दिप्रिया मिंज ने अपील की है, कि जितने भी होल्डिंगधारक ने अपना होल्डिंग कर नहीं चुकाया है वे जल्द से जल्द अपना होल्डिंग जमा कर दें।

कार्यलय के द्वारा बैंक खाता बकाया होल्डिंग धारक फिज करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। नगर पंचायत, खूँटी को राज्य सरकार एवं 15वें वित्त आयोग के मानदण्ड एवं लक्ष्य को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता है। अतः सभी नागरिकों से आग्रह है कि वे अपना होल्डिंग कर अदा कर नगर पंचायत खूँटी के सर्वागीण विकास में योगदान दें।

## गोमा भगत बगीचा में कांग्रेस पार्टी की प्रखंड स्तरीय बैठक



**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोमा भगत बगीचा कर्रा में गुरूवार को कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की प्रखंड स्तरीय बैठक प्रखंड अध्यक्ष संजीव परधिया की अध्यक्षता में किया गया. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष कालीचरण मुंडा उपस्थित रहे. बैठक में मुख्य रूप से बुथ व पंचायत कमेटी के सदस्यों के बीच जन सम्पर्क अभियान जलाने पर विशेष रूप से जोर दिया गया.

बैठक पर मुख्य अतिथि कालीचरण मुंडा ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के लिए है और कार्यकर्ता के बल पर ही हम चुनाव में अपनी जीत हासिल कर सकते हैं चुनाव का समय नजदीक है कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी के साथ अपना काम करें आगामी चुनाव को लेकर सभी बुथ व पंचायत कमेटी के कार्यकर्ताओं को विशेष दिशा निर्देश दिया. और कहा कि प्रधानमंत्री सहित केन्द्र सरकार के मत्री, सांसदों ने प्रदेश के जनता को झूठा आश्वासन देकर छलने का काम किया है जिससे देश में बेरोज़गारी, महंगाई, भ्रष्टाचार में काफी वृद्धि हुई है वही कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता में भाजपा के खिलाफ आक्रोस देखे जाने कि बात कही.

खूंटी बिरसा कॉलेज मैदान में भाजपा द्वारा आयोजित स्वस्थ्य मेला को करीब 10 करोड़ का खर्च होने के बाद भी लोगों पर्याप्त लाभ नहीं मिलने की बात कही गयी. वही झारखंड प्रदेश में महागठबंधन की सरकार कि उपलब्धियों? को जन -जन? तक पहुंचाने का निर्देशा दिया गया.

बैठक पर मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष खूंटी रवि मिश्रा उपाध्यक्ष विनोद भगत, विल्सन टोपनो, प्रदीप देवघरिया, सयूम अंसारी, रविकांत मिश्रा, मदन मिश्रा रसीद खान, राम सिंह भगत, विजय स्वांसी के अलावे अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दो दिवसीय खाद्य अनुज्ञप्ति सह जागरूकता कैम्प 25 खाद्य कार्यकर्ता को दिया गया फुड लाइसेंस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** एसीएमओ एवं खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूंटी द्वारा जिला मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय खाद्य अनुज्ञप्ति/ निबंधन सह जागरूकता कैम्प 25 खाद्य कार्यकर्ता को फुड लाइसेंस दिया गया। शिविर के दौरान सीएमओ द्वारा सभी खाद्य कारोबारकर्ता को निर्देश दिया गया कि अपने प्रतिष्ठान में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे और ढ़क्कन युक्त कूड़ेदान का प्रयोग करेंगे। सभी खाद्य कारोबारकर्ता जैसे होटल रेस्टोरेंट किराना दुकान, कोल्ड ड्रिंक व अन्य पेस्ट खाद्य पदार्थ पर पैकिंग तिथि, बेस्ट बिफोर तिथि, एफएसएसएआई लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन युक्त सामान का ही प्रयोग करेंगे। उन्होंने निर्देषित किया कि खाद्य पदार्थों की वैधता तिथि का भी ध्यान रखेंगे एवं अवधि समाप्त होने पर खाद्य सामग्रियों की बिक्री नहीं करेंगे।





स्ट्रीट फुड वेंडर पर बिक्री करने वाले खाद्य सामग्रियों को मार्किन के कपड़ा व जाली से ढ़क कर रखेंगे। अखबार के कागज का प्रयोग नहीं करेंगे। हमेशा सादे पेपर का ही प्रयोग करेंगे। निर्देश दिया गया कि फल विक्रेता फलों को पकाने के लिए कैल्शियम कार्बाइड नमक रासायनिक का प्रयोग ना करें क्योंकि इस रसायन पदार्थ के इस्तेमाल से कैंसर एवं विभिन्न प्रकार की गंभीर बीमारियों होने की संभावना होती है। कहा गया कि फलों को पकाने के लिए एथिलीन, गैस रापेनिंग चैंबर का ही प्रयोग करें। होटल एवं रेस्टोरेंट में उपयोग होने वाले बर्तनों, फ्रिज, पानी टंकी की सफाई नियमित करने का निर्देश दिया गया। एसीएमओ ने कहा कि होटलों में रासायनिक रंगों का इस्तेमाल लड्डू, जलेबी एवं बूंदी बनाने में किया जाता है। निर्देश दिया गया कि सभी तरह के मिठाई बनाने में केवल खाद्य रंगों का ही प्रयोग किया करेंगे जिसपर फुड लाइसेंस नंबर अंकित हो। उन्होंने कहा कि त्योहारों के मौसम में मिठाइयों की मांग बढ़ जाने के कारण दुकानदार मिठाई में मिलावट कर मिठाई की बिक्री करते हैं जो की एफएसएस एक्ट 2006 के नियमों का उल्लंघन है। त्यौहार में पनीर, खोवा, काजू, बर्फी, रसगुल्ला, लड्डू आदि को बनाते समय शुद्धता एवं गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना चाहिए। दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि निरीक्षण के दौरान मिठाई का नमूना लिया जाएगा। इस नमूना में में यदि जांच रिपोर्ट फेल पाया जाता है तो एफएसएस एक्ट 2006 के सुसंगत धारा के अनुरूप कार्रवाई की जाएगी।

# मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में विदाई समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** छात्र-छात्राओं ने थाना प्रभारी विक्रांत कुमार को बुके एवं समाजसेवी डीएन तिवारी ,सुरेश प्रसाद एवं बसंत भगत ने शाल ओढकर शुभकामनाएं दीं। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने की। थाना प्रभारी विक्रांत कुमार ने अपने विदाई के संबोधन में छात्र-छात्राओं से कहा की निरंतर सही दिशा में किया गया प्रयास आपको सफलता दिलाता है आपको असफलताओं से घबराना नहीं है माता-पिता का आशीर्वाद सदैव आप सबों के साथ है ।





उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कोचिंग में बिताए हुए पलों को साझा किया और सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने अपने संबोधन में कहा की विक्रांत हमेशा संस्थान जाकर बच्चों का मनोबल बढ़ाते थे और कभी-कभी अंग्रेजी की विशेष कक्षा भी लेते थे ।उनके साथ संस्थान का एक भावनात्मक लगाव रहा है।

जिले में उनके बेहतर कार्य के लिए गैलंट्री अवॉर्ड से भी नवाजा गया जिसके लिए पूरे कोचिंग परिवार की ओर से उन्हें बधाई दी गई। मौके पर डॉ डीएन तिवारी ने कहा कि पदाधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है। परंतु कुछ पदाधिकारी ऐसे भी होते हैं जो अपना कार्य की बदौलत छाप छोड़ते हैं जिसे लोग भूल नहीं पाते हैं। कार्यक्रम को समाजसेवी सुरेश प्रसाद एवं बसंत भगत ने भी अपने संबोधन में पब्लिक के बीच उनके मैत्री पूर्ण व्यवहार को सराहा एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी छात्र-छात्राएं और शिक्षक- शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के अध्यक्ष श्री प्रकाश लकड़ा के नेतृत्व में अपने हक अधिकार ,नीति नियम के लिए सभी आदिवासी मूलवासी को एकजुट होना होगा ।उनके साथ-साथ अन्य समाज सेवी भी उपस्थित होंगे ।आगामी 9 मार्च को इन मुद्दों को लेकर अनगड़ा प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जा रहा है ।

जाति प्रमाण पत्र,आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में विलम्ब, पंजी 2 ऑनलाइन प्लॉट नंबर चढ़ाने में त्रुटि या विलम्ब ,राशन कार्ड में ऑनलाइन नाम जोड़ने दिक्कत, अबुवा आवास में ग्राम प्रधान के साथ ग्राम सभा को मान्यता नहीं देना, कर्मचारियों को पंचायत भवन में अविलम्ब बैठना, मनरेगा कार्य में सही समय में भुगतान नहीं होना ,जन्म ड्डमृत्यु प्रमाण पत्र में स्थानीय प्रतिनिधियों के अलावा गवाहों को खोजना गलत है एवं प्रखंड कार्यालय से संबंधित विभिन्न विषय पर तथा सभी प्रमुख ज्वलंत मुद्दों पर, सिकिदिरी विस्थापितों को मुआवजा एवं स्थायी को नौकरी मिलना चाहिए, रुक्का,गेतलसूद डेम विस्थापितों को मुआवजा दिया जाए ,अनगड़ा क्षेत्र में जितने भी उद्योग लगा है उसमें 75% स्थानियों को नौकरी दिया जाए ,इसमें झारखंड आन्दोलनकारीयो को पहचान करके सम्मानजनक पेंशन दिया जाए जनप्रतिनिधियों का मान-सम्मान मानदेय दिया जाए। ये सारे मांगे हमारे आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति अनगड़ा रांची झारखंड के द्वारा जोरदार प्रदर्शन होगा।इस बैठक में मुख्य रूप से नन्हे कच्छप, प्रदीप तिर्कि, पिंकू मुंडा, राजेंद्र महतो, संतोष मुंडा, छविनाथ बेदिया, दुर्गा मुंडा एवम ग्रामीण उपस्थित थे।

# करोड़ों की लागत से बनने वाले तीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का विधायक ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरूवार को एक करोड़ 65 लाख की लागत से बनने वाले तीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण का शिलान्यास किया। पहला पहाड़कडरिया गांव में स्वास्थ्य उपस्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास, दूसरा ईटाचिन्द्री में स्वास्थ्य उपस्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास और तीसरा लमकाना गांव में स्वास्थ्य उपस्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया. शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के बनने से



अगल-बगल के गांव के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। पहले जिन मरीजों को इलाज के लिए शहर की ओर जाना पड़ता था अब उन मरीजों का इलाज गांव में ही होगा। उन्होने आगे कहा कि झारखंड के सामाजिक परिवेश यूपी बिहार से अलग है यहां सभी धर्मों के लोग मिलजुलकर रहते आए हैं। पर आने वाला चुनावी माहौल में कुछ लोग समाज को तोड़ने का काम करेंगे। हमलोगों को जाति-धर्म से उठकर चुनाव में वोट करना है। इस दौरान विधायक ने गांव के ग्रामीणों की मूलभूत और आधारभूत समस्याओं की भी जानकारी ली और जिला व प्रखंड के पदाधिकारीयो से बात कर के उनका जल्द निराकरण करने का भरोसा दिलाया। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, पार्टी अध्यक्ष करमा उराँव, परवेज आलम, नबलु मिर्दाहा, मुखिया अनिता बाड़ा, पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा, सेलवेस्टर कच्छप, दिलीप सिंह, कुमोद वर्मा, अजीज अंसारी, गोवर्धन महतो, सोमरा लोहरा, मो. फहीम, जमशेद खान, तंजीर हुसैन, कमल धान, घनश्याम उराँव, मो. तौकिर, एएनएम जानकी, सुमती, सुमित्रा, अनिता सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विधायक ने एकल चैकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बुंडू :** रांची जिला अंतर्गत बुंडू प्रखंड क्षेत्र के करामबु गांव सोकरा नाला में जल संसाधन विभाग के लघु सिंचाई प्रमंडल खुंटी अंतर्गत 57 लाख की लागत में बनने वाली एकल चेकडैम निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडा नारियल फोड़कर किया।मौके पर विधायक ने लोगों के अन्य समस्याओं को गौर सुना और समय रहते सारी समस्याओं के सामाधान की बात कही। मौके कहा कि इस चेकडैम निर्माण हो जाने से गांव के कृषि की सिंचाई सुलभ हो पाएगी और धान की फसल के अलावे किसान सब्जी की खेती करके लाभान्वित होंगे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि लागातार सड़कों के प्राथमिकता के तौर पर शिलान्यास के बीच चेकडैम का शिलान्यास छोटी मगर उपयोगी है उन्होंने बुंडू प्रखंड के छह पंचायत तुंजु चुरगी बारूहातु हुमटा गभडेया और तैमारा पंचायत के ग्रामीणों के ऑनलाइन खतियान के जाती कॉलम में त्रुटिवश मुंडा के स्थान पर स्वांशी अंकित हो जाने और ग्रामीणों को परेशानी पर कहा कि नेशनल डेटा सेंटर के पोर्टल खुलने पर युद्धस्तर पर प्रखंड के अधिकारी कर्मचारी सुधार कार्य में लगेंगे इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिया गया है।इस मौके पर तुंजू पंचायत मुखिया लालमोहन पहान, अरविंद कुमार, उमेश महतो, मनोज जायसवाल,रोहित महतो, मृत्युंजय महतो, सीतानाथ महतो, शिवनाथ मुंडा, कालेश्वर मुंडा एवं ग्रामीण मौजूद थे।



## बेड़ो प्रखंड के नए बीडीओ राहुल उराँव ने पदभार ग्रहण किया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव ने गुरूवार को पदभार ग्रहण किया। पदभार वर्तमान बीडीओ संग्राम मुर्मू ने सौंपा। बीडीओ राहुल उराँव इससे पूर्व पलामु जिला के पांडू प्रखंड में बीडीओ के पद पर कार्यरत थे। पदभार ग्रहण करते हुए प्रखंड के नये प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उराँव ने कहा कि मुझे प्रखंड और प्रखंड वासियों की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। मेरे लिये सौभाग्य है, मेरी हमेशा कोशिश रहेगी कि मैं बेहतर कार्य कर सकूं। प्रखंड स्तर पर सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को सही लाभुकों तक पहुंचाना और जमीनी स्तर पर योजना को उतारना मेरा लक्ष्य होगा। प्रखंड के आम जन प्रखंड की कोई भी विकास योजनाओं व समस्यों को लेकर बेहिचक निसंकोच मेरे कार्यालय में मिले। मैं हर संभव नियमसंगत निराकरण का प्रयास करूंगा। इस दौरान अंचलाधिकारी प्रताप मिंज, प्रखंड कर्मी व पंचायत प्रतिनिधियों ने नये बीडीओ को बुके देकर स्वागत किया।





## बेड़ो के नए पुलिस उपाधीक्षक से मिले जन प्रतिनिधि

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बेड़ो के नये पुलिस उपाधीक्षक अखिल नितिश कुजूर से गुरूवार को जन प्रतिनिधि मिले। जन प्रतिनिधियों ने डीएसपी को बुके देकर स्वागत किया गया। मौके पर डीएसपी ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम करने, अपराध व उग्रवाद नियंत्रण के दिशा में पुलिस जवानों के साथ बेहतर तरीके से कार्य करेंगे। क्षेत्र के शांति व्यवस्था कायम करने में जनप्रतिधियों का महत्वपुर्ण योग्दान होता है। आम जनों के न्याय के लिए मेरा कार्ययालय हमेशा खुला है। मौके पर उपप्रमुख मोद्दसिर हक, पंचायत समिति सदस्य सेलवेस्टर कच्छप, अजीज अंसारी, सोमरा लोहरा व कुदूस खान सहित कई लोग साथ में थे।



## बीडीओ संग्राम मुर्मू को नम आंखों से दी गई विदाई



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार को कार्यक्रम आयोजित कर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू को नम आंखों के साथ विदाई दी गई। मुखिया संघ के प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर उनके कार्यकाल की सराहना की। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू ने कहा कि बेड़ो प्रखंड में मुझे बहुत कम समय के लिए आप लोगों के साथ रहने का मौका मिला लेकिन इस छोटी सी कार्यकाल की बहुत सारी यादें आज समेट के लिए जा रहा हूं। प्रखंड में गुजरी हुई यह छोटी सी मुद्दत मैंने सेवा भाव में गुजारा है। और हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर बैठे हुए व्यक्तियों के पास पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करना ही मेरा प्राथमिकता रही है। बेड़ो प्रखंड में मैं अपनी इसी प्राथमिकता के सपनों को साकार करने का प्रयास किया हूं। मैं आम ग्रामीण की समस्याओं को अपनी समस्या समझने की कोशिश किया हूं और उसके समाधान का प्रयास करता रहा हूं। अल्प अवधि में मेरे द्वारा किया गया कार्य और मेरी कार्यशैली इन्हीं बातों का प्रमाण है। मौके पर उपस्थित लोगों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यकाल की सराहना की। इस अवसर पर मुखिया संघ के अध्यक्ष रामेश उरांव, प्रधान लिपिक फारुक नदीम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, कनिय अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, सहायक अभियंता सद्दाम हुसैन अंसारी, दुर्गा ताना भगत, सुशांति भगत , नीरज कुजुर , जातरू उरांव, जय किशोर, असादुल्लाह, राजेश नायक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## सांसद संजय सेठ के पहल पर सिल्ली वासियों को मिली पुरी- आनंद विहार नई ट्रेन का तोहफा

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी को पुरी- दिल्ली आनंद विहार एक्सप्रेस (18427/18428)नई ट्रेन का तोहफा मिला है।नौ मार्च को इस ट्रेन का मुरी स्टेशन पर ठहराव होगा।यह ट्रेन चाईबासा व डोंगोपोसी रूट से होकर गंतव्य स्थान तक चलेगी।पुरी दिल्ली आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन साप्ताहिक होगी।यह ट्रेन पुरी से प्रत्येक शनिवार को मुरी स्टेशन शाम 03¬53 बजे पहुंचेगी तथा 03¬55 में दिल्ली आनंद बिहार के लिए खुलेगी ? तथा दिल्ली आनंद बिहार से वापस रविवार को खुलेगी और सोमवार को सुबह 11¬08 बजे मुरी स्टेशन पहुंचेगी तथा 11¬10 बजे पुरी के लिए रवाना होगी।इस ट्रेन की शुरुआत होने से सिल्ली समेत पुरूलिया एवं रांची वासियों के लिए दिल्ली एवं पुरी जाने के लिए काफी सुविधा होगी। ज्ञात हो कि इस ट्रेन के परिचालन तथा मुरी एवं चांडिल स्टेशन में ठहराव को लेकर सांसद संजय सेठ ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से पहल की थी,जो अब पूरा हो गया है। वहीं सांसद संजय सेठ के प्रयास से रांची से बनारस के लिए एक और न?ई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात मिली है।यह रांची की तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन होगी जिसका उदघाटन 12 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे।उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष एवं सिल्ली रेलवे स्टेशन परामर्शदातृ सलाहकार समिति सदस्य विनय महतो धीरज ने दी। श्री महतो ने क्षेत्रवासियों की ओर से इस कार्य लिए सांसद संजय सेठ का आभार व्यक्त किया है।



## सड़क दुघर्टना में 45 वर्षीय महिला की मौत

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग पर तुलसी पोखर के समीप बुधवार की गत संध्या सड़क दुघर्टना में एक महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिल्ली प्रखंड के टुटकी नवाडीह निवासी महेश महतो एवं उसकी पत्नी सरला महतो उम्र 45 वर्ष दोनों सीमावर्ती क्षेत्र बंगाल किसी शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वापस घर लौटने के क्रम में तुलसी पोखर के समीप एक व्यक्ति को बचाने के क्रम में बाइक असंतुलित हो गई। इससे बाइक के पिछे बैठी उसकी पत्नी सरला देवी गिर गई। इसी दौरान विपरीत दिशा से आर रही वाहन ने अपने चपेट में ले लिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मुरी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।उसके बाद मुरी पुलिस के सहयोग से घायल को सिल्ली अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई। घटना के बाद में मुरी पुलिस ने मुरी बाजार क्षेत्र से बाहर खड़ी हालात में सफेद रंग की कार (जेएच 01ईई 8607)को जब्त कर लिया है।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मुख्यमंत्री चम्पाई ने जमशेदपुर के बालीगुमा में रखी मेधा डेयरी प्लांट की आधारशिला, बोले

# दुग्ध उत्पादन में झारखंड को बनाएंगे आत्मनिर्भर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ना सिर्फ आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि इसे अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करना है। मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने आज जमशेदपुर के बालीगुमा में मेधा डेयरी प्लांट के भूमि पूजन कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा तथा किसानों- पशुपालकों के आय स्रोत में बढ़ोतरी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि किसानों की खुशहाली से ही राज्य की समृद्धि संभव है । ऐसे में किसानों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं।

**प्रचार प्रसार नहीं, काम पर विश्वास करती है हमारी सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जो भी योजनाएं बना रही हैं, उसे धरातल पर उतारने का काम कर रही है। हम योजनाओं के प्रचार- प्रसार से ऊपर उठकर उसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। आज राज्य सरकार की योजनाओं से जुड़कर लोग अपने को सशक्त बना रहे हैं।

**विकास की लिख रहे हैं नई गाथा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार के द्वारा विकास के जो कार्य किए गए हैं, वह पिछले 19 वर्षों में नहीं हुआ। आज झारखंड विकास की नई गाथा लिख रहा है । हेमन्त बाबू ने विकास की जो लकीर खींची है, उसी दिशा में हमारी सरकार आगे बढ़कर राज्य को संवारने का कार्य कर रही है।





**आदिवासी- मूल वासियों की अस्मिता और सम्मान से कोई समझौता नहीं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के आदिवासी -मूलवासी हमेशा हाशिये पर रहे। इनके दुःख- दर्द की किसी ने चिंता नहीं की। लेकिन, हमारी सरकार आदिवासियों और मूलवासियों की भावना, अस्मिता और सम्मान के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं करेगी। इन्हें सशक्त बनाने का प्रयास शुरू हो चुका है। इन्हें इनका हक और अधिकार हर हाल में मिलेगा।

**जेएसएससी की रद्द हुई परीक्षा जल्द ली जाएगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जेएसएससी की पेपर लीक की वजह से रद्द हुई परीक्षा को लेने की तैयारी शुरू कर दी गई है। यह परीक्षा बहुत जल्द आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों को निराश होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि लगभग 30 हज़ार शिक्षकों की बहाली की प्रक्रिया चल रही है। हमारी सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

**चांडिल डैम से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से इस क्षेत्र के खेतों में पहुंचेगा पानी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कि चांडिल डैम से भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचेगा। इसके लिए जल्द योजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जा रहा है। लगभग 15 हज़ार किलोमीटर ग्रामीण सड़क बनाई जा रही है। अबुआ आवास योजना के तहत 20 लाख लोगों को तीन कमरों का मकान देंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री बादल, विधायक मंगल कालिंदी, समीर मोहंती और संजीव सरदार, प्रमंडलीय आयुक्त हरि कुमार केशरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल समेत जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**कार्यक्रम के अन्य महत्वपूर्ण तथ्यः-**

1. जमशेदपुर डेयरी प्लांट की मिल्क प्रोसेसिंग की क्षमता प्रतिदिन 50 हज़ार लीटर होगी।
2. इस डेयरी प्लांट के चालू होने से 5 हज़ार ग्रामीणों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।
3. राज्य सरकार के द्वारा दुग्ध उत्पादन से जुड़ने वाले लोगों को अब प्रति लीटर 5 रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
4. मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से लगभग 3 करोड़ 6 लाख रुपए की राशि का किया हस्तांतरण।
5. मुख्यमंत्री ने दुधारू गाय वितरण योजना के तहत 633 लाभुकों के बैंक खाते में 3 करोड़ 89 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की।
6. मुख्यमंत्री ने एनडीडीबी सर्विसेज के माध्यम से झारखंड राज्य में कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का किया शुभारंभ।
7. राज्य में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अब तक 79 को-ऑपरेटिव सोसाइटी का कर लिया गया है गठन।
8. राज्य में वर्तमान में ढाई लाख लीटर प्रतिदिन मिल्क प्रोसेसिंग की क्षमता है, जिसे बढ़ाकर 5 लाख लीटर प्रतिदिन करने का है लक्ष्य।

## टाटा पावर के पारंपरिक बिजली उत्पादन में शामिल हैं एकमात्र महिला कर्मचारी स्निग्धा

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में, टाटा पावर और दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) का संयुक्त उद्यम, मैथन पावर लिमिटेड (एमपीएल) ने बहुत ही अभिमानपूर्वक स्निग्धा बनर्जी की उपलब्धियों को सभी तक पहुंचाया है। स्निग्धा एकमात्र महिला कर्मचारी है जो भारत भर में टाटा पावर के थर्मल जनरेटिंग स्टेशन्स में बिजली उत्पादन के पारंपरिक स्रोतों को संभालने के कामों में शामिल है। धनबाद की रहने वाली स्निग्धा बनर्जी ने दो साल पहले बतौर डीईटी (डिप्लोमा इंजीनियर ट्रेनी) टाटा पावर में काम करना शुरू किया। आज वह मैथन पावर लिमिटेड में लीड इंजीनियर है। पिछले कई सालों से जहां सिर्फ पुरुष ही काम करते आ रहे हैं, ऐसे क्षेत्र में स्निग्धा आना और आगे बढ़ना लिंग विविधता को बढ़ावा देने और लिंग बाधाओं को तोड़ने में सफलता को रेखांकित करता है। स्थानीय ठेकेदारों और कर्मचारियों के साथ बातचीत उनका हर दिन का काम है। शुरू में यह लोग फील्ड पर एक महिला को देखने के आदी नहीं थे, लेकिन स्निग्धा ने जल्द ही अपना स्थान बना लिया। आज स्निग्धा एक प्रेरणा बन चुकी है और उन्होंने युवा महिलाओं के लिए ऊर्जा क्षेत्र में आने का मार्ग प्रशस्त किया है। टीम में एक महिला कर्मचारी का होना टाटा पावर के थर्मल उत्पादन स्टेशन्स में विविधता और समावेश की दिशा में बढ़ाया गया एक सकारात्मक कदम है।



## रियलमी ने 12 सीरीज 5जी पेश करके मचाई मिड-प्रीमियम सेगमेंट में हलचल

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12प्लस 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। रियलमी 12प्लस 5जी में ऑप्टिकल इमेज स्टेबिलाइज़ेशन (ओआईएस), 2एक्स इन-सेंसर ज़ूम और सिनेमैटिक 2एक्स पोर्ट्रेट मोड के साथ सेगमेंट का पहला 50 मेगापिक्सल का सोनी लाइट-600 मुख्य कैमरा दिया गया है, जो बहुत ही स्पष्ट, डीएसएलआर जैसा पोर्ट्रेट कैप्चर करने में सक्षम है। यह स्मार्टफोन लंबे समय तक चले इसके लिए इसमें 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है। रियलमी 12 प्लस 5जी पायोनियर ग्रीन और नेविगेटर बेज में दो स्टोरेज वैरिएंट 8जीबी प्लस 128जीबी, 20999 रुपये में और 8जीबी प्लस 256जीबी 21999 रुपये में उपलब्ध होगा। 8जीबी प्लस 256जीबी वैरिएंट रियलमी.कॉम और फ़्लिपकार्ट पर 9 महीने तक की नो कॉस्ट ईएमआई और 1000 रुपये के बैंक ऑफर के साथ मिलेगा। मेनलाइन चैनलों से यह स्मार्टफोन खरीदने पर इसके साथ 3998 रुपये मूल्य का रियलमी बड्स टी300 मिलेगा।



## सांसद निधि से स्वीकृत जोड़सा में स्कुल गेट व जामडीह में ग्राम चौपाल का शिलान्यास

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो के सांसद निधि से स्वीकृत पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गेट एवं जामडीह गांव में ग्राम चौपाल निर्माण कार्य का शिलान्यास गुरुवार को भाजपा के पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त ने नारियल फोड़कर किया। मंडल अध्यक्ष मंटु चरण दत्त ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति की मांग पर सांसद ने अपने निधि से जोड़सा स्कूल में गेट निर्माण कार्य का स्वीकृति दिलाई है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखिया जबा रानी सिंह, शरत सिंह सरदार, कृष्णपद सिंह,पंचानन दास, देवेन्द्र कुंभकार, माणिक प्रमाणिक, रूपेण सिंह, तपन तंतुबाय, अक्षय कुंभकार, मनबोध सिंह, ललित सिंह, कैलाश सिंह, गर्जन सिंह, आशीष महतो, चन्दन सिंह आदि ग्रामीण उपस्थित थे।



## अप्पू तिवारी बने जमशेदपुर अक्षेस प्रभारी

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय नेतृत्व और पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के दिशा निर्देश पर जमशेदपुर अक्षेस के प्रभारी बने अप्पू तिवारी, साथ में कमलेश दुबे, संजय सिंह, विमल मौर्या।बताते चले की अप्पू तिवारी जिला प्रवक्ता है तो संजय सिंह वरीय उपाध्यक्ष, कमलेश दुबे और विमल मौर्या उपाध्यक्ष और इन चारो पर जमशेदपुर अक्षेस का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ताकि संगठन को मजबूती मिलेगी। उक्त अवसर पर अप्पू तिवारी ने पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह समेत पार्टी के सभी केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।



## नहीं रहे रामकृष्ण मंदिर के निर्माणकर्ता बाबूलाल जी

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा के लावा गांव निवासी रहे बाबूलाल जी उर्फ बाबूलाल पंडित ने 82 की उम्र में बुधवार की शाम करीब साढ़े 4 बजे अपने घर में ही अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका अंतिम दर्शन में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष पहुंचे और हरिनाम संकीर्तन के साथ गुरुवार को लावा गांव में शवयात्रा निकालने के बाद दोपहर तक भुईयांडीह स्थित बर्निंग घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे पिछले कई माह से बीमार चल रहे थे और घर में रहकर ही इलाज करा रहे थे। वे मूल रूप से बिहार निवासी और बाबूलाल जी के नाम से प्रसिद्ध थे। उन्होंने जिंदगी भर की कमाई को खर्च करते हुए गांव में 2010 में भव्य रामकृष्ण मंदिर की स्थापना की।



## चांडिल प्रखंड क्षेत्र में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के खिलाफ निकली न्याय मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरोध में झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा चलाये जा रहे राज्यव्यापी न्याय मार्च कार्यक्रम के तहत गुरुवार को चांडिल प्रखंड के चौलीवासा गांव से झामुमो कार्यकर्ता न्याय मार्च का शुभारंभ किया। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओ ने केंद्र सरकार होश में आओ, केंद्र की तानाशाही नही चलेगी, जब-जब मोदी डरता है, ईडी-ईडी करता है, जेल का फटाक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा जैसे कई नारे लगाए। वहीं न्याय मार्च कार्यक्रम के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओ ने केंद्र सरकार और ईडी के द्वारा गलत तरीके से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने का आरोप लगाया। झामुमो चांडिल प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो ने कहा जनता सब देख रही हैं, जनता न्याय करना जानती है। न्याय मार्च कार्यक्रम में प्रखंड कृष्ण किशोर महतो, समर भुईया, अर्जुन सिंह मुंडा, बुद्धेश्वर महतो, अरूण महतो, लंबोदर महतो, श्रीकांत महतो, रुहीदास मांझी, दिनेश मुर्मू, पशुपति महतो, भदरु सिंह मुंडा, कटका कालिंदी, अनिल महतो, सोमचंद माझी, अजीत सिंह मुंडा, कुनाराम माझी, प्रफुल्य माझी, संजय महतो, ललित किशोर महतो, मंटू माझी आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने धूमधाम से मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के वूमेंस सेल ने आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के कॉर्पोरेट एथिक्स की प्रमुख शालिनी सुलक्षणा थी। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और कार्यक्रम को संबोधित किया। मुस्कान और सोनल ने नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि शालिनी ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र की थीम %महिलाओं में निवेश~ प्रगति में तेजी लाएं% है। आयुष मित्रा ने एक संगीतमय प्रस्तुति दी। इस अवसर पर वूमेंस सेल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा निवर्तमान बैच के सभी छात्र प्रतिनिधि और समिति सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम करीम सिटी कॉलेज के मॉडरेटर डॉ. कौसर तसनीम के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम की एंकरिंग स्नेहा शर्मा ने की।



## रोलाहातु के पुनीसीर उप स्वास्थ्य केंद्र से पुलिस कैंप खाली करवाने को उपायुक्त को दिया ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में बसे रोलाहातु पंचायत के अंतर्गत पुनीसीर गांव में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में कई वर्षों से झारखंड आर्म्स पुलिस कैंप बनाकर कब्जा किया हुआ है। पुलिस कैंप को खाली करवाने को लेकर रोलाहातु पंचायत के 14 गांव के ग्रामीणों ने पुनीसीर गांव में मुखिया सास्त्री सांगा के नेतृत्व में बैठक कर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में पंचायत के ग्रामीणों के द्वारा मांग किया गया है कि 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य उप केंद्र भवन पुनीसीर को झारखंड आर्म्स पुलिस कैंप से खाली करवा कर स्वास्थ्य केंद्र भवन पुनीसीर को स्वास्थ्य सुविधा हेतु पंचायत वासियों को हस्तांतरित करें। अगर इसपर कारवाई नही हुई तो रोलाहातुट पंचायत के 14 गांव के ग्रामीणों 2024 में होने वाली लोकसभा चुनाव से दूर रहेंगे।इस दौरान मुख्य रूप से मुखिया सास्त्री सांगा, भोंज सांगा, गोवरा मुंडा, दुर्गा चरण मुंडा, मुनीराम मुंडा, बुधनलाल मुंडा, प्रधान मुंडा, सुखराम, सोम, देवेंद्र नाथ, मरियम, चांदनी, सोमवारी देवी समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी का सामना आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग के एक मुकाबले में कल मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ जमशेदपुर एफसी की एक रोमांचक मैच खेला जाएगा। इससे पूर्व जेएफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से, हम वर्तमान में पिछले मैचों पर ध्यान देने के बजाय मोहन बागान के खिलाफ अपने हालिया मैच से सीखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा, इसलिए हम वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, खासकर जब से हम अपने घरेलू मैदान पर खेल रहे हैं। एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी का सामना करने के बावजूद, हम उन्हें कम नहीं आंक सकते।इस बार हमारा दृष्टिकोण अलग होगा। मैंने पहले मोहन बागान और मुंबई दोनों के खिलाड़ियों की प्रतिभा को स्वीकार किया है, लेकिन घरेलू मैदान पर खेलने से स्थिति बदल जाती है। हमें अपने पिछले प्रदर्शन से सीखने और अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करते हुए सकारात्मक मानसिकता बनाए रखने की जरूरत है। हमारे खिलाड़ी इस मैच के महत्व को पूरी तरह से समझते हुए भरपूर प्रयास कर रहे हैं। हम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हैं और बिना आत्मसंतुष्टि के अपना सब कुछ देने की जरूरत पर जोर दे रहे हैं।



## ईचागढ़ विधायक ने कपाली नप में 44 योजनाओं का शिलान्यास किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** कपाली नगर परिषद कार्यालय में ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने गुरुवार को विधायक निधि से 5 कोरोड़ की लागत से क्रियान्वित होने वाली 44 योजनाओं का शिलान्यास एक साथ किया। कार्यक्रम के दौरान कपाली नगर परिषद् के 20 महिला व पुरुष को पेंशन योजना के स्वीकृती पत्र भी विधायक ने अपने हाथों से दिया। वही विधायक निधि के अवशेष राशि से कपाली में पीसीसी रोड, सड़क-मरम्मत, पेवर ब्लॉक रोड, चबुतरा, नाली, आदि की योजनाओं का क्रियान्वित कराया जाना है।जिसमे कपाली थाना मोड़ से लेकर अलबेला गार्डेन तक पीसीसी निर्माण लगभग 1 करोड़ की राशि से निर्माण किया जाएगा। विधायक सबिता महतो ने कहा कि गांव की जरूरत को देखते हुए छोटी- बड़ी योजनाओं को मिलाकर कुल 44 योजनाओं का शिलान्यास व भूमि पूजन किया गया जो 5 करोड़ की लागत से बनेगा। इस अबसर पर केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मो अर्शद, मो नोशाद, बुधेस्वर महतो,आदि उपस्थित थे।



## फ्लाई ओवर निर्माण के बाद शहर वासियों को मिलेगी जाम से मुक्ति : बन्ना गुप्ता

**- मुख्यमंत्री ने किया फ्लाई ओवर निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ मानगो डिमना रोड स्थित फ्लाई ओवर निर्माण क्षेत्र का निरीक्षण किया, आज से कार्य का शुभारम्भ हो गया जिसे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिलान्यास किया था। निरीक्षण के बाद मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा फ्लाई ओवर निर्माण उनका ड्रीम प्रोजेक्ट और मानगो की जनता से किया गया वायदा था जिसे उन्होंने पूरा किया। उन्होंने बताया कि ये जमशेदपुर का पहला फ्लाई ओवर हैं जिसे 18 महीने मे पूरा कर जमशेदपुर की जनता को समर्पित किया जायेगा। वे खुद इसका लगातार मॉनिटरिंग करेंगे ताकि गुणवत्ता पूर्ण कार्य हो और तय समयावधि मे कार्य संपन्न हो। प्रेस कॉन्फ्रेंस मे मंत्री बन्ना गुप्ता के साथ मनोज झा, प्रभात ठाकुर, संजय तिवारी, कैलाश रजक, बबुआ झा, मनीष दुबे आदि उपस्थित थे।



## टाटा स्टील को मिला गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड 2024

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील को वर्ष 2024 के लिए प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड का विजेता घोषित किया गया है। यह घोषणा सीखने की संस्कृति को जारी रखने और विकास में उत्कृष्टता के प्रति टाटा स्टील की प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करती है, जो उद्योग के लिए एक मानक स्थापित करती है। 1991 में इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी), भारत द्वारा स्थापित गोल्डन पीकॉक अवार्ड्स को अब दुनिया भर में कॉर्पोरेट उत्कृष्टता का एक बेंचमार्क माना जाता है।टाटा स्टील की वाईस प्रेसिडेंट, ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट, अत्रेयी सान्याल ने कहा~ यह सम्मान सीखने और विकास में उत्कृष्टता की हमारी निरंतर खोज को मजबूत करता है। टाटा स्टील में, हम प्रतिभा का पोषण करने और निरंतर सीखने की संस्कृति को बढ़ावा देने में विश्वास करते हैं। पुरस्कार समारोह, 5 मार्च, 2024 को होटल ग्रैंड हयात, अबू धाबी (यूएई) में इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स (आईओडी) 2024 यूएई ग्लोबल कन्वेंशन - बिजनेस एक्सीलेंस एंड इनोवेशन के लिए नेतृत्व पर 31वीं वर्ल्ड कांग्रेस के दौरान हुआ। शेख नहयान बिन मबारक अल नहयान, कैबिनेट सदस्य और सहिष्णुता एवं सह-अस्तित्व मंत्री, यूएई सरकार इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

## राज्य में मॉडल स्कूल और गम्हरिया-राजनगर में डिग्री कॉलेज खोलेगी सरकार : चम्पई सोरेन

**- सीएम ने किया भीमखांदा माइक्रो लिफ्ट पाइप लाइन सिंचाई योजना समेत 356 करोड़ की छोटी-बड़ी 84 योजनाओं का शिलान्यास**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सरायकेला-खरसावां जिले के गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत गांजिया बराज में खरकई और संजय नदी तट पर उज्जैनपुर से अवलाटांड़-चमारू तक एफलेक्स बांध और भीमखांदा माइक्रो लिफ्ट पाइप लाइन सिंचाई योजना समेत करीब 356 करोड़ रुपए की 84 छोटी बड़ी योजनाओं का मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन ने गुरुवार को शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज गजिया बराज से 3 हजार हेक्टेयर जमीन को सालों भर पानी देने की योजना का शिलान्यास हो रहा है। भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि इससे पूर्व यहां डबल इंजन की भाजपा सरकार थी जिसने झूठा प्रचार किया। ना ही किसानों के लिए और ना ही मजदूरों के लिए या स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए कोई काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरायकेला के गोविंदपुर से ग्रामीण क्षेत्र होकर औद्योगिक क्षेत्र के गम्हरिया थाना मोड़ तक 27 किलोमीटर चौड़ी सड़क का निर्माण होने जा रहा है। कहा कि भाजपा को केवल झारखंड में खनिज संपदा दिखती है। उसे यहां के आदिवासी- मूलवासी का विकास नहीं दिखता है। सीएम चम्पई सोरेन ने कहा कि हर उद्योग को अपने लाभ का 2 फीसदी विकास पर खर्च करना और 50 फीसदी स्थानीय लोगों को रोजगार देने की गारंटी देनी होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में मॉडल स्कूल की शुरुआत किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गम्हरिया और राजनगर प्रखंड में सरकार डिग्री कॉलेज खोलेगी जिसके लिए गुरुजी-शिष्य क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की है। इस मौके पर कृषि, सहकारिता और पशुपालन बादल पत्रलेख, ईचागढ़ विधायक सविता महतो, खरसावां विधायक दशरथ गागराई, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, सुवर्णरेखा परियोजना के निदेशक मंजूनाथ भजंत्री, जल संसाधन विभाग के अभियंता प्रमुख नागेश मिश्रा समेत जिले के सभी अधिकारी व काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



संपादकीय

# 'अंतरात्मा' की चुनावी परंपरा

**स्वतंत्र** भारत के इतिहास में पालाबदल और क्रॉस वोटिंग का सबसे सनसनीखेज और विवादास्पद उदाहरण 1969 का राष्ट्रपति चुनाव था। 16 अगस्त, 1969 को पांचवें राष्ट्रपति का चुनाव हुआ। लोकसभा के पूर्व स्पीकर नीलम संजीवा रेड्डी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनकी उम्मीदवारी से सहमत नहीं थीं, लिहाजा उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ, अपने उम्मीदवार के तौर पर, लोकप्रिय मजदूर यूनियन नेता वीवी गिरि को चुनाव मैदान में उतार दिया। गिरि ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा। तब स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ और विपक्ष के अन्य दलों ने सीडी देशमुख को अपना साझा उम्मीदवार बनाया। वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की सरकार में वित्त मंत्री रह चुके थे। उस दौर में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'अंतरात्मा' के आधार पर मतदान करने का आह्वान किया था। नतीजा यह हुआ कि वीवी गिरि को 4,20,077 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीवा रेड्डी को 4,05,427 वोट हासिल हुए। वीवी गिरि राष्ट्रपति चुनाव जीत गए। इस स्तर का वह एकमात्र चुनाव रहा, क्योंकि उसके बाद 'अंतरात्मा' की आवाज पर राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ा गया, लेकिन पालाबदल, पलटुओं, क्रॉस वोटिंग के चुनावों की लंबी परंपरा हमारे देश में रही है। इसे स्वतंत्र बौद्धिक, वैचारिक मतदान का नाम दिया गया अथवा घोड़ों की तरह विधायक खरीदे-बेचे गए या राजनीतिक दल के दायरे और उनकी निष्ठाएं बदलती रहीं। यह मुद्दा प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव के दौर में भी उठा, जब गुप्त मतदान के बजाय खुले मतदान की पैरवी की गई। अंततः 2001 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में कानून मंत्री अरुण जेतली ने 'खुले मतदान' पर विधेयक संसद में पेश किया और वह कानून बना। समस्या जस की तस रही और अब 2024 के राज्यसभा चुनाव में उप्र, हिमाचल, कर्नाटक आदि राज्यों में विधायकों ने खुल कर 'क्रॉस वोटिंग' की। बयान दिए जाते रहे कि उन्होंने 'अंतरात्मा' की आवाज पर, जिसे योग्य समझा, उसके पक्ष में वोट किया। दरअसल इसके साथ दलबदल की समस्या भी जुड़ी है। उसे रोकने पर भी कानून है, लेकिन क्रॉस वोटिंग के साथ-साथ विधायकों के दलबदल भी सामने आए हैं। उनके खिलाफ संसदीय अथवा विधानसभा के स्तर पर कार्रवाई बहुत लंबी चलती है, देरी भी होती है या आगामी चुनाव का समय भी करीब आ जाता है। फिर कानून के फायदे क्या हैं? महाराष्ट्र का उदाहरण सबसे ताजा है। उप्र में समाजवादी पार्टी के 7 विधायकों ने भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में क्रॉस वोटिंग ही नहीं की, बल्कि पार्टी भी बदल ली। उनमें विधानसभा में सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय भी एक हैं। इसका असर अमेठी, रायबरेली, अयोध्या समेत 7 लोकसभा सीटों पर पडना निश्चित है। यही नहीं, गुजरात से छह बार के सांसद एवं पूर्व रेल राज्यमंत्री नारायण राठवा अपने बेटे समेत कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। महाराष्ट्र कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष वासवराज पाटिल ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। बिहार में कांग्रेस के 2 विधायक मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरभ और राजद की विधायक संगीता कुमारी ने भी दलबदल कर भाजपा का पाला चुना है। चर्चा है कि भाजपा ने कांग्रेस नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़वाने का आश्वासन दिया है। दलबदल या क्रॉस वोटिंग नैतिकता या किसी ईमान का सवाल नहीं है और न ही जनता के साथ धोखा है। जनता अगले चुनाव में अपना जनादेश देकर उन्हें सही ठिकाने लगा सकती है, लेकिन इनसे सरकारें अस्थिर होती हैं और अंततः प्रभाव जनता पर ही पड़ता है। अब अहम सवाल यह है कि क्या ऐसा कानून बनेगा कि एक दल से जीतने के बाद पाला न बदला जा सके।

> लोकसभा के पूर्व स्पीकर नीलम संजीवा रेड्डी कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी उनकी उम्मीदवारी से सहमत नहीं थीं, लिहाजा उन्होंने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ, अपने उम्मीदवार के तौर पर, लोकप्रिय मजदूर यूनियन नेता वीवी गिरि को चुनाव मैदान में उतार दिया। गिरि ने निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़ा। तब स्वतंत्र पार्टी, जनसंघ और विपक्ष के अन्य दलों ने सीडी देशमुख को अपना साझा उम्मीदवार बनाया। वह पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की सरकार में वित्त मंत्री रह चुके थे। उस दौर में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 'अंतरात्मा' के आधार पर मतदान करने का आह्वान किया था। नतीजा यह हुआ कि वीवी गिरि को 4,20,077 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार नीलम संजीवा रेड्डी को 4,05,427 वोट हासिल हुए। वीवी गिरि राष्ट्रपति चुनाव जीत गए। इस स्तर का वह एकमात्र चुनाव रहा, क्योंकि उसके बाद 'अंतरात्मा' की आवाज पर राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ा गया, लेकिन पालाबदल, पलटुओं, क्रॉस वोटिंग के चुनावों की लंबी परंपरा हमारे देश में रही है। इसे स्वतंत्र बौद्धिक, वैचारिक मतदान का नाम दिया गया अथवा घोड़ों की तरह विधायक खरीदे-बेचे गए या राजनीतिक दल के दायरे और उनकी निष्ठाएं बदलती रहीं।

### वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं

# प्रशासनिक भ्रष्टाचार के लिए प्रशासन ही जिम्मेदार

राजेंद्र मोहन शर्मा

> भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं। वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है।

**भारतीय** प्रशासन में सच्चरित्रता तथा नैतिकता की स्थापना करना एक विषम समस्या है। ऐसा भ्रष्टाचार परम्परागत व विश्वव्यापी है जिसे समाप्त नहीं किया जा सकता तथा केवल कुछ सीमा तक इसे कम जरूर किया जा सकता है। कौटिल्य ने कहा है कि सार्वजनिक कर्मचारियों द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग न करना उसी तरह से संभव है जिस तरह जीभ पर रखे शहद को न चखना है। भ्रष्टाचार एक ऐसा नासूर है जिसकी लोक कथाओं के किस्से ऐतिहासिक दस्तावेजों तक चर्चित रहे हैं। वास्तव में राजनीति व राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार के जन्मदाता हैं तथा उनके ही संरक्षण में पल कर प्रशासनिक अधिकारी अनैतिकता का काम करते हैं। वास्तव में भ्रष्टाचार का जन्म सत्ता के ऊंचे शिखरों से आरम्भ होता है जो धीरे-धीरे पूरे तन्त्र में रिस जाता है तथा इस अमररूपी बेल को राजनीतिज्ञों व उच्च प्रशासनिक अधिकरियों द्वारा पाला व पोसा जाता है। आज प्रत्येक व्यक्ति अधिक से अधिक सुख सुविधाएं स्वयं व परिवार के लिए जुटाना चाहता है। ऊंचा ठाठ-बाठ बनाए रखना वस्तुतः प्रतिष्ठा का परिचायक बन चुका है। वेतनभोगियों की आय तो सीमित होती है, मगर वे भ्रष्ट साधनों से अतिरिक्त आय जुटाने में लगे रहते हैं। यद्यपि सरकार ने वेतनभोगियों के भ्रष्ट आचरण पर अंकुश लगाने के लिए कई नियम व कानून बना रखे हैं, मगर इन सबके बावजूद ऐसे भ्रष्ट लोग कानूनों से बचने में सफल हो जाते हैं। कितनी विडंबना है कि राजनीतिज्ञों ने विभिन्न कार्पोरेट के लोगों से अपनी पार्टियों को चलाने के लिए इलैक्ट्रोल बॉन्ड की खरीदो-फरोख्त करने की न केवल इजाजत दे रखी थी, बल्कि इस धन को आयकर से भी बाहर कर रखा था तथा इसी तरह कोई भी व्यक्ति इस सम्बन्ध में सूचना भी प्राप्त नहीं कर सकता था। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने ही इस मक्कडजाल को तोड़ा है तथा भ्रष्टाचार के इस अवैध मार्ग को परास्त किया है। वास्तव में राजनीतिज्ञ प्रशासन को अपने हाथ में लेकर अपनी स्वार्थपूर्ण नीतियों व नियमों को बनाते रहते हैं। उस समय में आरबीआई के गवर्नर रहे अर्जित पटेल ने चुनाव आयोग को आगाह किया था कि यह स्कीम मनी लॉन्डरिंग को बढ़ावा देगी जोकि देश के हित में नहीं होगा। मगर पिंजरे का तोता चुनाव आयोग इस सम्बन्ध में



कुछ न कर सका तथा चुप्पी साधे बैठे रहा। भ्रष्टाचार को तो मानो सामाजिक मान्यता प्राप्त हो चुकी है। पैसा व प्रतिष्ठा तो अब एक-दूसरे के पर्याय बन चुके हैं। पांच-चार हजार की रिश्वत तो चाय पानी के रूप में ही मानी जाती है। प्रशासन में छोटी छोटी अनियमितताएं अब स्वाभाविक प्रक्रियाएं मान ली जाती हैं। जो व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी करता है उसे असामाजिक व्यक्ति माना जाता है। प्रशासनिक कार्यों में नैतिकता समाहित करने के लिए कई सस्थाएं बनाई गई हैं, मगर वे भी आम तौर पर निष्क्रिय ही पाई जाती हैं। सतर्कता विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक संस्थाएं, केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो, पुलिस का गुप्तचर विभाग, लेखा परीक्षण तथा लोकायुक्त सहित सभी विभाग पूर्णतः क्रियाशील व प्रभावी नहीं हो पा रहे हैं। उधर हमारी न्यायिक व्यवस्था भी इतनी जटिल है कि अपराधी किसी न किसी बहाने छूटने में सफल हो जाते हैं। अधिकतर देखा गया है कि बड़े अधिकारियों को पकडना मुश्किल होता है तथा छोटे मोटे कर्मियों जैसे कि पटवारी, कानूनगो, वन रक्षक या फिर क्लर्क इत्यादि लोगों को पकडक़र ये सारे विभाग अपना टारगेट पूरा करते रहते हैं। वास्तव में प्रशासनिक वेतनभोगियों को बचाने के लिए हमारे कानून ने एक बहुत बड़ा बचाव व संरक्षण का तरीका समाहित कर रखा है। भारतीय दंड प्रक्रिया की धारा 197 के अन्तर्गत किसी भी न्यायाधीश या लोकसेवक द्वारा यदि कोई भ्रष्ट आचरण किया जाता है तथा अमुक व्यक्ति पुलिस द्वारा पकड़ भी लिया जाता है, तब भी पुलिस को ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध चालान को न्यायालय में भेजने से पहले उस व्यक्ति के नियुक्त अधिकारी से अभियोजन की स्वीकृति लेना आवश्यक है। आम तौर पाया गया है कि भ्रष्ट उच्चाधिकारियों की स्वीकृति को टाले रखा जाता है तथा कई वर्षों तक यह खेल चलता रहता है। तदोपरान्त एक समय के बाद उस चालान की न्यायालय में भेजने की समय सीमा समाप्त हो जाती है, हालांकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सम्बन्ध में कई बार निर्णय दे रखे हैं कि भ्रष्टाचार करना किसी कर्मचारी का आधिकारिक कार्य का हिस्सा नहीं है तथा कि ऐसे मामलों में चालान को बिना स्वीकृति के ही न्यायालय में भेजा जा सकता है, मगर फिर भी देखा गया है कि कुछ भ्रष्ट अधिकारी इस कानूनी धारा का लाभ उठा कर सजा से बचते रहते हैं। विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के भ्रष्ट आचरण को रोकने की जिम्मेदारी तो उनके अपने विभाग की ही होनी चाहिए, मगर चोर चोर मौसेरे भाई की उक्ति की पालना करते हुए आम तौर पर अधिकारी चुप्पी साधे रखते हैं तथा यह सारा कार्य पुलिस को ही करना पड़ता है। जब सारा तन्त्र ही भ्रष्ट हो, तब पुलिसमैन भी कोई ऐसा फरिश्ता या अली बाबा नहीं हो सकता जो ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों को पकडने में सक्षम हो पाए। यह भी देखा गया है कि भ्रष्ट कर्मियों द्वारा अज्ञात स्त्रोतों से बनाई गई सम्पत्ति की जांच नहीं की जाती तथा वे देखने में ईमानदार ही लगते हैं, जबकि उन्होंने न जाने कितने करोड़ों की सम्पत्ति कई स्थानों पर अपने रिश्तेदारों या फिर चहेतों के नाम पर बना रखी होती है। इसी तरह ऐसे भ्रष्ट अधिकारी लाखों करोड़ों रुपए अपने बच्चों की पढ़ाई या उनके विवाह पर खर्च करते पाए जाते हैं तथा अपनी दो नम्बर की कमाई का किसी भी पुलिस तन्त्र को पता ही नहीं लगने देते। आखिर क्या कारण हैं कि एक ही पद तथा एक ही वेतनमान पर कार्यरत एक ईमानदार व एक भ्रष्ट कर्मी का जीवन स्तर न केवल अलग-अलग होता है बल्कि एक कम वेतनमान वाले कर्मी का आलीशान बंगला व उसकी अन्य सुख सुविधाएं दूसरे से कहीं अधिक होती हैं। वास्तव में अधिकांश व्यक्ति नौकरशाही की कार्यप्रणाली, कठोर नियमों तथा जटिल प्रक्रियाओं से घिरी होने के कारण अपना कार्य शीघ्रतापूर्वक सम्पादित करवाने हेतु घूस देना पसन्द करते हैं तथा कर्मचारियों की यह प्रवृत्ति बन गई है कि बिना घूस के कार्यों को आम तौर पर नहीं किया जाता।

दृष्टि कोण

# कांग्रेस में सियासी भगदड़ क्यों?

**भाजपा** के बढ़ते प्रभाव और कांग्रेस की कमजोर पड़ती सत्ता से कांग्रेसियों में भगदड़ मची हुई है। दरअसल कांग्रेस के राजनीतिक जहाज में सवार नेताओं को अपना भविष्य डूबने का खतरा सता रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की हालत आयाराम-गयाराम जैसी हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस छोडने वाले नेताओं की लंबी फेहरिस्त सामने आ चुकी है। यह सिलसिला लोकसभा चुनाव तक जारी रहने की उम्मीद है। कांग्रेस में बदहवासी का आलम यह है कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरते-गिरते बची है। राज्यसभा के निर्वाचन में हुई क्रास वोटिंग का सर्वाधिक खामियाजा कांग्रेस ने भुगता है। क्रास वोटिंग करने वाले नेताओं को इस बात का अंदाजा लग गया कि इस राजनीतिक पार्टी में भविष्य सुरक्षित नहीं है। यही वजह रही कि बहती गंगा में हाथ धोने से कांग्रेस के नेता बाज नहीं आए। आश्चर्य की बात यह है कि एक तरफ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पहले देश में एकता यात्रा और उसके बाद अब न्याय यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता कांग्रेस में व्याप्त हताशा को रोकने के लिए कोई मजबूत उपाय नहीं कर सके। पार्टी से एक के बाद एक वरिष्ठ नेता कांग्रेस का दामन छोडने में लगे हुए हैं। कांग्रेस की बात करें तो पांच बड़े नेताओं ने पिछले एक महीने के अंदर पार्टी छोड़ी है। कमलनाथ इस सूची में छठा नाम हो सकते हैं। चुनाव की तारीख का ऐलान होने में एक महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में कांग्रेस के लिए नई रणनीति बनाना और जीत हासिल करना बेहद मुश्किल होगा। बड़े नेताओं के दल बदलने से सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस को हुआ है, लेकिन बीजेपी भी इससे नहीं बच पाई है। सत्ताधारी पार्टी के तीन बड़े नेता पाला बदल चुके हैं। खास बात यह है कि तीनों नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी के अशोक तंवर भी बीजेपी का हिस्सा बन चुके हैं। हालांकि, बीजेपी का साथ छोडक़र कांग्रेस में जाने वाले आखिरी बड़े नेता जी विवेक थे, जिन्होंने नवंबर 2023 में ऐसा किया था। इसके बाद से पार्टी अपने नेताओं को बांधकर रखने में सफल रही है। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ पार्टी के हाईकमान से नाराज हैं और बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। अगर कमलनाथ कांग्रेस छोड़ते हैं तो वह ऐसा करने वाले कांग्रेस के पहले पूर्व मुख्यमंत्री नहीं होंगे। उनसे पहले 12 नेता ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि कमलनाथ की वजह से कांग्रेस छोडने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले ही बीजेपी का हिस्सा हैं। कुछ नेताओं ने अपनी पार्टी बनाई तो वहीं कुछ नेता दूसरी पार्टी में शामिल हो गए। इस सूची में सबसे ज्यादा तीन पूर्व मुख्यमंत्री गोवा के हैं। गोवा के दिगंबर कामत, रवि नाइक और लुइजिन्हो फलेरियो ऐसे नेता हैं, जो कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे, लेकिन बाद में पार्टी छोड़ दी। इनमें से दिगंबर और रवि ने तो अंत में बीजेपी का दामन थामा, लेकिन फलेरियो पहले टीएमसी में रहे, फिर इस पार्टी से भी अलग हो गए। अगले कुछ महीनों में लोकसभा के चुनाव हैं। इससे ठीक पहले जिस तरह कांग्रेस से दिग्गज नेता अलग हो रहे हैं, वो चौंकाने वाला है। कांग्रेस को झटके पर झटका उनकी पार्टी के नेता ही दे रहे हैं। चुनाव से ठीक पहले ही कांग्रेस के नेता पार्टी को छोडना शुरू कर देते हैं। कांग्रेस के कई पूर्व सीएम जैसे कि कैप्टन अमरिंदर सिंह, गुलाम नबी आजाद, एन. बीरेन सिंह, नारायण राणे, एसएम कृष्णा, शंकर सिंह वाघेला, पेमा खांडू और अशोक चव्हाण जैसे नेताओं का भी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से भरोसा समाप्त होता नजर आया। कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एक तरफ तो पार्टी छोड़ चुके हैं, वहीं दूसरी तरफ कई बड़े नेताओं के पार्टी छोडने की अटकलें लगाई जा रही हैं। महाराष्ट्र में तो कांग्रेस को एक के बाद एक प्रदेश के तीन दिग्गज नेताओं ने झटका दिया है। सबसे पहले पार्टी से एक महीने पहले मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दिया। इसके बाद 8 फरवरी को बाबा सिद्दीकी ने पार्टी छोडने का ऐलान कर दिया और अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी कांग्रेस की नाव से उतर चुके हैं। कांग्रेस के अंदर की अंतर्कलह आज से जारी नहीं है। राहुल गांधी के सबसे नजदीकी नेताओं में शामिल रहे दिग्गज भी अब बीजेपी के साथ हैं तो वहीं कांग्रेस में सोनिया गांधी के करीबी माने जाने वाले नेताओं में से रीता बहुगुणा जोशी, कैप्टन अमरिंदर सिंह और गुलाम नबी आजाद भी पार्टी का दामन छोड़ चुके हैं। कांग्रेस से युवा नेताओं का भी मोहभंग होता जा रहा है। इसका उदाहरण मिलिंद देवड़ा, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, अल्पेश ठाकोर, हार्दिक पटेल, सुष्मिता देव, प्रियंका चतुर्वेदी, आरपीएन सिंह, अशोक तंवर जैसे नेता हैं, जो कांग्रेस से अलग हो चुके हैं।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## डॉ एस राधाकृष्णन् बीएड कॉलेज में मनाई गईं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** डॉ. एस. राधाकृष्णन् शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी के बहुउद्देशीय सभागार में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉशिव कुमार राणा तथा सभी शिकक्षगण के द्वारा डॉ. एस. राधाकृष्णन् के चित्र पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। मंच का संचालन तथा देखरेख बीएड के सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम के द्वारा किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती वंदना, कुलगीत, स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. शिव कुमार राणा ने कहा कि हमें सदैव महिलाओं का सम्मान करना चाहिए एवं विशेषकर महिला प्रशिक्षुओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।



विषय प्रवेश कराते हुए सहायक प्राध्यापक संजु उरांव ने कहा कि महिलाओं सर्वप्रथम खुद का सम्मान करना चाहिए। साथ ही हम 21वीं शताब्दी में पुरूषों के बराबर कदम से कदम मिलाकर चल रहें हैं , जो कि महिला सशक्तिकरण को दर्शाता है। व्याख्याता राजेश महतो ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बातों पर जोर दिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के भाषण, कविता, कहानी, नृत्य, गीत, चुटकुले, खेल का आयोजन हुआ. जिसमें मुख्य रूप से श्वेता, अमन, चंचल, विक्की, नीतिश, अंजु, निशी, चंदनदेव, सिमरन, मानसी, नेहा, आकांक्षा, स्नेहा, आर्या, ग्रेस, विवेक, पूजा, पूनम, सुभानु, अशोक, अमित, धनेश्वर, वीणा इत्यादि प्रशिक्षुओं ने कार्यक्रम कोसफल बनाने में अपना योगदान दिया।इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, संजु रंजना होरो, मो. परवेज अखतर डीएलएड के व्याख्याता मुरारी कुमार दूबे, राजेश महतो, बाबुचंद प्रसाद, प्रतिमा कुमारी, सुलेखा कुमारी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में निकिता कुमारी (कार्यालय अधीक्षक), निशा कुमारी (पुस्तकालयाध्यक्ष), श्रेया गुप्ता (लेखापाल), उमेश महतो, पवन कुमार (तकनीकी सहायक), मुनीता कुमारी, सुनीता वर्मा, सुनीता देवी, पूनम साहू, सावित्री देवी, पंकज करमाली, निर्मल महतो (माली) बी.एड. एवं डी.एल.एड. के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के व्याख्याता सुप्रिया वर्मन के द्वारा किया गया।

## रामगढ़ महाविद्यालय में महिला दिवस मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्वदिवस पर गुरुवार को रामगढ कालेज के सेमिनार कक्ष में रामगढ कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना और संस्कृत, राजनीतिविज्ञान, अर्थशास्त्र, खोरठा तथा हिन्दी विभाग द्वारा सामूहिक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या डॉ रत्ना पांडेय की अध्यक्षता में हुई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों और सभी विभागों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डा. रत्ना पाँडे के वक्तव्य से हुआ। साथ ही, डॉ अनामिका, डॉ मालिनी डीन, डॉ बलवन्ती मिंज ने भी महिला विषयक विविध विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रीति कमल ने और धन्यवाद ज्ञापन बीरबल महतो ने किया। कई प्रतिभागी विद्यार्थियों ने प्रश्न पूछे और वक्ताओं ने उनके समुचित जवाब दिये।

## भुरकुंडा सुन्दर नगर मे 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हर साल की भाती इस वर्ष भी भुरकुंडा सुन्दरनगर में 24 घण्टे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन हो रहा है। अखंड हरिकीर्तन का गुरुवार को विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुभारंभ हुआ। इस दौरान क्षेत्र मे हरे राम हरे कृष्ण के भजन जयकारो से भुरकुंडा सुन्दरनगर कोयलांचल गूंज रहा है। अखंड हरिकीर्तन का समापन शुक्रवार को हवन पूर्णाहुति के साथ समापन होगा। एवं रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा अखंड हरिकीर्तन मे कोयलांचल के कई जगहो से कीर्तन मंडली और भक्तजन शामिल हो रहे है। अखंड हरिकीर्तन को सफल बनाने मे पुरोहित लाल बाबू पाठक यजमान भोला खरवार , ब्यास पांडे , रोहित सोनी,शकर भाई, सुनील साव, विकास सिन्हा, नंदकिशोर ठाकुर छोटू सोनी कवि राय दीपक खरवार आदि भक्तजन योगदान दे रहे है।

## शिवरात्रि पर्व को लेकर राकोमयू ने गौरी शंकर मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण किया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उरीमारी के चेक पोस्ट स्थित गुरुवार को गौरी शंकर मंदिर का राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह गौरी शंकर मंदिर कमिटी के अध्यक्ष राजू यादव व उनकी टीम ने मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण किया। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने बताया कि शुक्रवार को मंदिर में शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी आलोक में मंदिर में रंग रोंगन और मंदिर परिसर के अगल बगल साफ सफाई का कार्य किया जा रहा है। निरीक्षण के उपरांत राजू यादव ने कहा कि उरीमारी गौरी शंकर मंदिर में शुक्रवार को भव्य शिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। वहीं इस मंदिर में वर्षो से पुजा होती आ रही है। शुक्रवार को शिवरात्रि पर पुजा अर्चना करने आने वाले सभी श्रद्धालु को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसका पुरा ध्यान रखा जा रहा है। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू, डा जीआर भगत, महादेव बेसरा, कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी,चन्दू जायसवाल, श्याम सुंदर प्रसाद,दीपक कुमार यादव, महेश करमाली, बिनोद प्रजापति, राजू पासवान, राजकुमार सिंह, दिलीप महतो आदि लोग मौजूद थे।



## आजसू छात्र संघ रामगढ़ जिला कमिटी की हुई बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू जिला कार्यालय रामगढ़ में आजसू छात्र संघ रामगढ़ जिला कमिटी की एक आवश्यक बैठक की गयी। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी पीयुष चौधरी, केंद्रीय सचिव हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा उपस्थित हुवे । कार्यक्रम में संगठन विस्तार पर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का अभिनन्दन किया गया एवं सर्वसम्मति से सभी प्रखंड कमिटि का पुनर्गठन एवं विस्तारीकरण का निर्णय लिया गया तथा सभी प्रखंडो का प्रभारी नियुक्त किया गया जो निम्नलिखित है।रामगढ़ संजय सिंघनिया , दुलमी देवा महतो , गोल सुबिन तिवारी , चितरपुर मनोज कुमार महतो , मांडू शिवम मिश्रा , नगर परिषद नीतीश निराला , छावनी परिषद रोहित सोनी मौके पर विभावि प्रभारी अनुराग भारद्वाज, जिला अध्यक्ष देवा महतो, जिला सचिव सुबिन तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, जिला प्रवक्ता शिवम मिश्रा, संगठन सचिव रवि कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज महतो, संजय सिंघानिया, अजय महतो, रोहित सोनी,पवन चौधरी,, राहुल कुमार सहित कई मौजूद थे।




## रजरप्पा स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स टीम गठन को लेकर चयन प्रतियोगिता का आयोजन कल

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 17वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 देवघर में 20 मार्च से 22 मार्च से होने जा रहा है. इसी को लेकर रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोशिएशन के तहत 9 मार्च को रजरप्पा स्टेडियम में जिला एथलेटिक्स टीम गठन को लेकर चयन प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 8.00 बजे से रखा गया है. इस चयन प्रतियोगिता में 14,16,18 और 20 वर्ष के बालक, बालिका खिलाड़ी ससमय उपस्थित होकर चयन प्रतियोगिता में भाग लें. ताकि खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन के आधार पे रामगढ़ जिला एथलेटिक्स टीम का गठन किया जाएगा. यह जानकारी सीडी सिंह सचिव आरडीएए ने दी.सभी खिलाड़ियों का एएफआई कार्ड होना अनिवार्य है. साथ ही सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड लाना भी अनिवार्य है।



**संक्षिप्त खबरें**

## पास देने के चक्कर में पलटने से बाल बाल बचा पिकअप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत ब्रह्मपुर सड़क के मायाडीह समीप समीप दूसरे वाहन को पास देने के कारण पिकअप वाहन पलटते पलटते बाल बाल बच गया। बताया गया ब्रह्मपुर से टेंट का समान ले वापस गिद्धौर जा रहा था। इसी बीच मायाडीह गांव समीप एक भारी वाहन गुजर रहा था।भारी वाहन को पास देने के कारण नल जल योजना के तहत सड़क किनारे पाइप बिछाया गया। पाइप बिचायेगये में पिकअप वाहन पूरी तरह से फंस गया। और पलटते पलटते बच गया। 709 वाहन के सहयोग से पिकअप वाहन को खींचकर निकाला गया।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत जिले भर में चलाया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार को प्रतापपुर प्रखंड के बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच में जिला अग्रणी प्रबंधक देवब्रत शर्मा द्वारा मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाया गया। प्रतापपुर प्रखंड के पंचायत ग्राम पीरी में मतदाताओं को बैनर पोस्ट के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया। साथी ही जागरूकता टीम के द्वारा मतदाताओं से निष्पक्ष एवं भयमुक्त होकर चुनाव के दिन मतदान केंद्र पर पहुंच अपना मत का प्रयोग करने हेतु अपील की गई और सभी मतदाताओं के बीच अबकी बार 80 प्रतिशत पार का भी नारा लगाया गया। हंटरगंज प्रखंड समेत अन्य प्रखंडों में भी मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, पेंटिंग, मतदाता शपथ, रैली के अलावे अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु खूंटीकेवाल खुर्द पंचायत अंतर्गत विभिन्न गांवो में आज दिव्यांग मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व दिव्यांग ब्रांड एम्बेसडर कवि सुचित कुमार वियोगी ने किया उन्होंने सभी से अपील किया कि निर्भीक होकर अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। लोभ और लालच में किसी को नहीं पड़ना है और एक सही, शिक्षित सुयोग्य समाजसेवी उम्मीदवार का चयन करना है तभी समावेशी समाज का विकास संभव है।

## राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी चतरा के तत्वावधान में गुरुवार को राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में अधिकांश रक्तदाता 18 प्लस उम्र के युवा थे। मौके पर उपस्थित रेड क्रॉस के सचिव धर्मेन्द्र पाठक ने कहा कि यह शिविर जिले में बढ़ते थैलेसेमिया मरीज के साथ साथ आये दिन घटने वाले दुर्घटना के शिकार लोगों को रक्त मुहैया कराने के उद्देश्य से किया गया है। उन्होने रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लेने वाले युवा रक्तदाताओं के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होनें इस शिविर को सफल बनाने के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज रजक, डॉ नितेश कुमार के प्रति भी आभार प्रकट करते हुवे कहा कि इनके सहयोग और अथक प्रयास के कारण ही शिविर सफल हुआ है। शिविर के सफल आयोजन में रेड क्रॉस के कोषाध्यक्ष गोपाल कुमार वर्मा, लैब तकनीशियन सुमन कुमारी, विजय कुमार, एमपीडब्ल्यू रत्नेश कुमार, जीएनएम मधुलता कुमारी, कहकशा प्रवीण, तापेश्वर प्रसाद सोनी, आदि ने अहम भूमिका निभाई।

## कोर्टेवा पायोनियर बीज कंपनी द्वारा महिला दिवस का किया गया आयोजन





**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोर्टेवा एग्रीसाइंस पायोनियर बीज कम्पनी द्वारा टंडवा प्रखंड के खधैया गांव में महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे लगभग गांव के सभी महिलाओं ने बढ़ चढ़ के भाग लिया। कंपनी की ओर से उपस्थित सभी महिलाओं के बीच रंगोली, मेहंदी एवम् संगीत का कार्यक्रम किया गया। इस प्रतियोगिता भाग लिए प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवम् तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कंपनी के क्षेत्रीय प्रतिनिधि अजीत कुमार रजक, मंटू कुमार सिंह एवं जिला प्रतिनिधि निवारण पाण्डेय ने महिला दिवस पर चर्चा किया। इस मौके पर गांव के बेबी देवी, हिना देवी, कांति देवी, कबीता देवी, अंजनी देवी, रंजना देवी, सरिता देवी, रूपा कुमारी, सोनाली कुमारी, बेबी कुमारी, ममता कुमारी समेत कई अन्य महिला किसान उपस्थित थे।

## परमेश्वर साहू की अध्यक्षता में नववर्ष विक्रम संवत को लेकर जय श्री राम समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जय श्री राम समिति की बैठक गुदरी बाजार स्थित मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में परमेश्वर साहू की अध्यक्षता में की गई आयोजित बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत को लेकर खास चर्चा की गई जिसमें जिला प्रखंड पंचायत के संरक्षक पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित थे। बैठक को संरक्षक त्रिवेणी दास, उमेश कास्यकार, परमेश्वर साहू,संजय नायक, पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन, अजय सोनी, जिला महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, जिला संचालन समिति सदस्य अनिल उरांव, नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को संबोधित किया। त्रिवेदी दास एवं उमेश कास्यकार ने कहा जय श्री राम समिति के द्वारा हर साल। नववर्ष विक्रम संवत को लेकर भव्य शोभा यात्रा निकाली जाती है जिसकी भव्यता देखते ही बनती है उसे और भी भव्य बनाने के लिए समिति हर साल अलग-अलग रूपरेखा पर काम करती है इस बार भी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा इस बार शोभा यात्रा 9 अप्रैल को निकाली जाएगी जिसे देखते हुए जगह-जगह विधि व्यवस्था बनाई जाएगी जिससे किसी को कठिनाई न हो। अनिल उरांव ने कहा इस बार शोभा यात्रा में जनजातीय समाज की भूमिका अग्रिम होगी जो शोभा यात्रा की खूबसूरती को बढ़ाएगी। अध्यक्षता कर रहे परमेश्वर साहू ने कहा हमारी एक जूटता को प्रदर्शित करने का यह मौका हमें उत्साहित करती है ऐसे में हम सब मिलकर कार्य करें और कोई न छूटे ऐसी प्रयास होनी चाहिए आने वाला नववर्ष को धूमधाम से मनावे एवं घरों के छतों पर केसरिया पताका लगाए एवं संध्या में दीप अवश्य जलाएं।

## प्रतापपुर में तहफ्फुज कनीज-ए-फातमा कांफ्रेंस का हुआ आयोजन

### लड़कियों को गुणवत्ता शिक्षा देना वक्त की जरूरत : मुजफ्फर हुसैन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** ज़िले के प्रतापपुर प्रखण्ड मुख्यालय से 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बिहार झारखंड के सिमना पर पंचायत भरही के रज़ा नगर में एक दिवसीय तहफ्फुज़ कनीज - ए- फातमा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कांफ्रेंस में बतौर मुख्य अतिथि नबीर - ए - आला हज़रत पीरे तरीकत रहबरे राहे शरीयत हज़रत अल्लामा अल्हाज शाह मो इमरान रज़ा खान उर्फ़ समनानी मियां साहब , बरेली शरीफ़ (यूपी) की दुआओं के साथ कांफ्रेंस का समापन हुआ। कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए मुफ्ती मोहम्मद मुजफ्फर हुसैन रिज़वी रब्बानी मिस्बाही ने कहा कि मुसलमानो में शिक्षा की घोर कमी देखी जा रही है।वक्त का पुकार है कि मुस्लिम लड़कियों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा पर बल दिया गया। अच्छी शिक्षा देने के मक़सद से अल जमीयतुल गौसिया उम्मुल ख़ैर लिलबनात की स्थापना मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि चतरा ज़िला का यह पहला शिक्षण संस्थान है जहां लड़कियों को तालिम देने का व्यापक इंतज़ाम किया जा रहा है। मुफ्ती मुजफ्फर ने कहा कि एक लड़की को अच्छी शिक्षा देने से घर, परिवार, समाज के साथ - साथ आने वाली पीढ़ियों को भविष्य संवारने में सहायता मिलती है। जलसे (कांफ्रेंस) को यूरोप और एशिया के माहिर इल्म व फन अल्हाज कारी रूहुल अमीन साहब, जबलपुर अजमते कुरआन विषय पर वक्तव्य दिया। कांफ्रेंस को मौलाना डा ज़ाकिर हुसैन रिज़वी ने इस्लामी समाज की तरक्की में मुस्लिम औरतों का किरदार और मौलाना अल्हाज मो तबारक हुसैन रिज़वी ने अरकान - ए- इस्लाम और उम्मते मुसलमान की गफलत÷ विषय पर प्रकाश डाला। कांफ्रेंस में इलाकाई आलिम और कवियों की भी उपस्थिति देखी गई। अल जमीयतुल गौसिया उम्मुल ख़ैर लिलबनात के संस्थापक व कांफ्रेंस के अध्यक्ष कारी राहतुल्लाह ख़ान रिज़वी ने बताया कि अल जमीयतुल गौसिया उम्मुल ख़ैर लिलबनात की संगे बुनियाद( आधारशिला) होने से भरही गांव के साथ - साथ पूरे क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। इस कांफ्रेंस को सफल बनाने में नौजवानों ने अहम रौल अदा किया।

## जहर खाने से 21 वर्षीय महिला की मौत

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मोनिया गांव निवासी सुनिल भारती की पत्नी सोनम देवी (21) ने बुधवार को जहर खाकर आत्महत्या कर ली।मृतक महिला अपने माईके जोगियारा में रहती थी। इस संबंध में माईके वाले ने बताया कि मृतक सोनम देवी ने अपने माईके मे रहती थी बुधवार को जब घर में कोई नही था तो वह जहर खा कर आत्म हत्या कर ली।जब परिजनो ने अचानक जहर खा खाये जाने पर गंभीर स्थिति में देख महिला को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मे भर्ती किया जहां पर डॉक्टर नें जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया।मृतक महिला के पति चेन्नई में मजदूरी का काम करता है, इधर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है।

## समाजसेवी सह पत्रकार प्रभाकर मिश्र के निधन पर शोक संवेदनाओं का तांता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रसिद्ध समाजसेवी, व्यवसायी सह पत्रकार प्रभाकर मिश्र का निधन बुधवार की देर रात उनके आवास पर हो गया। वे गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। बतादें की स्व मिश्र एक बेहतरीन वक्ता के साथ साथ एक नेकदिल इंसान भी थे। उनका असमय चला जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन पर पत्रकारों समेत विभिन्न राजनीतिक दल, समाजसेवियों ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में सुरेंद्र वैद्य, सुमित कुमार, अजय वैद्य, दीपक भगत, राजेश प्रसाद, मनोज मेहता, मुकेश सिंह, मुबारक आलम, रोशन कुमार, गौरव दुबे, कमलेश प्रसाद, राहुल कुमार, मो इरफान, बबलू खान, राजीव उरांव, अमित गुप्ता, संजीव आजाद, राजकुमार पाठक, राजकुमार साहू, प्रमोद साहू, अयूब खान, असगर खान, दीपू सिन्हा, शितमोहन मुंडा, रामप्रवेश यादव, मो मोज़म्मिल, मो अलाउद्दीन पप्पू, इंदुभूषण पाठक, अनिल साहू, हाजी फिरोज अहमद, मो अब्दाल, मो अफाक, मो शमशाद, रसीद खान के अलावे विवेकानंद किशोर संस्थान के प्रेमशंकर भगत, जगन्नाथ उपाध्याय, अशोक सिंह जाडेजा, सत्येंद्र प्रसाद साहू, भगवान दास गुप्ता, राजेश चंद्र पांडेय, नरेश प्रसाद गुप्ता, नवल किशोर लाल, रामवृक्ष चौधरी, विजय दत्ता, रमेश प्रसाद, दिनेश प्रसाद, कृष्ण चंद्र पांडेय, डॉ अनिल, राजू सिंह, मनोज सिंह, जयेश वरु, प्रमोद दुबे, रविंद्र प्रसाद, गणेश पासवान, पप्पू सिंह, मोहिनीश कुमार, दीपक कुमार, मिंकू शर्मा, संजय साहू, विष्णु कुमार, संजीव कुमार, नीतीश तिवारी, राहुल कुमार, विकास कुमार समेत कई लोगों का

## आगामी शिवरात्रि को लेकर 88 वां शिव जयंती समारोह का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की लातेहार बाइपास रोड कार्यालय में आगामी शिवरात्रि को लेकर 88वां शिव जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद झंडोतोलन किया गया बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीके आशीष भाई ने विस्तार से बताया कि हमलोग शिवरात्रि जो मनाते हैं उसे कैसे मनायें हम सभी शिव की सजानिया शिवबाबा को अपना साजन मानते हैं तो हमें सोलह श्रृंगार कर अर्थात सर्वगुण को अपने में धारण कर ही शिव को अपना सजन बना सकते हैं। बीके गंगोत्री ने संस्था का परिचय दिया तथा बीके अमृता ने शिवरात्रि कि आध्यात्मिक रहश्य् को बताया। जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि शिवरात्रि पर सबसे पहले बोलते हुए बताएं तो आज शिवरात्रि मनाया जाता है विश्व के कल्याण के लिए समुद्र से निकाला हलाहल जहर को भगवान शिव ने पिया था आज ही के दिन माता पार्वती और शंकर भगवान की शादी हुई थी। कार्यक्रम के अंत में महाभोग का वितरण किया गया। एवं इस अवसर पर पतंजलि के महिला प्रभारी सुनीता बहन ने सभी को बधाई दी।

## मुंबई व पुणे के पांच प्रसिद्ध शैक्षिक विशेषज्ञों द्वारा संत जेवियर्स महाविद्यालय का किया गया दौरा

**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को संत जेवियर्स महाविद्यालय का दौरा पुणे के पांच शैक्षणिक विशेषज्ञों (डॉ. अभिषेक सिंघा, डॉ. कुमार गणेशन, डॉक्टर रेवाथी कुमार, डॉक्टर सुरभी मिश्रा, डॉक्टर रौशन कुमार) द्वारा किया गया। इन सभी सदस्यों का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एम.के. जोश तथा उप प्राचार्य डॉ. फादर समीर टोप्पो तथा सिस्टर कैसलिन जूलिएट द्वारा बुके प्रदान करके किया गया। सभी विशेषज्ञों ने महाविद्यालय का निरीक्षण व अवलोकन बहुत ही बारीकीपूर्वक किया। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय, कॉन्फ्रेंस हॉल, लेक्चर थियेटर हॉल, कैंटीन, गर्ल्स हॉस्टल, तथा महाविद्यालय में बने हुए भव्य सभागार का भ्रमण किया तथा महाविद्यालय की संपूर्ण आधारभूत संरचना (इन्फ्रास्ट्रक्चर) की बहुत ही प्रशंसा की और कहा कि -इस महाविद्यालय में पढ़ने के लिए जो सुविधाएं व माहौल विद्यार्थियों को दिया गया है वह केवल शहरों में दिखाई देती हैं लेकिन महुआडांड़ जैसी सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान किया जाना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। विशेषज्ञों के भ्रमण के पश्चात महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में एक बैठक रखी गई। जिसमें शैक्षणिक विशेषज्ञ सहित कालेज के आदरणीय प्राचार्य व सभी गणमान्य प्रोफेसर्स उपस्थित थे। इस कांफ्रेंस हॉल में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फादर एम.के. जोश ने प्रक्षेपण यंत्र (प्रोजेक्टर) के माध्यम से महाविद्यालय के विजन तथा मिशन के साथ पूरे 1 साल में महाविद्यालय में जितनी भी गतिविधि व क्रियाविधि संचालित की जाती हैं उनको सभी के समक्ष प्रदर्शित किया साथ ही साथ महाविद्यालय के 5 साल की उपलब्धियां और रिकॉर्ड्स को भी सभी के समक्ष पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया जिसका की प्रोफेसर्स तथा विशेषज्ञों के द्वारा बहुत ही प्रशंसा की गई। डॉक्टर रेवाथी कुमार प्राचार्य के प्रेजेंटेशन के बाद कहा कि ÷बहुत कम ऐसे महाविद्यालय हैं जो अपनी प्रत्येक गतिविधि का इतने बेहतरीन तरीके से रिकॉर्ड्स रख पाते हैं। सभागार में सभी विशेषज्ञों ने इसके पश्चात बारी-बारी से कॉलेज के प्रति अपने विचार को प्रकट किए।

## समारोह आयोजित कर स्थानांतरित बीडीओ को दी गई विदाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के सभागार में गुरूवार को स्थानांतरित बीडीओ को निवर्तमान बीडीओ सह अंचलाधिकारी नंदकुमार राम के अध्यक्षा में समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन बीपीओ केतन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल के पदाधिकारियों, शिक्षाविदों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधि व आम नागरिकों ने भी हिस्सा लिया। अपने संबोधन में निवर्तमान बीडीओ सह सीओ राम ने कहा कि अच्छे लोगों का हर जगह सम्मान होता है।चाहे वे जिस क्षेत्र में हो सजग रहते हुए आम लोगों के कार्यो को आसानी से पूरा करने का प्रयास किया। काम के कारण ही आज प्रखंड के लोग उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दे रहे हैं. आगे कहा कि विदा ले रहे पदाधिकारी के बचे कार्यो को पूरा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।प्रखंड के कोई भी आम जनता अपनी समस्या को लेकर सीधे हमसे संपर्क बनाये समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। समारोह में उपस्थित पंचायत के मुखिया, पंचायत प्रतिनिधि, प्रखण्ड सह अंचल कर्मीयो ने निवर्तमान बीडीओ के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्के विकासात्मक कार्य मे सहयोग को गिनाया, वंही उन्के उज्वल भविष्य की कामना किया। इससे पूर्व प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझू, सीओ सह बीडीओ नंद कुमार राम, मुखिया संघ, प्रखण्ड सह अंचल परिवार के ओर से बुके, शॉल, अंगवस्त्र, डायरी, पेन, सहित कई अन्य उपहार देकर सम्मानित कर विदाई दिया। मौके पर प्रमुख मुखिया राजीव भगत, सुरेश उरांव, रानो देवी, केदार गंझू, शांति देवी, सीआई अनील होरो, प्रखण्ड नाजीर अजय मुंडा मो दाउद सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## मेहनत, लगन से शिक्षा व व्यवसाय के क्षेत्र में मिलती है सफलता : सुनीता खलखो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के उच्च विद्यालय प्लस टू के विद्यालय भवन में प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो के अगुवाई में प्रमाणपत्र वितरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित स्कूली छात्राओं के द्वारा पारंपरिक गीतों के माध्यम से किया गया । इस दौरान स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुनीता खलखो, अरशद अंसारी प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष और अन्य शिक्षा कर्मियों के द्वारा बारी बारी से सभी छात्र-छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर प्रधानाध्यापिका ने बताया कि विद्यालय परिसर में लंबे समय से छात्र छात्राओं को व्यवसायिक शिक्षण दिया गया जिसमें मीडिया एंटरटेनमेंट के शिक्षक दिलशाद अंसारी और इलेक्ट्रॉनिक, हार्डवेयर शिक्षक मनीष कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। जिसमें मीडिया एंटरटेनमेंट के 82 बच्चे और इलेक्ट्रॉनिक एवं हार्डवेयर के 35 बच्चों को प्रमाणपत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से ही शिक्षा व व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता मिलती है, व्यवसायिक शिक्षा का महत्व बच्चे हुनरमंद होंगे और आत्मनिर्भर हो। कहा कि बच्चे जीवन में जैसा करेंगे वैसा पाएंगे। वहीं उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते उनके बेहतर भविष्य करने का मार्गदर्शन दिया। मौके पर रमेश कुमार, उज्जवल कुमार समेत अन्य शिक्षा कर्मी मौजूद रहे।

## नंद कुमार राम ने 14 वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुप में प्रभार संभाला

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय मेंअंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बुधवार को 14 वें बीडीओ के रूप में अपना योगदान दिया। तत्कालीन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने लातेहार उपायुक्त के निर्देश पर विधिवत प्रखंड विकास पदाधिकारी का प्रभार सीओ राम को सौंपा। योगदान के पश्चात वर्तमान बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम ने पत्रकारों को बताया कि मैं अंचलाधिकारी के रूप में कार्यरत था अब प्रखंड कार्यालय का भी भार मेरे उपर सौंपा गया है। अपने पद प्रभार के गरिमा के अनुरुप कार्य कर क्षेत्र के विकास में शतप्रतिशत अपना योगदान दुंगा।

## प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का 12 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के मुख्य सड़क स्थित प्राचीन देवी मंडप सह काली मंदिर का 12वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दो दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत 12 मार्च दिन मंगलवार को प्रातः 8 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। इसकी जानकारी देते हुए मंदिर समिति के सदस्य सागर कुमार ने बताया कि कलश यात्रा एवं माँ काली की आकर्षक झाँकी मंदिर परिसर से मुख्य सड़क होते हुए बस स्टैंड तक जाएगी इसके बाद वापस मानस पथ होते हुए औरंगा नदी पहुँचेगी। जहाँ पंडित अनिल मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलशों में जल भरा जाएगा यहाँ से कलशयात्रा थाना चौक होते हुए वापस मंदिर प्रांगण पहुँचेगी।कलशों की स्थापना कर पंडित अनिल मिश्र के सानिध्य में दुर्गा सप्तसती पाठ होगी। 13 मार्च दिन बुधवार को हवन व पूर्णाहुति के बाद नौ कन्याओं का पूजन होगी और 11 बजे माता का विशाल भंडारा वितरण का आयोजन किया जाएगा।भंडारा का उद्घाटन लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया जाएगा एवं संध्या 6.30 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम संपन्न होगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष निर्मल कुमार महलका ने इन सभी कार्यक्रमों में सपरिवार भाग लेने और कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में गुरूवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम मे कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राऐ शामिल हुए।कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के शिक्षकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।कार्यक्रम मे स्कूल के शिक्षको ने बच्चो को परीक्षा के बाद आगे की उच्च शिक्षा प्राप्त करने की जानकारी दी गई।स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो और प्रबंध समिति के सचिव सह सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। स्कूल के प्रचार्या गणेश कुमार महतो ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों का मनोबल बढाना है।उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने जा रहे बच्चों को उनकी सफलता के बारे में कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने भी शिक्षकों से कई सवालों की जानकारी प्राप्त की। इस कार्यक्रम में स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

# पिपरवार के राजधर साईडिंग के रेयतो नें पिपरवार प्रबंधन को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के राजधर साईडिंग से विस्थापित हुए ग्रामीणों ने गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर पिपरवार महाप्रबंधक के नाम कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी को एक ज्ञापन सोपा।विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा सौंपे गए मांग पत्र में बताया गया है कि पिपरवार में कोयला खदान एवं राजधर रेलवे साइडिंग चालू होने के बावजूद अभी तक कई विस्थापित रैयतो की नौकरी मुआवजा और पुनर्वास लंबित पड़ा हुआ है, जिस पर प्रबंधन का किसी प्रकार का ध्यान नहीं है। जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा प्रबंधन को ज्ञापन देकर 24 मार्च तक मांगों को पूरा करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि 24 मार्च तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो 25 मार्च से राजधर रेलवे साइडिंग के अलावा सीसीएल से जुड़े अन्य सभी कार्यो को अनिश्चितकाल के लिए बंद कराया जाएगा।ज्ञापन में मुख्य रूप से अधिग्रहित भूमि के बदले लंबित नौकरी देने एवं मुआवजा को जल्द भुगतान करने,लंबित रैयतो के पेड़ पौधा का मुआवजा देने,रैयतो के लंबित पुर्नवास केन्द्र मुहैया कराने, विस्थापित गांव में सीएसआर योजना के कार्यो मे स्थानीय विस्थापित रैयतो की भागीदारी सुनिश्चित करने,ठेकेदारी मे 70 प्रतिशत काम स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों को देने हैं,साईडिंग से निकलने वाले सरकारी एवं गैर सरकारी रेट में त्रिपालिंग करने, साइडिंग में चल रहे हैं निजी कंपनियों के कार्यों में स्थानीय लोगों की बहाली करने,कल्याणपुर में बंद पड़े डीएवी स्कूल को चालू करने, साइडिंग से उत्पन्न प्रदूषण के नियंत्रण पर पहल करने,साइडिंग में हैंड लोडिंग कार्य शुरू करने,नई खुलने वाली भूमिगत खदान में स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता देने सहित अन्य मांगे शामिल है।ज्ञापन सपना वालों में मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य बसंती देवी, बिरेंद्र उरांव,जाहिद अली,राजू उरांव,मोहम्मद वसीम,मोहम्मद यूसुफ,गोविंद विश्वकर्मा,आफताब अहमद सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।



## नौकरी मुआवजा के लिए स्थगित बंदी को 16 मार्च से करने का आह्वान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के ग्राम बेंती पंचायत के विस्थापित ग्रामीणों के द्वारा स्थगित किए गए बंदी को 16 मार्च से पुनः करने का आह्वान किया गया है।इस संबंध मे ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में किए गए बंदी मे सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता की गई थी,जिसमें 15 मार्च तक समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया था,लेकिन अभी तक प्रबंधन के द्वारा इस पर कोई पहल नहीं की गई है। प्रबंधन के आश्वासन के बावजूद विस्थापित ग्रामीण कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।गुरुवार को दर्जनों विस्थापित ग्रामीण पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में जानकारी ली लेकिन किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया और विस्थापित ग्रामीणों ने स्थगित किए गए बंदी को पुनः करने का निर्णय लिया है।इस मौके पर विस्थापित ग्रामीणों में दुलारचंद मुंडा,रोहन गंझु, दिलीप कुमार,सगीर अहमद, सागर गंझु,रवि कुमार,दीपक भुइयाँ,संजय भुइयाँ,विक्रम कुमार भुइयाँ,कामेश्वर गंझू, सविता देवी,मक़सूद,रवींद्र कुमार महतो,प्रेम कुमार महतो,संजय महतो,सुधीर साव,देवंती देवी,भद्रेश्वर गंझु सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## प्रशासन ने बुढ़वा महादेव मंदिर का किया निरीक्षण आज निकलेगी शिव बारात उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** महाशिवरात्रि पूजा को लेकर बड़कागांव के तमाम शिवालयों का रंग रोगन व सजावटी कार्य पूर्ण हो गया है। महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव में पूजा अर्चना एवं श्रद्धालुओं की होने वाली भीड़ को लेकर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस बल तैनाती की जाएगी। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, अंचल अधिकारी बालेश्वर राम तथा थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रशासन की टीम ने महूदी पहाड़ बुढ़वा महादेव मंदिर मार्ग के विधि व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में ग्रामीण एवं छवनिया गांव में मुस्लिम समुदाय के साथ शांति समिति की बैठक की। मौके पर प्रशासन ने शांतिपूर्वक पूजा करने तथा प्रशासन को सहयोग करने के अपील ग्रामीणों से किया। महाशिवरात्रि पूजा समिति का अध्यक्ष बिंदेश्वर कुमार उर्फ बिंदु दांगी ने कहा कि बड़कागांव राम जानकी मंदिर से सुबह 9ः00 बजे शिव बारात निकलेगी। जिसमें दिल्ली और कानपुर के कलाकारों के द्वारा जीवंत झांकी निकाली जाएगी। बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में शिव बारात झांकी पहुंचेगी और मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम मंदिर प्रांगण में नहीं होगा, बल्कि बुढ़वा महादेव पहाड़ के नीचे रानी तालाब के पास किया जाएगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से एस आई आशीष कुमार भगत, मनोज सिंह, उप प्रमुख वचन देव कुमार, दामोदर मेहता, झमन प्रसाद, शशि कुमार मेहता, वीरेंद्र प्रसाद, बालेश्वर महतो, सुरेश महतो, मंटू कुमार मनोज दांगी के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर एसडीओ ने किया बूथों का भौतिक सत्यापन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए बरही एसडीओ जोहन टुडू ने गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न बूथ जैसे बूथ संख्या 283 एवं 284 उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर एवं बूथ संख्या 302, 307 एवं 308 मध्य विद्यालय बेंदगी का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंद्वार एवं सीओ रामनारायण खलको भी मौजूद रहे। सत्यापन के दौरान बूथ का नाम, बूथ तक पहुंचाने वाला रास्ता की स्थिति, बूथ की क्षमता, कितने मतदाता एक साथ पहुंचकर मतदान कर सकते है, बूथ पर शौचालय, पेयजल, बिजली एवं स्वच्छता की स्थिति से अवगत हो रहे है। साथ ही साथ यह देखा जा रहा है की बूथ की भवन की स्थिति कैसा है। साथ ही साथ मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप वोटर ट्री प्लांटेशन के तहत पौधा रोपण भी किया गया। इस दौरान कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पिपरवार के मंडेर में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर पंचायत के मंडेर गांव मे अंतराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह का उदघाटन पंचायत के मुखिया महेश मुंडा ने फीता काटकर किया।इस समारोह की अध्यक्षता मुखिया महेश मुंडा एवं संचालन सिस्टर रीता बारला ने किया।इस समारोह में मुख्य अतिथि महेश मुंडा सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में पंचायत की उप मुखिया ललिता देवी,सिस्टर विक्टोरिया कुजुर,सिस्टर रीता बारला,वार्ड सदस्य निर्मला कुमारी,राजकुमार उरांव सहित जनप्रतिनिधी समाज के स्वयंसेवी संस्था के कई लोग इस कार्यक्रम मे शामिल थे।इस अंतराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मे उपस्थित महिलाओं द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर किया गया।महिला दिवस समारोह को संबोधित करते हुए पंचायत के मुखिया महेश मुंडा ने कहा कि वर्तमान में महिलाए आत्मनिर्भर हो रही है।केन्द्र और राज्य की सरकार महिलाओ के स्वावलंबन को लेकर विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा रही है।स्वयंसेवी संस्था के सिस्टर रीता बरला ने अपने संबोधन मे राष्ट्र निर्माण मे महिलाओं का योगदान पर प्रकाश डाला।

## वनविभाग ने दर्जनों अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** हजारीबाग डीएफओ सबा आलम के निर्देश पर एसीएफ ए के परमार और रेंजर कमलेश सिंह के नेतृत्व में अवैध कोयला कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अवैध कोयला खदानों को डोजरिंग कर बंद किया गया। प्रखंड के तीन फिटवा, बेलवा टोंगरी, अंबा झरना, दोबघटवा आदि में दर्जनों खदानों को डोजरिंग कर भरा गया। मामले को लेकर एसीएफ ए के परमार ने बताया के अवैध कोयला कारोबारी को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। अवैध कोयला खदान संचालित करने वाले माफियाओं के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा लगातार कार्रवाई की जाएगी। करवाई में बड़कागांव थाना के अधिकारी, एवं बड़कागांव और हजारीबाग के वन विभाग के जवान शामिल थे।

## जल जीवन मिशन का दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को चरही व बहेरा के जल जीवन मिशन की दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया इस अवसर पर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बहेरा के प्लांट का निरीक्षण करते हुए वहां हो रहे गति विधि की जानकारी चरही एवं बहेरा की जल सहिया को दी गई ।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बहेरा मुखिया देवकी महतो, विधायक प्रतिनिधि सह उप मुखिया अभिजीत सिंह, आरिफ अंसारी,ललिता देवी,संगीता देवी,वार्ड सदस्य आशा मुनि टुडू,सीता देवी,रीना देवी,रेनू देवी,अनिता देवी,गीता देवी,सहित जन जागरण केंद्र के ट्रेनर मौजूद थे।



## विष्णुगढ़–गोमियाँ पथ के किनारे खड़ी बाइक में टक्कर, दो गंभीर

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड में आये दिन विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग दुर्घटनाओं में इजाफा हुआ है। वजहों में ड्रिंक एन्ड ड्राइव, कम उम्र के बच्चों द्वारा वाहन चलाना, यातायात नियम का अनुपालन नही होना। आज करीब 04 बजे अपराह्न 07 मार्च 2024 को गरहमुर्गी में एक खड़ी बाइक में दूसरे बाइक ने टक्कर मार दी, खड़ी बाइक में बैठे राजेंद्र ठाकुर पिता स्व.बाजी ठाकुर उम्र 45 वर्ष अडवारा निवासी के पैर और हाथ में गंभीर चोट लगी वहीं दिलीप कुमार पिता स्व मथुरा मोदी उम्र 42 वर्ष बगोदर निवासी भी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी बाइक में सवार तीन लोगों मे दो को सिर पर चोट आई। तीनो लोग कुसुम्भा से कोनार डैम जा रहे थे। चोटिल प्रकाश सिंह पिता अर्जुन सिंह कुसुम्भा निवासी उम्र 11 वर्ष एवम राजेश महतो पिता सोमर महतो उम्र 20 वर्ष गोरहर निवासी को प्राथमिक उपचार के बाद खतरे की बात नही कही गई। बताया जाता है, कि राजेंद्र ठाकुर अपने पुत्र की शादी का कार्ड बॉटने निकले थे और गरहमुर्गी के पास यह घटना घटी।



## आगामी 17 व 18 मार्च को होगा श्री श्याम फाल्गुन ध्वजा यात्रा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** फागुन का महीना बाबा श्याम के लिए काफी मनमोहित होता है ऐसे में देश भर में बाबा श्याम की आराधना और पूजा बड़े ही धूमधाम से की जाती है। इसी क्रम मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम भक्त परिवार के द्वारा दो दिवसीय श्याम महोत्सव का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जा रहा है प्रथम दिन 17 मार्च को भव्य निशान ध्वज यात्रा मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों से गुजरते हुए मुनका बगीचा पहुंचकर समाप्त होगी,इस भव्य शोभायात्रा में सैकड़ो श्याम भक्त बाबा का जयकारा लगाते हुए शोभायात्रा को संपन्न करेंगे। शोभा यात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल होंगे।

# हजारीबाग लोकसभा की जनता करेगी विकसित हज़ारीबाग़ के लिए कांग्रेस महागठबंधन का चुनाव : मुन्ना सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निमंत्रण पैलेस हजारीबाग में लोकसभा स्तरीय बैठक की गई जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने झारखंड कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवम् प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात की एवम् उनको बुके देकर किया स्वागत।हजारीबाग लोकसभा स्तरीय बैठक में प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने चुनावीं रणनीति एवम् तैयारियों की समीक्षा की साथ ही पूरे लोकसभा से आये वरीय नेतागण व सम्मनानित कार्यकर्ताओं संग संवाद स्थापित किया कांग्रेस पार्टी के विजन को घर घर पहुँचने के लिये प्रेरित किया।चुनावी संबंधी कार्यक्रम में कांग्रेस के क़दावर नेता मुन्ना सिंह ने लोकसभा चुनाव में सुनिश्चित जीत के लिए अलाकामान द्वारा प्राप्त दिशानिर्देशों पर अपनी सहमति जताते हुए कहा कि यहां हज़ारीबाग़ की जनता विकास और न्याय के मुद्दे पर अपना मतदान कांग्रेस पार्टी को देगी। इस बैठक में मुख्य रूप से सुबोध कांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहज़ादा अनवर, विधायक अम्बा प्रसाद विधायक अकेला यादव, धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक , जोनल कोऑर्डिनेटर अशोक चौधरी, प्रदेश महासचिव नीरज अमूल्य खालखो, अजय सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सतीश पाल मुंजीनी, मानस सिन्हा, रियाज अंसारी, हजारीबाग जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, रामगढ़ जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, केदार पासवान, शांतनु मिश्रा एवं हजारीबाग व रामगढ़ जिला के विधानसभा प्रभारीगण एवं इन जिलों के वरीय नेतागण विशेष रूप से मौजूद रहे।



## छलांग परियोजना के तहत चलंगा में किया गया खेल का आयोजन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के ग्राम चलंगा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय चलंगा में गुरुवार को छलांग परियोजना के तहत पिरामल फाउंडेशन एवं जन जागरण केंद्र हजारीबाग के तत्वाधान में खेल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने खेल मेला में पासिंग बॉल, साइकिल रेस, मटका फोड़, मूविंग स्टॉप गेम, बोरा रेस सहित अनेक प्रकार के खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। छलांग परियोजना का मुख्य उद्देश्य खेल मेला के आयोजन के माध्यम से छात्र-छात्राओं के बीच खेल के महत्व को ध्यान में रखते हुए जागरूकता फैलाना है। जिसके तहत प्रखंड के अलग अलग विद्यालयों में लगातार इस परियोजना के तहत प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। आयोजित प्रतियोगिता में संदीप कुमार, पिंकी कुमारी और हामिश अंसारी सहित अन्य लोग विजेता बने। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रसून कुमार, सहायक अध्यापक सुलेमान अंसारी, किटी राम और सुनील कुमार एवम संस्था जन जागरण केंद्र के सदस्य राहुल राज, धीरज सोनी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# मेरा पहला वोट देश के लिए विषय परआईसेक्ट विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ व्याख्यानमाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले मेरा पहला वोट देश के लिए÷ विषय पर एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के डीन व एचओडी के हाथों दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान मौजूद विद्यार्थियों को मत की अहमियत से अवगत कराया गया। साथ ही मतदान को लेकर जागरूक भी किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने इस मौके पर कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत नागरिक का मत होता है। इसलिए 18 वर्ष से ऊपर सभी को अपने इस अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने मतदान को लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व बताया और कहा कि मतदान लोकतंत्र के मजबूती का आधार है?। साथ ही सरकार निर्माण में भी मतदाता की अहम भूमिका होती है। ऐसे में मतदान के अधिकार का प्रयोग किए जाने के साथ साथ सभी को अपने अपने स्तर से सुदूरवर्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय स्तर से भी जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से इसे लेकर जागरूक करने का प्रयास जारी है। डीन एकेडमिक प्रो. एमके मिश्रा ने भी मतदान की अहमियत के मद्देनजर विद्यार्थियों को सकारात्मक संदेश दिए। राजनीति विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ श्वेता सिंह ने कहा कि भारत की धर्मनिरपेक्षता देश की सबसे बड़ी खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय से प्रभावित हुए बिना सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए, तभी हम स्वयं का और समाज का विकास कर सकते हैं। एनएसएस अधिकारी डॉ रूद्र नारायण व डॉ प्रीति व्यास ने विद्यार्थियों को जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है, उन्हें मतदान पहचान पत्र बनाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने भी मतदान की उपयोगिता पर अपने अपने विचार रखे, जिसमें तन्नू श्री, परिणिता, वशु विश्वकर्मा, महेश कुमार, रिया वर्मा, डॉली कुमारी, प्रियंका व पूजा शामिल थें। कार्यक्रम के दौरान मतदान करने एवं इसके लिए जागरुकता फैलाने को लेकर शपथ भी दिलाई गई। मंच संचालन एनएसएस अधिकारी डॉ प्रीति व्यास ने किया। शपथ लेने वालों में डीन एडमिन डॉ एस रथ, डीन एकेडमिक एमके मिश्रा, एआर एडमिन विजय कुमार, एआर एकेडमिक माधवी मेहता, एआर परीक्षा विभाग ललित मालवीय, एओ सौरभ सरकार, पीआरओ मो शमीम अहमद, टीपीओ मनोज कुमार, सीएसआईटी डीन डॉ बिनोद कुमार, डॉ अरविंद कुमार, डॉ रोजीकांत, डॉ राजकुमार, डॉ दिवाकर निराला, डॉ प्रीति व्यास, डॉ आलोक कुमार, डॉ श्वेता सिंह, डॉ एसपी विश्वकर्मा, डॉ मनीषा कुमारी, डॉ सोनी मेहता, डॉ बिनिता कुमारी, डॉ पूनम चंद्रा, डॉ आलोक राय, रविकांत, राजेश रंजन, सबा प्रवीण, प्रभात किरण, अजीत पासवान, प्रभात कुमार, अमित कुमार, विजय लाल, सुप्रिया कुमारी, पंकज प्रज्ञा, संजय दांगी, मुकेश कुमार, सुरेश कुमार, सीमा कुमारी, राजेश कुमार, एकता कुमारी, पूजा सिंह, नेहा सिन्हा, रंजू कुमारी, चांदनी कुमारी, राज तिवारी सहित कई प्राध्यापक-प्राध्यापिकाओं व कर्मियों के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।



## दिल्ली पलिक स्कूल हजारीबाग में इस एकेडमिक सत्र से 10 +2 की भी होगी पढ़ाई



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 2015 में स्थापित, दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान के रूप में तेजी से उभरा है।इस विद्यालय में लगभग 2500 छात्रों को शिक्षा दी जा रही है। गुणवत्त शिक्षा प्रदान करने के लक्ष्य के साथ, स्कूल में अनुभवी और योग्य शिक्षक है, जो युवा मनों को शैक्षणिक पोषण करने में संलग्न है। गुणवत्त शिक्षा प्रदान करने के लिए, हम विज्ञान और वाणिज्य स्ट्रीम शुरू कर रहे हैं ताकि हमारे छात्रों के विभिन्न शैक्षिक रुचियों को पूरा किया जा सके। राष्ट्रीय शैक्षणिक नीति के दिशानिर्देशों के अनुसार हम शैक्षिक विषयों को शामिल करेंगे।उक्त बातें स्कूल की निदेशक निशा जायसवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा।उन्होंने आगे कहा कि विगत 2008 से एंजल्स हाई स्कूल का सफल प्रबंधन करने के बाद, दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग की प्रबंधन शिक्षा के क्षेत्र में अनुभव का एक भंडार लाते हैं। एंजल्स हाई स्कूल ने निरंतर उत्कृष्ट अकादमिक परिणाम दिए हैं, और अपने क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों में खुद को साबित किया है। कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग गर्व से अपनी विश्व-स्तरीय संरचना का दावा करता है, जिसमें विज्ञान प्रयोगशालाएँ, आधुनिक कंप्यूटर लैब, व्यापक पुस्तकालय, डिजिटल कक्षाएं, स्विमिंग पूल, इंडोर और आउटडोर खेल की सुविधाएं, जिमनेसियम, और ऑडिटोरियम शामिल हैं। स्कूल एक उपयुक्त शिक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिष्ठित दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसायटी के एक फ्रेंचाइज़ी के रूप में, दिल्ली पब्लिक स्कूल हजारीबाग ने समाज के निर्धारित मूल्यों और मानकों को अपनाया है। डीपीएस सोसायटी के अधीन 214 स्कूल भारत में हैं और 7 विदेश में हैं, और डीपीएस हजारीबाग एक प्रतिष्ठित शैक्षिक नेटवर्क का हिस्सा है।

## प्रधानमंत्री ने देशभर में ई-स्मार्ट क्लिनिक प्रोजेक्ट के विस्तार की शुरुआत की

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईवीडी उत्पाद बनाने वाली अग्रणी कंपनी लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज, आईआईटी दिल्ली की पहल एफआईटीटी (फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर) और भारत सरकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम उन्नत भारत अभियान के साथ मिलकर ग्रामीण भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बेहतर करने को लेकर ई-स्मार्ट क्लिनिक परियोजना का कार्यान्वयन करेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एम्स राजकोट में इस परियोजना की शुरुआत की थी.इस पहल को लेकर 22 फरवरी, 2024 को आईआईटी दिल्ली में लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज और उन्नत भारत अभियान ने एक विशेष समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए थे. इस मौके पर लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मानव तेली ने कहा, ÷मैं इस शानदार ई स्मार्ट क्लिनिक प्रोजेक्ट की शुरुआत को लेकर उन्नत भारत अभियान के साथ हमारे सहयोगात्मक प्रयासों की परिणति को देखकर काफी उत्साहित हूं. यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार (इनोवेशन) और पहुंच बेहतर करने को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## होली के खास कलेक्शन के साथ दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी 19 मार्च से

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होली के खास कलेक्शन के साथ रांची के होटल चाणक्य बीएनआर में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 21वें संस्करण का आयोजन 19 मार्च व 20 मार्च 2024 को किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलु सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। इस प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देते हुए प्रदर्शनी के आयोजक व बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक संजय अग्रवाल ने बताया कि इस प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर कपड़े, ज्वेलरी, घरेलु सजावट, एस्सेसरीज, फुटवेयर्स, फर्निशिंग सहित अन्य उत्पाद उपलब्ध होंगे। उन्होंने बताया कि हमने प्रदर्शनी के इस संस्करण में होली और अन्य त्योहारों पर ध्यान केंद्रित किया है। प्रदर्शनी में 40 से अधिक स्टॉल्स लगने जा रहे हैं जहां देश के विभिन्न राज्यों के बुटिक्स अपने चुनिंदा संग्रह के साथ शामिल हो रहे हैं। यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा ।

## रियल 12 सीरीज 5जी लॉन्च मचाई हलचल

(प्रभात मंत्र संवाददाता)

**रांची :** भारत के सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज रियलमी 12 सीरीज 5जी पेश की है। रियलमी 12 सीरीज 5जी सीरीज में दो शानदार स्मार्टफोन- रियलमी 12+ 5जी और रियलमी 12 5जी लॉन्च किए गए हैं। यह रियलमी के सफर में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जो इसकी 'मेक इट रियल' और ब्रांड की एक रिफ्रेश्ड पहचान के अनुरूप है, जो यव यूज़र्स की जरूरतों से मेल खाती है। मिड-रेंज स्मार्टफोन के मानक बढ़ाते हुए और प्लस अनुभव प्रदान करते हुए रियलमी 12+ 5जी एक विशेष स्मार्टफोन है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

**शुद्धिपत्र**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि **PR** संख्या–321194 **Building(23-24)#D** के द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–34/2023–24 के क्र0सं0–01 से 04 तक सभी योजनाओं की अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि बढ़ाई जाती है, जो निम्न प्रकार है।

1. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 11.03.2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक
2. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 12.03.2024 के के अपराह्न 3:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.03.2024 के के अपराह्न 3:30 बजे

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 321893 Building(23-24).D

## उरीमारी पुलिस ने गरसुल्ला चौक पर चलाया एंटी क्राइम चेकिंग अभियान

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार उरीमारी ओपी क्षेत्र के जरजरा चौक पर बिते शाम उरीमारी ओपी पुलिस के द्वारा एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं क्षेत्र में हो रही बाइक दुर्घटना व छिनतई व लुटपाट जैसी घटनाओं को देखते हुए एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं इस चेकिंग अभियान में दो पहिया व चार पहिया वाहन गाड़ियों की कागजात की जांच की गई। एवं दो पहिया वाहन चालक व पिछे बैठे सावारी की भी तलाशी ली गई। वहीं इस एंटी क्राइम चेकिंग अभियान में उरीमारी ओपी के राजदेव प्रसाद एवं सदलबल जवान शामिल रहे।



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रामगढ़**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–24/2023-24/RWD/RAMGARH जिसका PR No. 321616 (Rural Work Department) के द्वारा प्रकाशित निविदा मे वर्णित पथों के कॉलम संख्या–2 में आईडेन्टीफिकेशन संख्या में 1. ग्राम आरासाह बगलता में हल्दीबेड़ा मुख्य पथ से दशरथ उरांव के घर तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/24/2023-24/ MMGSY 2. ग्राम जराद पतराटोला में बजरंगबली मंदिर से सालगो मुख्य पथ तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/25/ 2023-24/ MMGSY 3. ग्राम लबगा में गाँवादेती से शंकर साव के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/26/ 2023-26/ MMGSY एवं 4 ग्राम जराद में आंगनबाड़ी से मतरसी मुण्डा के घर तक पी0सी0सी0 तक पथ निर्माण कार्य में RWD/ RAMGARH/27/2023-24/ MMGSY पढ़ा जाए तथा कॉलम संख्या–6 में योजनाओं की राशि लाख में पढ़ा जाए।

निविदा की अन्य सभी शर्ते यथावत रहेंगी।

PR 321923 Rural Work Department(23-24)#D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, रामगढ़

## डीएवी रजरप्पा प्रोजेक्ट में धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल रजरप्पा कोयलांचल क्षेत्र के डीएवी विद्यालय रजरप्पा में जूनियर विंग तथा सीनियर विंग की सभी शिक्षिकाओं और गैर शिक्षण महिला कर्मचारियों के साथ प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार शर्मा की अगुवाई में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षिकाएं और महिला गैर शिक्षण कर्मचारी सम्मेलन कक्ष में उपस्थित थीं। प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार ने सभी शिक्षिकाओं को पुष्प गुच्छ देकर व मिठाईयां खिलाकर सम्मानित किया। उपस्थित सभी को इस विशेष दिन की बधाई दी। प्राचार्य ने महिला सम्मान समारोह में अपने विचारों को व्यक्त करते हुए यह कहा कि यह दिन हर वर्ष 8 मार्च को महिलाओं के सम्मान में मनाया जाता है परंतु 8 मार्च को शिवरात्रि होने के कारण विद्यालय में छुट्टी रहेगी। इस कारण इस महिला सम्मान समारोह का आयोजन आज ही किया गया। आज बहुत सारी महिलाएं ऐसी हैं जो घर की जिम्मेवारी के साथ-साथ और भी कई क्षेत्रों में देश की तरक्की में अपना बहुमूल्य योगदान पहुंच रही हैं।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गुमला**
**जिला परियोजना कार्यालय**
प्रशिक्षण–सह–उत्पादन केन्द्र भवन, समाहरणालय परिसर, गुमला पिन–835207
ईमेल : ssa09gumla@gmail.com

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

**आम सूचना**

जिला के उत्कृष्ट विद्यालयों (**CBSE** बोर्ड से मान्यता प्राप्त) में नामांकन हेतु आवेदन प्राप्त करने के संबंध में :–

गुमला जिला के 03 उत्कृष्ट विद्यालयों (CBSE बोर्ड से मान्यता प्राप्त) में शैक्षणिक वर्ष 2024–25 में निम्नांकित रिक्त सीटों के विरूद्व नामांकन परीक्षा के आधार पर लिया जाना है। जिसका ब्यौरा निम्नवत् है :–

| CLASS | CM SOE KGBV GUMLA | CM SOE S.S. GIRLS HIGH SCHOOL GUMLA | CM SOE S.S. HIGH SCHOOL GUMLA | TOTAL |
|---|---|---|---|---|
| VI | 25 | 40 | 80 | 145 |
| VII | 0 | 2 | 15 | 17 |
| VIII | 0 | 48 | 30 | 78 |
| IX | 0 | 27 | 20 | 47 |
| **TOTAL** | **25** | **117** | **145** | **287** |

गुमला जिला में निवास करने वाले इच्छुक अभिभावक/माता–पिता अपने बच्चों के नामांकन हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला के कार्यालय/संबंधित विद्यालय से विहित नामांकन प्रपत्र प्राप्त करते हुए भरा हुआ आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय में दिनांक 03.03.2024 तक निर्धारित था। परंतु राज्य कार्यालय से प्राप्त निदेश के आलोक में विहित नामांकन प्रपत्र जमा करने की तिथि को संशोधित करते हुए दिनांक 10.03.2024 तक विस्तार किया गया है।

साथ ही प्राप्त आवेदन का स्क्रुटनी कर दिनांक 13.03.2024 को विद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित किया जायेगा। उक्त प्रकाशित सूची में कोई आपत्ति हो तो छात्र/माता/पिता/अभिभावक दिनांक 14.03.2024 से 15.03.2024 तक अपराह्न 2:30 बजे तक संबंधित विद्यालय में अपना आपत्ति आवेदन जमा कर सकते हैं। योग्य अभ्यर्थियों का लिखित परीक्षा दिनांक 16.03.2024 को आहूत किया जायेगा। इस हेतु एडमिट कार्ड विद्यालय द्वारा जारी किया जायेगा जिसमें निर्धारित परीक्षा केन्द्र का नाम एवं समय सारणी अंकित रहेगा।

PR 319615 Jharkhand Education Project Council (23-24) D

जिला शिक्षा पदाधिकारी
गुमला

PR 321826 (Jharkhand Education Project Council)23-24*D

**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में 100 बड़े होल्डिंगधारियों द्वारा बकाया होल्डिंग टैक्स जमा नही करने पर कार्यालय झुमरी तिलैया नगर परिषद् द्वारा नोटिस के माध्यम से सूचित करने के बावजूद भी बकाया होल्ड़िग टैक्स जमा नहीं किया गया है। वैसे होल्डिंगधारियों अविलंब जन सुविधा केन्द्र, कार्यालय में आकर अपना होल्डिंग टैक्स का भुगतान करना है, अन्यथा झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा–184 के क्र0सं0 16.1 के तहत आपके बैंक खाता को फ्रीज (Freeze) करने की कार्रवाई की जाएगी। 100 बड़े बकायादार होल्डिंग धारकों की विवरणी निम्न है:–

| Sl. N. | Ward No | Holding No. | Owner Name | Guardian Name | Property Address | Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | 0010000321 000X4 | M/S KODERMA CHEMICAL PRIVATE LIMITED | Khiru Saw | GUMO, MAHTO AHARA, | 5,11,409 |
| 2 | 1 | 0010001134 000F4 | GANESH SHNAKAR PRASAD, SUNIL KUMAR SINGH | CHHEDI LAL, AKHILESH KUMAR SINGH | GUJHANDI ROAD, | 1,02,424 |
| 3 | 1 | 0010000250 000X1 | NIRMLA KANTI DEVI | ABHIMANYU PRASAD | BISHUNPUR ROAD JHUMRITILAIYA WARD NO 1 | 88,808 |
| 4 | 1 | 0010000530 000M0 | DHANI KUMHAR BABUN KUMHAR | GUNA KUMHAR | ROHANIYA TAND | 69,093 |
| 5 | 1 | 0010001075 000M0 | RAMESHWAR SINGH, SATNARAYAN SINGH, MAHENDRA SINGH, SALENDRA KR SINGH, JITENDRA SINGH, BINOD SINGH, ANIL SINGH, RAJENDRA SINGH, VIRENDRA SINGH, GANESH SINGH. | LT LALDHARI SINGH, LT BALDEV SINGH, LT DEVNARAYAN SINGH, LT KUWAR SINGH. | BARWADIH | 58,731 |
| 6 | 1 | 0010001075 000M0 | BINOD SINGH, ANIL SINGH, RAJENDRA SINGH, VIRENDRA SINGH, GANESH SINGH, RAMESHWAR SINGH, SATNARAYAN SINGH, MAHENDRA SINGH, SALENDRA KR SINGH, JITENDRA SINGH, | LT DEVNARAYAN SINGH, LT KUWAR SINGH, LT LALDHARI SINGH, LT BALDEV SINGH, | BARWADIH | 58,731 |
| 7 | 1 | 0010000985 000M0 | SUDHA DEVI JAIN, SUBODH KUMAR JAIN | LT SURESH KUMAR JAIN, S/O CHUNNI LAL JAIN | BEHIND ASHRAM, WARD NO 1, | 45,454 |
| 8 | 1 | 0010000622 000M0 | MADHUSUDAN DARUKA,NAWAL KISHORE DARUKA | KESHAR DARUKA | KEDAR NATH ,RAM GOPAL WARD NO.13 JHUMRI TELAIYA | 44,656 |
| 9 | 1 | 0010001081 000M0 | ----- --- | ,LEONARD OSCAR Dâ€™CRUZE | BISHUNPUR ROAD,JHUMRI TELAIYA | 42,938 |
| 10 | 1 | 0010000460 000A1 | BEAUTY | MANOJ KUMAR SINGH | BISHUNPUR ROAD, | 39,866 |
| 11 | 1 | 0010000332 000M0 | MADHUSUDAN DARUKA & SONS | LATE, KESHARMAL DARUKA | BISHUNPUR ROAD,NEAR D.V.C CHOWK, | 36,779 |
| 12 | 1 | 0010000644 000M0 | RAHUL KUMAR | RAGHU NANDAN PRASAD BARNWAL | BY PASS ROAD,NEAR OVER BRIDGE | 35,648 |
| 13 | 1 | 0010000077 000A1 | ASHA GUPTA W/O SURESH PRASAD GUPTA | BUDHAN SAW | GOPAL COLONY DVC CHAWK, BISHUNPUR, JHUMRI TELAIYA | 27,583 |
| 14 | 2 | 0020000465 000F2 | MADHUSUDAN DARUKA | KEDARNATH RAM | TELAIYA BASTI JHUMRI TELAIYA | 1,40,153 |
| 15 | 2 | 0020000725 000X1 | RAM PRAVESH SHARMA | LATE, RADHA KRISHNA SHARMA | TELAIYA BASTI | 49,138 |
| 16 | 2 | 0020000220 000M0 | RAJEEV VARMA,ANITA VARMA | SURENDRA NATH VERMA ,SANJIV KUMAR VERMA | TELAIYA BASTI,SABRA FRAM | 40,333 |
| 17 | 2 | 0020000091 000A1 | KUNTI DEVI | LATE NAWAL KISHOR SINGH | TELAIYA BASTI | 38,788 |
| 18 | 3 | 0030000079 000A1 | MD JAMIR | MD SULTAN KHALIFA | ASHNABAD JHUMRI TELAIYA | 31,393 |
| 19 | 4 | 0040000438 000M0 | BIRENDRA PRASAD SINGH | MAHENRA PRASAD | BAIPASS ROAD NEAR SAI FULES L PETROL PUMP JHUMRITILAIYA WARD NO 4 | 39,547 |
| 20 | 4 | 0020000748 000M0 | GOBIND PANDIT SUKRI DEVI | KHIRU PANDIT, BHIKHAN PANDIT | TELAIYA BASTI, | 30,646 |
| 21 | 5 | 0050000016 000F4 | MAHESH KUMAR AGRAWAL | MAHAVIR PRASAD AGARWAL | BYPASS ROAD NEAR GAYATRI MANDIR JHUMRI TELAIYA | 75,920 |
| 22 | 7 | 0070000170 000F1 | ARUN KUMAR PILANIA | PARSHURAM PILANIA | BISHRAMBAGH ROAD | 49,148 |
| 23 | 7 | 0070000520 000A1 | KALAWATI DEVI | SRI RAMESHWAR MODI | BBISHRANBAG ROAD JHUMRI TELAIYA | 39,710 |
| 24 | 7 | 0070000273 000X2 | SUNITA DEVI | RAJENDRA PRASAD GUPTA | ASNA RANCHI PATNA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 38,512 |
| 25 | 8 | 0080000215 000F4 | MAHESH KUMAR DARUKA | LATE DURGA PRASAD DARUKA | BISHRAMBAG ROAD JHUMRI TELAIYA | 1,22,394 |
| 26 | 8 | 0080000026 000X1 | CHANDRA PRAKASH SHARMA/ SHANTA DEVI SHARMA | LAXMI NARAYAN SHARMA | ANAND BHOG HOTEL, RAJGADIYA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 40,033 |
| 27 | 9 | 0090000517 000A1 | MANISH KUMAR SINGH | LATE.SURENDRA SINGH | INFRONT I.C.I.C.I BANK | 55,267 |
| 28 | 9 | 0090000666 000X4 | JASMEET CHHABRA | HARBHAJAN SINGH | JHALPO | 43,367 |
| 29 | 10 | 0100000341 000D1 | MIRA DEVI | DAYANAND PRASAD BHADANI | DURGA COMPLEX | 2,91,389 |
| 30 | 10 | 0100000140 000A1 | MANJU DEVI BHADANI | JAGAT KUMAR BHADANI | BESIDE OF PURNIMA TALKIES, JHUMRI TELAIYA | 49,627 |
| 31 | 10 | 0100000219 000X1 | BINA DEVI ,SHIV SHANKAR PRASAD BARDGWAY | PARDEEP KUMAR BARGWAY | GOURI SHANKAR MUHALLA JHUMRI TELAIYA | 44,453 |
| 32 | 10 | 0100000203 000A1 | C H LIMITED | LATE, DAMODAR PRASAD BHADANI | RANCHI PATNA ROAD | 41,007 |
| 33 | 10 | 0100000296 000X1 | SUSHMA DEVI | GOURI SHANKAR PRASAD, | GOURI SHANKAR MUHALLA | 39,567 |
| 34 | 10 | 0100000438 000X1 | AKHILESHWAR PRASAD,RAJAT KUMAR ,ARVIND KUMAR | PARMESHWAR PRASAD,PARMESHWAR PRASAD, PARMESHWAR PRASAD | GOURI SHANKAR MUHALLA | 37,652 |
| 35 | 10 | 0100000102 000A1 | OM PRAKASH VIDYALANKAR | SHANKAR PRASAD GUPTA | RAJESH PART, C.H. SCHOOL ROAD, JHUMRI TELAIYA | 35,553 |
| 36 | 10 | 0100000059 000D1 | PURNIMA MARKET | MURLI MANOHAR BHADANI & BROTHERS | PURNIMA MARKET, JHUMRI TELAIYA | 33,793 |
| 37 | 10 | 0100000376 000A1 | SHESH NARAYAN SINGH, BIRENDRA SINGH, PARMILA DEVI, SATYENDRA SINGH, | RAM LACHHAN SINGH, LATE, SURENDRA SINGH | BEHIND PURNIMA TALKIES, C.H SCHOOL ROAD, | 31,576 |
| 38 | 10 | 0100000317 000F1 | MUKTA DEVI | | GOURI SHANKAR MOHALLA, | 30,054 |
| 39 | 11 | 0110000322 000D1 | SHASHI KUMAR PANDEY ,AND BROTHERS | UMA SHANKAR PANDEY | RANCHI PATNA ROAD, | 2,86,306 |
| 40 | 11 | 0110000387 000X1 | MANOJ KUMAR PANDIT | LT. RAMCHANDRA PANDIT | BLOCK ROAD, | 79,294 |
| 41 | 12 | 0120000282 000L1 | SHIV TARA SARSWATI SHISHU VIDYA MANDIR | RAM RATAN MAHA | BLOCK ROAD NEAR BLOCK | 3,03,947 |
| 42 | 12 | 0120000272 000A1 | MALTI DEVI | LT. SHIV SHANKAR PRASAD | RANCHI PATNA ROAD JHANDA CHOWK | 45,846 |
| 43 | 12 | 0120000165 000A1 | URMILA SINGH | LT KRISHNA SINGH | GURUDWARA ROAD JHUMRI TELAIYA | 45,231 |
| 44 | 12 | 0120000387 000A1 | MEERA DEVI, ABHISHEK BHADANI, ANURAG BHADANI, PRAVEEN BHADANI, NAVEEN BHADANI | DAYANAND BHADANI, | MANOHAR PRESS GALI | 31,364 |
| 45 | 21 | 0210000584 000M0 | SALIGRAM PANDEY | NAGESHWAR PANDEY | GUMO WARD NO 21 | 28,469 |
| 46 | 13 | 0130000066 000A1 | MADAN KUMAR | MAHADEO SAW | BHADANI GALI JHUMRI TELAIYA | 36,789 |
| 47 | 13 | 0130000259 000X1 | SUBHAKAR ARYA | SACHIDANAND ARYA | TARATAND ROAD NEER DURGA MANDAP WARD NO 13 J M T | 32,108 |
| 48 | 13 | 0130000116 000D1 | SANJEEV KUMAR GUPTA, RAJEEV KUMAR GUPTA | SHATRUDHAN PRASAD GUPTA | GURUDWARA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 29,766 |
| 49 | 14 | 0140000535 000L1 | SHREE MAHESHWARI BHAWAN | BRIJ MOHAN MAHESHWARI | ADDI BANGLOW ROAD, | 89,400 |
| 50 | 14 | 0140000499 000A1 | MADHUSUDAN DARUKA | LATE KESHARMAL DARUKA | ADDI BANGLOW ROAD | 88,076 |
| 51 | 14 | 0140000341 000A1 | JAI KUMAR DEVI | MATHURA PRASAD | ADDI BANGLOW BESIDE PANI TANKI, JHUMRI TELAIYA | 41,721 |
| 52 | 14 | 0140000351 000A1 | GITANJALI DEVI | SHUBH SHARAN SINGH | IMS ADDI BANGLOW SHYAM BABA PATH JHUMRI TELAIYA | 39,567 |
| 53 | 14 | 0140000585 000M0 | KISHUNI DEVI | BABUN MODI | RANCHI PATNA ROAD | 35,512 |
| 54 | 14 | 0140000360 000A1 | KANTI DEVI | LATE PANCHM NARAYAN SINGH | TARATAND, JHUMRI TELAIYA | 31,244 |
| 55 | 15 | 0150000525 000X1 | SAKET KUMAR BHADANI, SOURAV BHADANI, SHUVAM BHADANI | BASANT KUMAR BHADANI, RATAN KUMAR BHADANI, DEEPAK KUMAR BHADANI | STATION ROAD JHUMRI TELAIYA | 3,20,700 |
| 56 | 15 | 0150000410 000X1 | SUSHIL KUMAR JAIN SUDHIR KUMAR JAIN | LATE RUPCHAND JAIN | RANCHI PATNA ROAD SUPRIYA GALI | 43,601 |
| 57 | 15 | 0150000412 000X1 | MEERA DEVI | DAYANAND PRASAD BHADANI | BHADANI ROAD, | 41,254 |
| 58 | 15 | 0150000084 000X1 | RAM CHAUDHRI, SUSHIL KUMAR CHAUDHRI | LATE.CHIRANJI LAL CHOUDHARY | ADDI BANGLA ROAD | 35,091 |
| 59 | 15 | 0150000170 000A1 | GITA DEVI LOHANI | LT MURLIDHAR LOHANI | J B COMPAAUND AD BANGLO ROAD | 33,246 |
| 60 | 15 | 0150000434 000X1 | MANJU KANDHWAY | VIJAY KUMAR | JAIN MANDIR GALI, | 30,144 |
| 61 | 16 | 0160000017 000A1 | PRITI SINHA | SAILESH KUMAR | NEAR TELAIYA THANA JHUMRI TELAIYA | 74,084 |
| 62 | 18 | 0180000319 000B1 | MAYA DEVI | SHANKAR PRASAD | RANCHI PATNA ROAD, OLD BUS STAND | 83,630 |
| 63 | 18 | 0180000243 000M0 | SAMRI DEVI SHAW | KHIRU SAW | JHUMRI TELAIYA | 36,068 |
| 64 | 18 | 0180000201 000X1 | SACHIYA DEVI | LT MANGAR MAHTO | NEAR PWD OFFICE, RANCHI-PATNA ROAD, JHUMRI TELAIYA | 31,030 |
| 65 | 18 | 0180000077 000A1 | JAYANTI SINGH | LT SHYAM SUNDAR SINGH | BISHUNPUR ROAD, JHUMARI TELAIYA | 30,779 |
| 66 | 19 | 0190000525 000F4 | MOHIT VENTURES PVT LTD | ANIL KUMAR PANDEY | GUJHANDI ROAD, | 21,30,342 |
| 67 | 19 | 0010000541 000F4 | MAA JAHANVI RICE MILL PVT LTD | SATISH KUMAR | GUMO, MAHTO AHARA, GUJHANDI ROAD, | 5,84,689 |
| 68 | 19 | 0190001002 000X4 | THE ALUMINIUM | RAJIVE KUMAR SHRIVASTAVA | GUJHANDI ROAD | 1,55,692 |
| 69 | 19 | 0190000473 000M0 | SUKRI DEVI, MASOMAT JAHLI, BALIYA DEVI, MASOMAT YASHODA, YASHODA DEVI | LT BANDHAN MAHTO, LT JHARI KOIRI, SHYAM LAL, KISHUNCHANDRA MAHTO, LOKANATH MAHTO | GUMO | 74,289 |
| 70 | 19 | 0190000246 000M0 | SHIV SHANKAR PANDEY | LT, ARJUN PANDEY | GUMO BARWADIH WARD NO 19 | 56,233 |
| 71 | 19 | 0190000487 000A1 | JAYNARAYAN BARNWAL | BALESHWAR MODI, | GUMO BARWADIH, | 52,489 |
| 72 | 19 | 0190000782 000M0 | VIKASH SETH | RAMCHANDRA PRASAD SETH | GRIZZLY COLLEGE ROAD | 50,679 |
| 73 | 19 | 0190000668 000M0 | BHAGIRATHI DEVI | LATE, GANGA SINGH | GUMO BARWADHI | 46,861 |
| 74 | 19 | 0190000027 000F2 | PREM KUMAR SHARMA | MADAN LAL SHARMA | SHIV SHAKTI NAGAR WADR NO:19, JHUMRI TELAIYA | 42,742 |
| 75 | 19 | 0190000112 000A1 | SANJIDA KHATOON | MAZHARUL HAQUE | SUBHASH CHOWK NEAR KAMESHWARI CLINIC JHUMRITILAIYA | 33,876 |
| 76 | 19 | 0190000129 000X4 | RIFAT ARA | SOHRAB KHAN | NAWADA BASTI RANCHI PATNA ROAD NEAR OLD SANJAY PATROL PUMP JHUMRI TELAIYA | 33,420 |
| 77 | 19 | 0190000251 000A1 | RAJU GOPE, RAJESH SINGH | NARAYAN GOP | NEAR SATPULIYA GUMO JHUMRI TELAIYA | 32,194 |
| 78 | 19 | 0190000642 000D1 | GANESH YADAV | LATE, JANKI YADAV | RAJPURA, NAWADA | 30,135 |
| 79 | 20 | 0200000362 000M0 | MANOJ KUMAR PILANIA, HIMANSU KEDIA, NIROTHAMA SOMANI | SURESH KUMAR PILANIA | GUMO, CHHAT TALAB | 1,94,153 |
| 80 | 20 | 0200000438 000M0 | UPENDRA SINGH | KAMESHWAR SINGH | KHARITARH, GUMO | 31,219 |
| 81 | 21 | 0230000438 000M0 | SHAKTIKANT SINHA | LT. SARYU NARAYAN PRASAD | GANDHI SCHOOL ROAD BANGI | 43,535 |
| 82 | 21 | 0210000584 000M0 | SHALIGRAM PANDEY | NAGESHWAR PANDEY | GUMO WARD NO 21 | 27,862 |
| 83 | 22 | 0220000807 000X4 | PRAVEEN KUMAR | DAYANAND PRA SAD BHADANI | CHITRAGUPT NAGAR ROAD, | 1,42,419 |
| 84 | 22 | 0220001087 000M0 | SHANTI DEVI KRISHNA SHARAN BHADANI SHARAT KUMAR BHADANI MUKUND KUMAR BHADANI | LATE, SANT SARAN BHADANI | GUMO, MICANITE | 52,556 |
| 85 | 23 | 0230000850 000X4 | CHANDRIKA DEVI | SHIV SHANKAR MAHTO | GANDHI SCHOOL ROAD NEAR KINDAR JOY SCHOOL | 36,123 |
| 86 | 24 | 0240000599 000X4 | ARVIND SINGH, ANUP KUMAR | LATE RAMESHWAR SINGH | GANDHI SCHOOL ROAD | 40,058 |
| 87 | 24 | 0240000590 000X4 | RAKHI JAGDISH MANDAL | LATE JAGDISH PRASAD MANDAL | GANDHI SCHOOL ROAD | 34,771 |
| 88 | 25 | 0250000817 000X1 | SANGEETA BARNWAL, AJAY PRASAD BARNWAL | AJAY PRASAD BARNWAL, LATE TULSI NARAYAN MODI | RANCHI PATNA ROAD | 45,250 |
| 89 | 25 | 0250000643 000X1 | SUCHITA BURNWAL | SANJAY KUMAR BURNWAL | RANCHI PATNA ROAD OLD BUS STAND | 38,762 |
| 90 | 25 | 0250000211 000A1 | VIMLA DEVI | MAHABEER CHHABDA | NEAR, JAIN TEMPLE PANI TANKI ROAD, JHUMRI TELAIYA | 32,240 |
| 91 | 26 | 0260000493 000X1 | URMILA DEVI | LATE RAMCHANDRA PRASAD KASERA | PANI TANKI ROAD VEER KUNWAR SINGH CHOWK, | 63,045 |
| 92 | 26 | 0260000484 000B1 | ARUN KUMAR SOOD | LT. SOHAN LAL SOOD | RANCHI PATNA ROAD HOTEL HANS | 49,170 |
| 93 | 26 | 0260000423 000X1 | SHAKUNTALA DEVI | GOPI KRISHAN MODI | PANI TANKI ROAD TRIMURTI | 44,059 |
| 94 | 26 | 0260000372 000X1 | MINA DEVI | BHAGWAN LAL BARNWAL | VEER KUNWAR SINGH CHOWKTRIMURTI, | 39,058 |
| 95 | 26 | 0260000353 000M0 | HARISH CHANDRA HORA | LATE HABANS SINGH HORA | BHARAICH BUILDING GURUNANAKPURA, | 38,593 |
| 96 | 26 | 0260000173 000A1 | BABITA DEVI | RAMPATI SINGH | NEAR GREEN PARK CLINIC, RAILWAY CROSSING, | 38,062 |
| 97 | 26 | 0260000320 000D1 | DINESH SINGH, UMESH SINGH | KEDAR SINGH | RANCHI PATANA ROAD SINGH MARKET JHUMARI TILAIYA | 30,329 |
| 98 | 27 | 0270000608 000X4 | NIRMALA DEVI | DEVSHARAN LAL VISHWAKARMA | GOUSHALA ROAD JHUMRI TELAIYA | 1,79,719 |
| 99 | 28 | 0280000388 000L1 | SHIV TARA SARASWATI VIDYA MANDIR | RAM RATAN MAHARSHI | GOUSHALA ROAD YADUTAND | 1,03,154 |
| 100 | 28 | 0280000375 000A1 | RUKMANI DEVI | LATE RAJA RAM TRIGUNAYAT | MANDUATAND WARD NO:28, JHUMRI TELAIYA | 30,150 |

ह0/–
प्रशासक
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 321930 (Urban Development) 23-24 (D)

# ग्रामीण एकता मंच के अध्यक्ष बबलू सिंह ने उच्च न्यायालय में दर्ज कराया पीआईएल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गोपालीचक में स्थित एसएनआर -एसआई -वीसीए (जेवी) आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा पुटकी थाना क्षेत्रान्तर्गत करकेन्द्र नेहरू पार्क के समीप धनबाद-बोकारो मुख्य मार्ग पर बने डिवाईडर एवं डिवाईडर पर लगे जाली को बिना सक्षम पदाधिकारी की अनुमति के तोड़कर बनाया गया। अवैध कट को बंद कराने हेतू ग्रामीण एकता मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ बबलू सिंह ने माननीय उच्च न्यायालय रांची, झारखण्ड में 2 फरवरी को 2024 को पी.आई.एल. दायर किया है। उक्त पी.आई.एल. नं. 655/2024 में कुल नौ लोगों को प्रतिवादी बनाया गया है। जिसमें मुख्य रूप से झारखण्ड सरकार, उपायुक्त, धनबाद, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, धनबाद, नगर आयुक्त, धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद, अनुमंडल पदाधिकारी, धनबाद, बी.सी.सी.एल के सी.एम.डी, महाप्रबंधक के साथ साथ एस एन आर ङ्कएसआईङ्कभीएसए (जे भी) आउटसोर्सिंग कम्पनी के महाप्रबंधक शामिल हैं। श्री सिंह ने बताया कि केन्द्र सरकार के द्वारा लाखो-अरबो रूपया खर्च कर गोविन्दपुर से तेलमच्चो पुल तक सड़क का निर्माण कराकर आम लोगों की सुरक्षा हेतू डिवाईडर एवं डिवाईडर पर जाली लगाया गया था। जिसे एसएनआर एसआई भीएसए (जेभी) आउटसोर्सिंग कम्पनी के द्वारा अपना निजी फायदा को ध्यान में रखकर उक्त सरकारी सड़क के डिवाईडर को दिनांक-30.09.23 को तोड़कर अवैध कट बनाकर ओ.बी. ढुलाई करना प्रारम्भ कर दिया। जबकि उक्त अवैध कट का निर्माण होने से उक्त क्षेत्र के लोगों के साथ-साथ धनबाद-बोकारो मार्ग पर चलने वाले गाड़ियों, उक्त सडक से होकर गुजरने वाले वाहनों एवं उसपर सवार लोगों को हमेशा दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। इतना ही नहीं उक्त सड़क से होकर गुजरने वाले एम्बुलेन्स एवं उसमें सवार मरीजों को भी रोक दिया जाता है। जिस कारण कई मरीजों को अपने गंतव्य स्थान/अस्पताल पहुंचने से पूर्व उनकी जान जोखिम में पड़ा रहता है।

## निवर्तमान पार्षद, विनोद गोस्वामी के बड़े पापा का निधन, लोगों ने किया शोक व्यक्त



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाबा क्लिनिक के संस्थापक ए वन आपने कतरास वार्ड नंबर 1 के निवर्तमान पार्षद विनोद गोस्वामी के बड़े पापा देवनारायण गोस्वामी का निधन धनबाद के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। कतरास लिलौरी मंदिर स्थित श्मशान घाट में में उनका अंतिम दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में कतरास के दर्जनों लोगअंतिम संस्कार में शामिल हुए एवं शोक व्यक्त किया। शोक व्यक्त करने वालों में जनशक्ति दल के सुप्रीमो सूरज महतो, डॉ उमाशंकर सिंह, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ सौरभ प्रकाश डा डब्लू, डॉ राम, जिप सदस्य राजेश राम, पूर्व जिप सदस्य सुभाष राय, पत्रकार उत्तम मुखर्जी, प्रेस क्लब कतरास के महासचिव विनय वर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता राजेश स्वर्णकार, नीमा मुखर्जी, बैलून रवानी, मंगल रवानी, मिथिलेश मंडल, हरि सिंह, सूर्य देव मिश्रा, सीटू मिश्रा, बबलू मिश्रा, अमन गोस्वामी, सनी सिंह, सुब्रत कुमार दास, विवेक पांडे, विक्की सिंह, सुदर्शन पांडे, निक्कू बरनवाल, आशीष ठाकुर, दिवाकर मिश्रा, पंकज बरनवाल, संतोष राव, पंचानंद सिंह, अखिल मिश्रा, नीरज सिंह आदि शामिल हैं।

## कैबिनेट ने दी चाइल्ड केयर लीव की स्वीकृति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** झारखंड ऑफिसर्स टीचर्स एम्पलाइज फेडरेशन के बैनर तले झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की नीव में एक कड़ी जोड़ने का काम किया । जिसे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महिलाओं के लिए दो साल का चाइल्ड केयर लीव की मांग को जायज कहा था । साथ ही कल की कैबिनेट में चाइल्ड केयर लीव की स्वीकृति के बाद गुरुवार को झारोटेफ की टीम अध्यक्ष विक्रांत सिंह के साथ-साथ जिला अध्यक्ष गिरिडीह मुन्ना कुशवहा ने इस छुट्टी के लिए सब के मुख्य और विशेष रूप से कल्पना सोरेन का आभार व्यक्त करने के लिए झारखंड के सभी जिलों के महिला प्रकोष्ठ के तमाम पदाधिकारी रांची मोरहाबादी से लेकर कल्पना सोरेन की आवास तक एक विशाल जुलूस आभार रैली के रूप में निकालेगा ।वही गिरिडीह से झरोटेफ के जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा महिला प्रतिनिधि सचिव के साथ जिला पदाधिकारी प्रियंका माथुर के साथ महिला नेतृत्व ने जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई ।मौके पर सभी जिलों से हजारों की संख्या हजारों की संख्या मे महिला साथी मौजूद थी । वहीं दूसरी तरह जिन महिला साथियों ने परीक्षा कार्यों की व्यवस्था के कारण रांची के इस महान आभार रैली में नहीं शामिल हो सके । उनमें जिले की महिला सचिव सरकार की अगवाई में अपने कार्य स्थल पर वह मिठाइयां बांटकर खुशी व्यक्त किया। साथ ही झारखंड के मुख्यमंत्री और झारखंडी सरकार जो लगातार एक से एक कर्मचारी हिट को जमीन पर उतरते चली जा रही है उनका आभार व्यक्त किया।

## सबका साथ लेकर करेगें प्रेस क्लब का विकास : महासचिव विनय वर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कतरास :** प्रेस क्लब कतरास के सभागार मे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शपथ ली। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षक मंडली ने शपथ दिलायी। कतरास प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित महासचिव विनय वर्मा सहित सभी पदाधिकारी ने शपथ ली। समारोह को संबोधित करते हुए महासचिव विनय वर्मा ने कहा कि क्लब के सभी साथियों को लेकर क्लब का विकास किया जाएगा। सभी को साथ लेकर चलने का काम करूंगा। शपथ ग्रहण करने वालों में प्रेस क्लब के अध्यक्ष इंद्रजीत पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर प्रसाद साव, कोषाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, संगठन सचिव धनजी यादव, उपाध्यक्ष सियाशरण मनोज, पिंटू कुमार शर्मा, सोहन विश्वकर्मा, मो जाकिर अंसारी, सह सचिव सुनील वर्मन, दीपक कुमार गुप्ता, उमेश कुमार सिंह, मनोज कुमार चौहान शामिल हैं। पदाधिकारियों को संरक्षक मंडली के राजकुमार मधु, दिलीप कुमार वर्मा, उमेश श्रीवास्तव अजय राणा, मो मुस्तकीम ने शपथ दिलायी। मौके पर जितेंद्र पासवान, अशोक कुमार, कुणाल चौरसिया, विश्वजीत चटर्जी, सकलदेव प्रमाणिक, भोला झा, अजय साव, मो खुर्शीद, मो राजा आदि उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन पत्रकार अजय तिवारी ने किया।

## महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा किया गया कार्यक्रम का आयोजन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** न्यू टाउन हॉल में महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखंड के तत्वावधान में जिला स्तरीय पोषण पखवाड़ा ,बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ एवं 50 से 60 वर्ष के लाभुकों के बीच प्रथम क़िस्त का भुगतान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष, 20 सूत्री कार्यक्रम के उपाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह एवं सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50-60 वर्ष के लाभुकों को प्रथम क़िस्त का भुगतान किया गया। कार्यक्रम के दौरान झारखंड सरकार के द्वारा राज्य के 50 से 60 वर्ष के सभी महिलाओं एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरुष वर्ग को सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन देने के निर्णय के आलोक में धनबाद जिला के 5446 लाभुकों को फरवरी एवं मार्च माह के 2000 रुपये राशि का भुगतान किया गया। इसके अलावा मनरेगा अभिसरण अंतर्गत बाल विकास परियोजना बाघमारा के आंगनबाड़ी केंद्र बिलबेरा-01, कोड संख्या 225 एवं धनबाद सदर के आंगनबाड़ी केंद्र न्यू ड्रिप दुर्गा मंदिर, कोड संख्या 209 का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पोषण पखवाड़ा 2024 के तहत झारखंड को कुपोषण मुक्त बनाने में जन समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हस्ताक्षर करते हुए की। उपायुक्त ने कहा कि धनबाद जिला के सभी पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्डों में दिनांक 20 फरवरी से 23 फरवरी तक विशेष शिविर का आयोजन कर कुल 34164 आवेदन प्राप्त किए गए, जिसमें जांचों प्रांत 13961 लाखों को पेंशन स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत आवेदनों में से अभी तक कुल 7366 लाखों का ह्स्क्क पोर्टल में प्रविष्टि कर दी गई है। वही आज 5446 लाभुकों के भुगतान हेतु क्क्स्न्स पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है।

## असर्फी अस्पताल में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर असर्फी अस्पताल सभागार में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्राओं और महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। शिविर को संबोधित करते हुए असर्फी अस्पताल की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. ज्योत्सना झा ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है। इस रोग से पीड़ित महिलाओं की संख्या पूरी दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। इस जानलेवा रोग से बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। वहीं शिविर को संबोधित करते हुए असर्फी अस्पताल की ही गायनेकोलिजिस्ट डॉ. रश्मि सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा जागरुक रहना चाहिए। जागरुकता ही सर्वाइकल कैंसर समेत अन्य प्रकार के कैंसर से बचने के उपाय है। शुरुआती स्टेज में कैंसर का पता चलने पर इलाज से ठीक होने की संभावना रहती है। कामकाजी महिलाएं काम करने के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य से भी संतुलन बनाए रखें। बढ़ते उम्र के साथ आहार भी तय करें। शरीर का समय-समय पर जांच कराएं। शरीर में कहीं गांठ दिखे या पेट में दर्द हो तो इसे नजरअंदाज नहीं कर जांच कराएं। शिविर में असर्फी कैंसर संस्थान के कैंसर रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ वाईस प्रेसिडेंट सुभांशु रॉय, कॉर्पोरेट हेड संतोष सिंह समेत संस्थान के अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## युवा कांग्रेस का एसबीआई बांड के खिलाफ पैदल मार्च एवं प्रधानमंत्री का पुतला दहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष कुमार गौतम के नेतृत्व में संगठन ने पैदल मार्च करते हुए बीजेपी के चुनावी बांड को भ्रष्टाचार का नमूना कहा है। उन्होंने आरोप लगाया की एसबीआई बैंक का भाजपा गठबंधन हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मामले के खिलाफ युवा कांग्रेस अपना विरोध जारी रखेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी जो मनमानी हो रहा है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव रंजन कुमार, मंटू दास, मृत्युंजय सिंह, अशोक मोदक, तबरेज खान, विक्की कुमार, सोनू यादव, कमल शर्मा, राजा खान, खुर्शीद अंसारी, अरुण दास तथा राहुल चौहान आदि शामिल थे।

## महिला मरीज की मौत के मामले में परिजनों को साढ़े सात लाख मिला मुआवजा



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह के चैताडीह स्थित जनता हॉस्पिटल में बुधवार को एक महिला मरीज की मौत मामले में मरीजों के परिजन और अस्पताल प्रबंधन के बीच गणमान्य लोगों के पहल पर आपसी समझौता हो गया.अस्पताल प्रबंधन की तरफ से मृतक मरीज के परिजनों को साढ़े सात लाख मुआवजा देने की बात पर सहमति बनी. मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हसनैन अली, झामुमो युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष फरदीन इम्तियाज अहमद की मौजूदगी में अस्पताल प्रबंधन से मुआवजे की मांग को लेकर वार्ता हुई.तीन घंटे तक चली लंबी वार्ता के बाद साढ़े सात लाख मुआवजा देने की बात पर समझौता किया गया. बताते चलें कि बेंगाबाद प्रखंड के जेरुआडीह की रहने वाली मुस्कान खातून की मौत जनता हॉस्पिटल में इलाज के क्रम में हो गई थी. परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही बरतने और गलत इंजेक्शन लगा देने के कारण मरीज की मौत हो जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था।सूचना पर युवा कांग्रेस। के जिलाध्यक्ष हसनैन अली समेत अन्य लोग अस्पताल पहुंचे. जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन से मुआवजे को लेकर वार्ता की गई. मौके पर स्थानीय मुखिया शिवनाथ साहू, बंटी अली, महबूब आलम समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

## टाटानगर एक्सप्रेस का हुआ मार्ग विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर टाटानगर और आरा के मध्य परिचालित की जा रही 18183/18184 टाटानगर-आरा-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार बक्सर तक करने का निर्णय लिया गया है । यह परिचालन विस्तार टाटानगर से दिनांक 08.03.2024 से खुलने वाली तथा बक्सर से दिनांक 09.03.2024 से खुलने वाली से प्रभावी होगा। दिनांक 08.03.2024 से टाटानगर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18183 टाटानगर-आरा-बक्सर एक्सप्रेस टाटानगर से 08.15 बजे खुलकर 20.30 बजे आरा पहुंचेगी तथा यहां से यह 20.40 बजे खुलकर 20.52/20.54 बजे बिहिया, 21.04/21.06 बजे रघुनाथपुर, 21.18/21.20 बजे डुमरांव रुकते हुए 22.50 बजे बक्सर पहुंचेगी । वापसी में, दिनांक 09.03.2024 से गाड़ी सं. 18184 बक्सर-आरा-टाटानगर एक्सप्रेस बक्सर से 03.30 बजे खुलकर 03.44/03.46 बजे डुमरांव, 03.58/04.00 बजे रघुनाथपुर, 04.10/04.12 बजे बिहिया रुकते हुए 04.50 बजे आरा पहुंचेगी और वहां से 05.00 बजे खुलकर 17.20 बजे टाटानगर पहुंचेगी। टाटानगर और आरा के बीच गाड़ी सं. 18183/18184 का समय एवं ठहराव पूर्ववत रहेगा ।

## मांग पत्र पर गंभीरता से पहल के आश्वासन के बाद हुआ समाप्त आठ दिनों से चल रहा अनशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमुआ :** प्रखंड मुख्यालय में बीते आठ दिनों से चल रहे अनशन का उच्च अधिकारियों के गंभीरता से पहल के आश्वासन के बाद समाप्त हुआ। बता दे कि राशन काला बाजारी और पीडीएस सिस्टम में व्याप्त अनियमितता को लेकर झारखंड यूथ फोर्स के बैनर तले विगत 29 फरवरी 2024 से धरणा प्रदर्शन और आमरण अनशन किया गया था। 86 घंटे के एक लंबी आमरण अनशन के बाद कल देर शाम माननीय विधायक गिरीडीह सुदीव्य कुमार सोनू ने मामले को अपने संज्ञान में लिया और एसडीएम खोरीमहुआ, डीएसओ गिरीडीह, बीडीओ सह एमओ जमुआ,एजीएम जमुआ, अंचल अधिकारी जमुआ की उपस्थिति में मांग पत्र पर गम्भीरता से पहल करते हुए बुधवार देर शाम अनशन को समाप्त करवाया गया। इसके लिए झारखंड यूथ फोर्स ने सभी जमुआ की जनता माननीय विधायक का हार्दिक आभार प्रकट किया है। झारखंड यूथ फोर्स का मांग था कि दो महीने की बैकलॉग राशन में दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध विभागीय निर्देशानुसार एक महीने के अंदर समुचित कार्यवाही करते हुए राशन की रिकवरी सुनिश्चित की जाए।प्रत्येक माह के 10 तारीख तक सभी पीडीएस दुकानदारों को राशन आवंटित करना सुनिश्चित की जाए ।वर्तमान माह के अंगूठे के साथ वर्तमान माह का राशन वितरण करना सुनिश्चित की जाए। पंचायत स्तरीय गठित निगरानी समिती के समक्ष राशन वितरण करना सुनिश्चित की जाए तथा राशन वितरण करने के पश्चात निगरानी समिती का मन्तव्य लेना अनिवार्य हो तभी डीलर्स को अगले माह का राशन आवंटित किया जाए। गोदाम से राशन आवंटित करने के बाद इसकी सूचना एजीएम या एमओ के द्वारा सबंधित पंचायत के जनप्रतिनिधियों को देना सुनिश्चित करें । ई पोस मशीन से पर्ची देना सुनिश्चित करें। किसी भी कीमत पर अनाज कम नहीं देना है ।गोदाम के दरवाजे पर सीसीटीवी कैमरा तीन दिनों के अंदर लगाया जाए। डोर स्टेप डिलीवरी के लिए निबंधित सभी गाडियों को लगाना अनिवार्य करे।

## उसरी बचाव अभियान बड़ा अभियान है इसमें सभी संस्था को जोड़ना लक्ष्य : बबलू सानू

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह ज़िले में लगातार उसरी बचाव अभियान के तहत उसरी नदी आश्रम रोड, लाल कोठी के आगे वाली घाट में 11 मार्च को चार बजे शाम से सात बजे रात तक होगा कवि सम्मेलन कोय जाएगा। उसरी बचाओ अभियान के मीडिया प्रभारी सह कोर कमिटी सदस्य सूरज नयन ने कहा कि कवि सम्मेलन के कोर्डिनेटर कोर कमिटी सदस्य महेश अमन को बनाया गया है। कोर कमिटी के कई सदस्य अरविंद कुमार,आलोक रंजन,आलोक मिस्रा,कृष्ण मुरारी शर्मा,आलोक रंजन,राम जी यादव,प्रभाकर कुमार,विकास सिन्हा,कुशुम सिन्हा,रमेश यादव,गुड्डू सिंह,मुकेश चन्द्रवँशी, धर्मेंद्र यादव,संगीता सिन्हा,पवन यादव,विकास सिन्हा आदि ने ऑन लाइन और ऑफ लाइन उपस्थित होकर बैठक में लिया निर्णय। मौके पर कृष्ण मुरारी शर्मा,अरविंद कुमार और आलोक रंजन ने सयुक्त बयान जारी कर कहा कि- गिरिडीह की प्रत्येक सामाजिक संगठन और सभी राजनीतिक प्रतिनिधि को इस अभियान से जोड़ा जाएगा। जिले के विभिन्न संस्था को इस अभियान से जोड़ने वाले कार्यक्रम के तहत दिनांक 6 मार्च रात्रि के समय कोर कमिटी के बबलू सानू और राजेश सिन्हा ने एक बैठक कर कई सदस्यो को उसरी बचाओ अभियान से जोड़ा है।.

## उपायुक्त ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर की सभी कोषांग की तैयारियों की समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन को लेकर सभी कोषांग के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी, सहायक पदाधिकारी, ईआरओ, एईआरओ के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गठित विभिन्न कोषांगों को उनके दायित्व के बारे में अवगत कराया गया और स्पष्ट कार्य योजना बनाने और कार्यों को सुनियोजित तरीके से निष्पादित करने से संबंधित दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने क्रमवार सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों और प्रभारी पदाधिकारियों से उनके कोषांग की कार्य योजना की जानकारी ली। प्रशिक्षण कोषांग को मतदानकर्मियों के प्रशिक्षण को संचालित करने, कर्मियों का डाटाबेस तैयार करने, लंबित इंट्री को अविलंब पूरा करने का निर्देश दिया। वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने, वाहनों की उपलब्धता एवं आकलन की पूर्ण जानकारी देने का निर्देश दिया। आगामी चुनाव के व्यवस्थित संचालन को लेकर दूरस्थ क्षेत्रों से आवागमन के विभिन्न पहलुओं को कलस्टर बद्ध बांटते हुए रूट चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया। स्वीप कोषांग के अंतर्गत उन्होंने सभी सरकारी, गैर सरकारी संगठनों, संस्थाओं इत्यादि में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया। पोस्टल बैलेट-सुविधा केंद्र जल्द स्थापित करने, दिव्यांग मतदाताओं को सूचीबद्ध करते हुए सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देष दिया तथा सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग आदि को लेकर संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशाङ्कनिर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए ससमय सुविधाओं का बहाल सुनिश्चित कराने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने ने कहा कि सभी पोलिंग बूथ पर बिजली, पानी, शौचालय एवं पेयजल व अन्य बेसिक सुविधाएं पोलिंग पार्टी को उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी बीडीओ सीओ को अपने अपने क्षेत्र के वैसे स्कूल जिनमें पोलिंग बूथ है एंव बेसिक सुविधा की अभाव है, उनका भ्रमण करते हुए सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया?। आसन्न चुनाव के बाबत क्रिटिकल और वर्नरेबल बूथों, इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, बूथ अवेयरनेस ग्रुप के क्रियाशील करने, स्वीप एवं चुनाव कार्यों के प्रयुक्त पुलिस फोर्स के आवासन के लिए भवनों के चिंहितिकरण आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने क्रिटिकल और वर्नरेबल बूथों के चिन्हितीकरण कार्य पर संबंधित थाना के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बूथों के चिन्हांकन के तय मानको के आधार पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने विगत चुनाव में हिंसा, विवाद या कम मतदान

## कुमारडीह गांव में 25 दिवसीय चूड़ी बनने का प्रशिक्षण सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड रांची के सहयोग से स्वाभिमान संस्था द्वारा गुरुवार को हाथुड़ीह पंचायत के कुमारडीह गांव में लाख से बनने वाली चूड़ि का पच्चीस दिवसिय प्रशिक्षण चल रहा था, जिसका समापन किया गया द्ध इस अवसर पर हाथुड़ीह पंचायत की मुखिया संगीता घोषाल, पूर्व मुखिया संपत घोषाल, वार्ड सदस्य सुप्रिया चटर्जी, राकेश बाउरी, स्वाभिमान संस्था के सचिव सुषमा देवी, अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी, के अलावे समूह की महिलाएं उपस्थित थी । संस्था अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी ने सभी को धन्यवाद किया वहीं सक्रिय सदस्य संजू देवी ने सभी को महिलाओं के द्वारा बनाया गया चूड़ी देकर सम्मानित किया । 25 दिन प्रशिक्षण देने का काम ट्रेनर अशरफ अंसारी, सैयद अंसारी, ने बहुत मेहनत से महिलाओं का सीखाने का काम किया, पंचायत समिति सदस्प मो0 सनाउल्लाह अन्सारी ने भी कहा कि यह ट्रेनिंग से हमारे पंचायत की महिलाएं आगे बढ़ेगी और हम लोग भी इनका सहयोग करेंगे ।

### भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर बनाई गई भारी रणनीति

# सांसद सुदर्शन भगत ने कार्यकर्ताओं को समीर उरांव की जीत को सुनिश्चित करने को लेकर दिया मूल मंत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरूवार को लोहरदगा के बख्शीडिपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय में दिन के 11:00 बजे से भारतीय जनता पार्टी जिला लोहरदगा की एक विशेष कार्यसमिति की बैठक जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में आहूत की गई।इस बैठक को मुख्य-अतिथि माननीय सांसद श्री सुदर्शन भगत एवं लोहरदगा लोकसभा के प्रत्याशी माननीय समीर उरांव, पूर्व विधायक सदन भगत, रमेश उराँव, ओमप्रकाश सिंह बिंदेश्वर उराँव उपस्थित रहे। इस दौरान लोहरदगा आगमन पर समीर उरांव का युवाओं की तरफ से भव्य स्वागत किया गया साथ ही कार्यालय पहुंचकर उन्होंने एलईडी प्रचार गाड़ी को क्षेत्र भ्रमण के लिए लोकसभा प्रत्याशी समीर उरांव एवं अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी के द्वारा भाजपा की झंडे दिखाकर क्षेत्र में रवाना



की गई। तत्पश्चात कार्यसमिति की बैठक की शुरुआत पार्टी के संस्थापक महापुरुष के चित्रों पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन, वंदेमातरम गीत के साथ शुरुआत की गई। बैठक के का विषय प्रवेश जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने किया फिर मुख्य अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि भाजपा संगठन एक परिवार है हम सभों का लगातार दायित्व बदलाव होते रहते है।और इसी क्रम अल्पसमय में संगठन ने राज्य,केन्द्र सहीत अनेक सर्वैधानिक पदो पर बैठाया नेतृत्व का अवसर दिया है। समीर उराँव को हमेशा एक छोटा भाई कहा हूं। और समीर उराँव का भी अनुभव सांगठनिक एवं सर्वैधानिक रूप से रहा । चुनाव एक प्रक्रिया है जो हर एक पांच वर्ष में होना तय है और व्यवस्थाएं अनुरूप संगठन तैयार करती है। जिस प्रकार से हमने इस लोकसभा को तीन बार लगातार जीता उसी उत्साह से चौथी बार हमसभी कार्यकर्ता मिलकर सीट को जीताएगें। समीर उराँव ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यह बैठक संगठन आत्मक दृष्टिकोण से संरचनाओं को विरोध करने के लिए बैठक आहूत की गई। साथ ही उन्होंने नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं को आभार जाताया कि उन्होंने वैसे साधारण कार्यकर्ताओं को अवसर दिया और विश्वास जताते हुए कहा कि 2024 का चुनाव सभी पार्टी अपने एजेंट के आधार पर चुनाव लड़ रही है। वही हमारे संगठन एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास और सबका विश्वास के लक्ष्यों के साथ अंतोदय के सपनों को लगातार पूरा कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी किसानों के लिए सम्मान निधि, महिलाओं के लिए गैस शौचालय, बीमार व्यक्ति के लिए आयुष्मान भारत योजना के तहत इलाज की व्यवस्था,लोकल फॉर वॉकल स्थापित किया। हम सभी जनजातीय क्षेत्र से आते हैं और विगत भाजपा सरकार से पहले केवल कांग्रेस जनजाति समाज अनपढ़, गरीब, असहाय केवल बताती आई उसके उत्थान के लिए किसी प्रकार का कार्य नहीं किया आज यदि आदिवासी समाज महुआ संग्रह करता है तो उसकी आमदनी उस महुआ से और कौन-कौन से वस्तुओं का विकास हो सकता है और उसे कैसे 5 के स्थान पर 150 प्राप्त हो उसकी चिंता कर रही है और वह प्रत्यक्ष रूप से दिख रहा है। शिक्षा के लिए एकलव्य विधालय निर्माण,गाँव आयुष्मान केंद्र की व्यवस्था,सिकल सेल,थैलेसीमिया जांच की शुरुआत की है। मोदी जी ने क्षेत्रीय, स्थानीय को राष्ट्रीय मुद्दा बनाया जो सभी को सशक्त करता है देश सशक्त करता है। भारतीय जनता पार्टी एक परिवार है और यहां प्रत्येक पदाधिकारी कार्यकर्ता का दायित्व बदलता रहता है। कार्यक्रम का संबोधन पूर्व विधायक सधनु भगत, रमेश उराँव, जिला प्रभारी सुनीता सिंह, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, बिंदेश्वर उराँव, ब्रजबिहारी प्रसाद, लाल नवल नाथ शाहदेव, श्रीचंद प्रजापति, राकेश प्रसाद, राजमोहन राम, राजकिशोर महतो, विधानसभा प्रभारी अनुप अधिकारी ने चुनाव की रणनीतियों पर अपने विचार को रखा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह ने किया। बैठक में भाजपा के जिला कार्यसमिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य, जिला के सातों मोर्चा के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष महामंत्री, जिला के सभी मण्डल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, सभी पूर्व विधायक लोहरदगा जिला से राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के सभी पदाधिकारी एवं कार्यसमिति के सदस्य, सभी पूर्व एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सभी युवा कार्यकर्ता चुनाव के लिए कमर कस लें : डॉ. सुरेश शर्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सिमडेगा जिला अध्यक्ष अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में भाजपा जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुआ। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश से गार्जियन स्वरूप और सिमडेगा जिला के प्रभारी डॉ सुरेश शर्मा, जिला मंत्री तुलसी कुमार साहू उपस्थित हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल सशक्तिकरण एवं युवा चौपाल और रोजगार न्याय मार्च को लेकर के विचार विमर्श किया गया और इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया इस बैठक में जिला प्रभारी डॉक्टर सुरेश शर्मा जी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता देश और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करते हैं आप जैसे कार्यकर्ताओं के बदौलत आज पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और आप लोगों के बदौलत ही देश में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में आदरणीय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ जनता के हित में जनता के अनुरूप देश में हर वर्ग के लिए गरीब आदिवासी महिला किसान पिछड़ा सभी वर्गों के लिए कार्य किया जा रहा है और आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में खूंटी लोकसभा से आदरणीय अर्जुन मुंडा जी को प्रचंड बहुमत से जीत कर आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का हाथ को मजबूत करना है और देश और राष्ट्र निर्माण के लिए हमें उनका साथ देना है। इस बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनिरुद्ध सिंह नगर मंडल अध्यक्ष करण सिंह विवेक श्रीवास्तव मनीष कुजूर लक्ष्मण साहू महावीर मेहर संदीप नाग सुभाष महतो गौतम कुमार अरविंद कुमार गणेश कुमार पाढ़ी इत्यादि पार्टी के कर्मठ जुझारू कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हिंडाल्को सीएसआर के तहत बिमरला से स्कूल बस सेवा का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को घाघरा प्रखंड के बिमरला पंचायत सचिवालय ग्राम जोकारी से उच्च शिक्षा हेतु घाघरा प्रखंड मुख्यालय तक हिंडालको सीएसआर के माध्यम स्कूल बस का शुभारंभ किया गया। स्कूल बस का शुभारंभ बिमरला पंचायत मुखिया चांदनी देवी द्वारा नारियल फोड़ कर कर किया गया। इस मौके पर मिनरल्स एंड मिनरल्स के वरीय खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। इस मौके पर मुखिया चांदनी देवी ने कहा कि की हम ग्राम पंचायत की ओर से हिंडालको कंपनी को बधाई देना चाहते हैं। जो हमारे मांगों को जल्द ही आपने पूरा किया। अब इस क्षेत्र के बच्चों को घाघरा के विभिन्न विद्यालय एवं शिक्षण संस्थानों में अध्ययन




अध्यापन करने में मदद मिलेगी। शिक्षा को बढ़ावा देना पुण्य कार्य है। इसमें आपके द्वारा मदद किया जाना सराहनीय पहल है। इस पहल से ग्रामीणों में खुशी है। उपस्थित ग्रामीणों को बस संचालन में मदद करने की अपील की,इसके लिए युवाओं एवं महिलाओं की एक टीम बनाई जाएगी। खान प्रबंधक जितेंद्र कुमार ने कहा कि हम सभी की सहभागिता एवं सहयोग से यह स्कूल बस संचालित किए जाने हैं। मौके पर वार्ड सदस्य अशोक उरांव, वार्ड विष्णु उरांव, वार्ड मनती एक्का, डेमवानुस टोप्पो, प्रमोद मुंडा, सुधुवा उरांव, विनय उरांव, नवल टोप्पो, बलकाराम उरांव, बंधा उरांव समेत ग्रामीण उपस्थित रहे।

## विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम आयोजित



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर कार्यक्रम मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा सभी महिला शिक्षकों का सम्मान भेंट देकर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि श्रद्धा स्वरूपा नारी का सम्मान होने से ही किसी भी समाज का विकास संभव है। इतिहास की शिक्षिका प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि महिलाएं आजकल हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है जो महिलाओं से अछूता रह गया है, उन्होंने आगे कहा कि प्रकृति, ममता, उपासना, माया जैसे कहे जाने वाली नारी संपूर्ण विश्व को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, चेतना प्रिया, स्नेहा शर्मा, अर्चना कुमारी, आरती भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जागरूकता रथ को किया रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि के लिए आज गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के थीम पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। समाहरणालय परिसर लोहरदगा से एक जागरूकता रथ को उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा हरी झंडी दिखायी गयी। इस जागरूकता रथ के जरिये ऑडियो के माध्यम से मतदान हेतु अपील की जाएगी। उप विकास आयुक्त द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदीयों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और गैर सरकारी संगठन की महिला सदस्यों को मतदान की शपथ दिलायी गई। मतदाता प्रतिज्ञा अंतर्गत भारत देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाये रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई। उप विकास आयुक्त के नेतृत्व में समाहरणालय परिसर में मतदान हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इसमें अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार,उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा,जेएसएलपीएस डीपीएम अनीता केरकेट्टा समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल हुए। आज मुख्य कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली समाहरणालय परिसर से प्रारंभ होकर मैना बगीचा,पावरगंज चौक,पुनः मैना बगीचा होते हुए समाहरणालय परिसर में संपन्न हुई। रैली के दौरान रैली में शामिल जेएसएलपीएस सखी मंडल की दीदीयों, आंगनवाड़ी सेविकाओं और गैर सरकारी संगठन की महिला सदस्यों द्वारा आगामी निर्वाचन में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की गई।

## महाशिवरात्रि पर होगी 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं वैदिक यज्ञ

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय अखौरी कॉलोनी स्थित सिद्धिविनायक शिव मंदिर में 08 मार्च को महाशिवरात्रि के मौके पर 21 हजार महामृत्युंजय मंत्र का सामूहिक जाप एवं वैदिक यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन युवा विद्वान डॉ अशोक आचार्य की अगुवाई में संचालित होगी। उक्त जानकारी देते हुए डॉ अशोक आचार्य ने बताया कि महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव जी के कृपा प्राप्त करने के लिए महादेव के प्रिय मंत्र महामृत्युंजय मंत्र का 21 हजार सामूहिक जाप करने का अवसर प्राप्त करें एवं जाप के साथ महामृत्युंजय मंत्र के द्वारा हवन आहुति भी प्रदान किया जाएगा। इस सामूहिक अनुष्ठान में कोई भी आकर जाप में भाग ले सकते हैं एवं आहुति देकर आध्यात्मिक उन्नति एवं पारिवारिक सुख शांति की प्रार्थना कर सकते है। यह पवित्र कार्य का आयोजन समस्त अखोरी कॉलोनी के वासी मिलकर संपन्न करायेगे।आयोजकों के तरफ से पूर्णाहुति के बाद भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## अविराम में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू, लोहरदगा में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष की थीम महिलाओं में निवेश-प्रगति में तेजी लाए विषय पर बीएड और डी एल एड प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओ और राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में टिको पोखरा टोली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लैंगिक समानता, नारी सशक्तिकरण पर रैली, जागरूकता गीत, स्लोगन, नुक्कड़ नाटक ग्रामीणों पुष्पा, सलमी, लक्ष्मी, प्रेम, रंजन, पूनम, अनीता और महिला मंडल समूह के समक्ष प्रस्तुत किया गया प्राध्यापको में कुंदन, शिवशंकर, रेणुका, अजॉय ने मुख्य भूमिका निभाई महाविद्यालय से जागरूकता कार्यक्रम हेतु प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी द्वारा पंकज, पवन, आफताब जंगबहादुर, ऋतु, ममता, प्रियंका आदि की उपस्थिति में भेजा गया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस सर्वप्रथम 1911 में ऑस्ट्रिया, जर्मनी, डेनमार्क, स्विटरजरलैंड में मनाया गया।

## डॉ. रामेश्वर उरांव व धीरज प्रसाद साहू ने विभिन्न योजनाओं का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** डॉ रामेश्वर उराँव, मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्यकर विभाग तथा खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड रांची, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी के द्वारा आज गुरूवार को ग्रामीण कार्य विभाग के मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की कुल 17 नये पथों का शिलान्यास और 26 पुराने पथों सुदृढ़िकरण एवं ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के तीन उच्च स्तरीय पुलों का शिलान्यास नगर भवन, लोहरदगा के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किया गया। 17 नये पथों की कुल लंबाई 25.470 किमी है जिसका निर्माण 2391.417 लाख रूपये और 26 पुराने पथों का सुदृढ़िकरण जिसकी कुल लंबाई 72.71 किमी है 3802.76 लाख रूपये की लागत से पूर्ण किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल की ओर से कोयल नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 728.768 लाख रूपये, चारागादी नदी पर 287.692 लाख रुपये और भुजनिया नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण 443.222 लाख रूपये की लागत से होगा। आज इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, रोहित कुमार, कार्यपालक अभियंता आरईओ, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण व अन्य उपस्थित थे।

## आदिवासी सामाजिक सांस्कृतिक धरोहर को बचाना हमारा परमकर्तव्य : डॉ. रामेश्वर उरांव

### डॉ. रामेश्वर उरांव ने कम समय में क्षेत्र का किया सर्वांगीण विकास : धीरज प्रसाद साहू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रविवार माननीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव योजना सह वित्त विभाग वाणिज्य कर विभाग एवं खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग झारखंड सरकार एवं माननीय राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू द्वारा लोहरदगा कचहरी मोड़, कुटमु स्थित आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र भवन का भव्य उद्घाटन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथियों का पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया गया, कार्यक्रम की शुरुवात द्वीप प्रज्वलन कर की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की आधुनिक युग में अपनी धार्मिक सांस्कृतिक एवं पारंपरिक परंपरा को अपने हृदय में संजोए रखने की जरूरत है। आज लोहरदगा जिले के लिए हर्ष की बात है की काफी प्रयासों के बाद कचहरी मोड कुटमू लोहरदगा में आदिवासी सांस्कृतिक कला केंद्र में दो भवनों का निर्माण 1 करोड़




40 लाख रुपए की लागत से हुआ है। और यह आदिवासी समाज को समर्पित है, इसके लिए यहां के पूर्वजों लड़ाई लड़ी मुझे यह विश्वास है। भवन निर्माण से आदिवासी संस्कृति परंपरा धार्मिक अनुष्ठान विवाह कुशलपूर्वक संपन्न हो पाएगा और आदिवासी समाज को बढ़ावा मिलेगा,क्योंकि झारखंड आदिवासी बहुल राज्य है। मैंने आदिवासी भाई बहनों के लिए भी राज्य सरकार को सलाह दी फलस्वरूप बजट में यह पास किया गया की आदिवासी बहुल क्षेत्रों में अखड़ा का निर्माण हो,पारंपरिक वाद्य यंत्र मांदर एवं नगाड़े का वितरण हो,इससे पहले हमने प्रयास किया और जिले भर में अब तक 170 अखड़ा का निर्माण हो चुका है ताकि हमारी संस्कृति बचाई जाए। साथ-साथ मैं 350 मांदर एवं नगाड़े का वितरण किया। जिले में 40 धुमकुड़िया भवनों का निर्माण भी हो रहा है हमें पूर्वजों के द्वारा मिला है हमें उनका सम्मान करना चाहिए और उनके आदर्शों को अपने हृदय में संजोए रखना चाहिए और शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सांस्कृतिक और भाषाई शिक्षा भी आवश्यक है। आदिवासी समाज धीरे-धीरे उन्नति कर रहा है और हमारा ऐसा प्रयास है की आदिवासी समाज हमेशा समाज के अव्वल पंक्ति में आगे हो। राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा की डॉ रामेश्वर उरांव एवं यहां के आदिवासी भाई बहनों को विशेष रूप से धन्यवाद एवं बधाई देना चाहता हूं अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आप सभी ने मेहनत किया प्रयास किया राज्य भवन बृहद रूप में बनकर तैयार हो पाया है। डॉ रामेश्वर उरांव निरंतर क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास कर रहे हैं उन्होंने कम समय में लोहरदगा जिलों को संवारने का काम किया है। मैं उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर जिले को आगे बढ़ना चाहता हूं,ताकि एकता भाईचारे की भावना का विकास हो और सर्वधर्म समभाव का विचार सभी के हृदय में हो।

# बीडीओ के रुप मे छ्न्दा भट्टाचार्य ने लिया योगदान, समारोह आयोजित कर निवर्तमान बीडीओ को दी गई विदाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 मार्च गुरुवार को कैरो प्रखंड के 11 वें प्रखंड विकास पदाधिकारी के रुप में छ्न्दा भट्टाचार्य ने निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो से लिया पदभार,वही प्रखंड कार्यालय सभागार मे एक समारोह आयोजित कर निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो को दी विदाई। विदित है कि विगत कुछ ही दिन पहले झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा स0 827 प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य विशुनपुर गुमला को स्थानांतरण करते हुये प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी कैरो मे पदस्थापित किया गया था, तो वही निवर्तमान बीडीओ पवन कुमार महतो को उप- निर्वाचन पदाधिकारी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित किया गया था, उसी के निमित आज 11 वे बीडीओ के रुप मे छ्न्दा भट्टाचार्य ने



पदभार लिया,वही निवर्तमान बीडीओ पवन कुमार महतो को भावुक होकर प्रखंड वासियो ने समारोह मे विदाई दिया। इस अवसर पर समारोह मे उपस्थित लोगो ने नए 11 प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य को गुलदस्ता,शाल व गुलाब देकर प्रखंड मे स्वागत किया वही निवर्तमान बीडीओ पवन कुमार महतो को भी शाल व गुलदस्ता देकर विदाई देते हुए प्रविपदा0 छन्दा भट्टाचार्य ने कहा कि विदाई का क्षण भावुकता का क्षण होता है,मै भी गाँवो मे लोगो के बीच रहकर कार्य करती रहूँगी, हमसे कभी भी लोग किसी भी कार्य को लेकर निःसंकोच मिल सकते हैं, मौके पर निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार ने कहा, कि जीवन किसी दूसरे के जीवन मे खुशी लाना, गिरते हुए को उठा लेना भी एक जीवन है,लोगो को इसी उद्देश्य से जीना और कार्य करना चाहिए। उन्होने जाते-जाते भट्टाचार्य मैडम के विशेष आग्रह पर एक गाना भी गाकर सबका मन को मोहा। मौके पर उपस्थित डा0 राकेश कुमार ने कहा कि कोविड-19 का जो क्षण था निवर्तमान बीडीओ पवन कुमार महतो की कार्यो की कितनी ही तारिफ की जाये वह कम होगा। वही मौके पर उपस्थित जिला शांति समिति सद्स्य नजीर आलम खान,शरत कुमार विद्यार्थी,सुरज मोहन साहू ने भी अपने वक्तव्यों मे कहा प्रखंड में कानुन व्यवस्था बनाये रखने मे भी पवन जी की अच्छी भूमिका रही। समारोह को उपरोक्त लोगों के अलावा प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव, निवर्तमान उप- प्रमुख मधुलिका रानी, पुर्व उप-प्रमुख दिलीप कुमार सिह, मृत्युन्जय तिवारी, सुनील चंद्र कुंवर, सढाबे मुखिया सुमित्रा उराँव, जुबेर अंसारी, लाल अविनाश कुमार शाहदेव, प्रधान सहायक, बीपीओ रघुनाथ मुंडा, इत्यादि लोगो ने समारोह को सम्बोधित किया। इस अवसर पर उपरोक्त लोगो के अलावा पशु चिकित्सक डा0 अनिल कुमार, अमन शिखर, गुहा भगत, सहायक अभियंता राजीव कुमार, प्रभारी अंचल निरीक्षक दीपक कुमार, राजस्व निरीक्षक विन्देश्वर उराँव, मनोज कुमार साहू, मंसुर आलम, पंचम एतवा पहान इत्यादि प्रखंड एवं अंचल के कर्मी के अलावा काफी संख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# जनसंवाद कार्यक्रम के द्वारा तोरपा विधायक हुए क्षेत्र की समस्याओं से रुबरु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** बानो प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती एवं अति दुरूह केबेटांग में तोरपा के विधायक कोचे मुंडा के द्वारा कार्यकर्ता जनसंवाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू हुए।जिसमें क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याओं को रखते हुए बिजली,सड़क एवं किसानों को प्रोत्साहित करने हेतु खेती कार्य को बढ़ावा देने हेतु अपनी मांगें रखी।जिसके अंतर्गत बिनतुका गोयतांगेर में अविलम्ब बिजली बहाल करने एवं गांव तक पहुँचपथ की ब्यवस्था करने की मांग रखी।उन्होंने बिजली विभाग के द्वारा बिना बिजली कनेक्शन के बिजली बिल भेजने की शिकायत किया। जिसका बिल 12हजार से 28 हजार तक बिल भेजने की शिकायत किया।इसके अलावे पांगुर करकट्टा



के बीच पुलिया निर्माण, पांगुर पुलिस कैम्प से करकट्टा पूर्वी तक सात किमी सड़क निर्माण, नवागावँ से लामगढ़, तक, कुरुमगढ़ से पीडब्ल्यूडी सड़क से3 सिकोरदा केनेमदा उरमु तक सड़क निर्माण केबेटांग पहानटोली से गनझुटोली तक पीसीसी,पांगुर करकट्टा के बीच पीसीसी पथ निर्माण के अलावे सतबोरा में सड़क ,कुआँ चबूतरा निर्माण की मांग किया गया।इस अवसर पर कोचे मुंडा ने लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्राथमिकता के आधार पर समस्याओ का समाधान किया जाएगा। केंद्र की मोदी सरकार हर तबके के ग्रामीण महिला पुरुषों एवं युवक युवतियों के उत्थान के लिए अनेकों जनकल्याण कारी कार्य कर रही है।झारखण्ड सरकार मोदीं सरकार को बदनाम करने के लिए केंद्र की पैसे को खर्च नही कर रही है एवं विकास कार्य को धरातल में नही उतार रही है। झारखण्ड सरकार ने लूट हेतु छुट को बढ़ावा दे रखा है। बगैर घुस के जनता का कोई काम नही हो रहा है।नरेंद्र मोदी के द्वारा देश समृद्ध एवं ताकतवर की राह में तेजी से बढ़ रहा है जिससे दुनिया भर में भारतीयों का सम्मान बढ़ा है।इसलिये आगामी लोक सभा चुनाव में अपने अपने बूथों में भाजपा के पक्ष में मतदान कर मोदी को फिर एक बार प्रधान मंत्री बनाने की दिशा में अपना सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर कोचे मुंडा ने पुराने एवं जनसंघी कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में बानो मडल अध्यक्ष कामेश्वर सिंह,हुरदा मडल अध्यक्ष ओमीन सिंह जनजागरण मंच के संजय वर्मा, नन्दलाल साहू, राजकुमार सिंह, राधा देवी, राजेन्द्र सिंह, महेश सिंह, ललित सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## चलते चलते एक नजर

### चार धाम यात्रा के लिए मिशन मोड पर कार्य करें अधिकारी : मुख्यमंत्री धामी



**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय देहरादून में चारधाम यात्रा -2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में आयोजित बैठक में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियों और मॉनिटरिंग हेतु कमेटी गठित किए जाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने चारों धामों में यातायात प्रबंधन के सुगम संचालन हेतु एसपी, एडिशनल एसपी रैंक के अधिकारी को नियुक्त किए जाने, सभी अधिकारी एवं विभागों में आपसी समन्वय से कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा बीते सालों की यात्रा में जो कमी एवं समस्याएं सामने आई हैं। उनके अनुभवों से, प्लानिंग से काम कर उन समस्याओं को इस वर्ष दूर किया जाए। संपूर्ण पैदल मार्गों एवं संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी लगाए जाए। उन्होंने कहा कि यात्रियों के साथ ही स्थानीय लोगों के हितों का भी ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा शासन स्तर से चारों धामों की लाइव मॉनिटरिंग की जाए साथ ही आपदा कंट्रोल रूम का सुचारू संचालन किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खराब मौसम पूर्वानुमान की सूचना यात्रियों तक समय से पहुंचे। इसके लिए यात्रियों के मोबाइल पर अलर्ट मैसेज की व्यवस्था की जाए। पैदल मार्गों की नियमित सफाई हो। यात्रा मार्ग पर बने शौचालयों में विशेष तौर पर साफ सफाई रखी जाए। यात्रा मार्गों पर शौचालय की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने मिशन मोड पर प्लास्टिक फ्री चार धाम पर काम करने के निर्देश दिए। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व ही चारों धामों में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। पैदल मार्गों में स्ट्रीट लाइट भी लगाई जाए। साथ ही यात्रा मार्ग पर सुचारू पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा सीजन में धामों एवं यात्रा मार्गों पर एसडीआरएफ, पुलिस बल, जल पुलिस, गोताखोर, ट्रैफिक पुलिस की तैनाती का प्रबन्धन किया जाए साथ ही जहां आवश्यकता हो वहां अस्थाई पुलिस चौकी की स्थापना भी की जाए । उन्होंने कहा यात्रा के दौरान अच्छा कार्य करने वाले लोगों/ विभागों को सम्मानित किए जाएगा। इस दौरान बैठक में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, बी.के.टी.सी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, डीजीपी अभिनव कुमार, सचिव सुभाष बगौली, वर्चुअल माध्यम से विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी, एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### डीआरडीओ स्वदेशी रूप से विस्फोटक डिटेक्टरों की दो अलग-अलग श्रेणियां विकसित की

**नई दिल्ली :** इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सुरक्षा बलों के लिए स्वदेशी रूप से विस्फोटक डिटेक्टरों की दो अलग-अलग श्रेणियां विकसित की हैं। विस्फोटक डिटेक्टरों को हाल ही में भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने सुरक्षा बलों के साथ तैनाती के लिए निदेशक इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) को सौंप दिया था। इस अवसर पर एसपीजी, एनएसजी, सीआईएसएफ, एलटीबीपी, एसएसबी, बीसीएएस, एसएफएफ और भारतीय सेना जैसी विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। गृह मंत्रालय के अनुसार डिटेक्टरों को आईबी द्वारा क्षेत्र में तैनाती के लिए 12 चिन्हित सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया जाएगा।

# गढ़वा में विकास कार्यों का बना है रिकार्ड : मंत्री मिथिलेश

## मंत्री ने किया 215 करोड़ की योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के चिनियां प्रखंड को महाशिवरात्रि का महा तोहफा मिला है। महाशिवरात्रि के ठीक एक दिन पूर्व गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न विभागों की 215 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एवं बनने वाली योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया है। गुरुवार को चिनियां प्रखंड के मसरा मोड़ के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री श्री ठाकुर ने सभी योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें चिनिया प्रखंड के झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित ग्राम खुरी गायघाट कनहर नदी पर नवनिर्मित पुल का उद्घाटन भी शामिल है। मंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर इन योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले ग्रामीणों व समाज सेवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने मंत्री श्री ठाकुर का भव्य स्वागत किया।इस दौरान पथ निर्माण विभाग से एक अरब 73 लाख चार हजार रूपये की लागत से दो सड़कों का गढ़वा से चिनियां पथ तथा चिनियां, रनपुरा, खुथुआ मोड़ पथ



का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण व राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य, ग्रामीण कार्य विभाग एवं विशेष प्रमंडल से खुर्री, नक्सीली खुर्री, राजबांस गांव व बरवाडीह पंचायत के विभिन्न गावों में 10 स्थानों पर 10 करोड़ 33 लाख एक हजार 100 रूपये की लागत से निर्मित पुल का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 54 लाख आठ हजार रूपये की लागत से बनने वाले पुल का शिलान्यास किया गया। ग्रामीण कार्य विभाग से हेताड़कला, खुर्री, बिलैतीखैर व बरवाडीह पंचायत में सात सड़कों में 18 करोड़ 90 लाख 20 हजार रूपये की लागत से निर्मित सड़क का उद्घाटन व 13 करोड़ 53 लाख एक हजार रूपये की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया गया। कई अन्य योजनाओं का भी शिलान्यास किया गया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जब वे विधायक नहीं थे, तब ही उन्होंने खुर्री में आयोजित अपने एक कार्यक्रम में कहा था कि यदि मुझे मौका मिला तो मैं कनहर नदी पर पुल अवश्य बनवाउंगा और आज यह कार्य पूर्ण हो गया। पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। रिकार्ड संख्या में सभी विभागों की योजनाओं से गढ़वा का विकास किया जा रहा है। सभी विभागां से ऐसी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिससे आम जनता को सीधा लाभ पहुंचे। मंत्री ने कहा कि गढ़वा में उन्होंने अपने कार्यकाल में विकास कार्यां का रिकार्ड स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि के पास दृढ़ इच्छा शक्ति एवं ईमानदार प्रयास जरूरी है।

**इनकी रही उपस्थिति**

मौके पर मुख्य रूप से ओएसडी चंद्रचुड़ सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू, रंका एसडीओ, एसडीपीओ, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, नवीन तिवारी, रौशन पाठक, झामुमो युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष छोटू सिंह खरवार, अरविंद यादव, फरीद खां, कांग्रेस नेता अमृत शुक्ला सहित काफी संख्या में महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# लक्ष्य के अनुरूप पढ़ाई करें मिलेगी सफलता : निदेशक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट स्कूल में सम्मान पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी तथा उपप्राचार्य बंसत ठाकुर के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मौके पर निदेशक ने कहा कि अनुशासन से ही हम उज्वल भविष्य की कामना कर सकते हैं। शिक्षा और संस्कार हमारी परिभाषा है। हम बच्चों में जीवन शैली और संस्कृति के प्रति लगाव और सामाजिक, व्यावहारिकता का पाठ पढ़ाते है। उनमें समझ पैदा करने के प्रति निरंतर प्रयासरत होते हैं। सबसे पहले इस उत्सव का एक हिस्सा बनने के लिए हम सबों को धन्यवाद देते हैं। इस उत्सव को सभी के लिए यादगार बनाने का प्रयास करेंगे। हम सभी के लिए हमारे वातावरण का सम्मान करना भी महत्वपूर्ण है। भारतीय संस्कृति सबसे पुरानी है और दुनिया में सबसे अच्छी है। आज के बच्चे हमारे राष्ट्र के भविष्य हैं और इस इकर उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दुनिया भर के लोग भारत का सम्मान करें और यह सम्मान आपके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन पर ही निर्भर है। यह सम्मान आपके अच्छे कार्य के लिए दिया जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदयप्रकाश, मुकेश कुमार भारती, बीरेन्द्र साह, नीरा शर्मा, सुनिता कुमारी, निलम कुमारी, सरिता दुबे, सुष्मिता कुमारी, शिवानी कुमारी आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## नोटिस राहुल को ही क्यों, पीएम के खिलाफ कुछ क्यों नहीं कहते

# चुनाव आयोग पर हमलावर हुए जयराम रमेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चुनाव आयोग ने एडवाइजरी जारी की है. इसमें राहुल गांधी को बयानबाजी करने पर अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी गई है. चुनाव आयोग ने प्रधानमंत्री पर की गई बयानबाजी पर दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश और राहुल गांधी के जवाब सहित सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद कांग्रेस नेता को भविष्य में अधिक सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है. चुनाव आयोग द्वारा दी गई इस एडवाइजरी के बाद कांग्रेस ने चुनाव आयोग को घेरना शुरू कर दिया है. कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा है कि पीएम के खिलाफ कुछ क्यों नहीं कहते, गृह मंत्री के खिलाफ कुछ क्यों नहीं कहते. ये निष्पक्ष संस्था किसके इशारे पर चल रही है ? हिम्मत दिखानी चाहिए और मोदी, अमित शाह को भी नोटिस देना चाहिए. उन्हें भी बोलना चाहिए. खाली राहुल गांधी को नोटिस क्यों देते हैं ? वहीं, कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह ने भी चुनाव आयोग पर हमला बोलते हुए कहा है कि, ये बिल्कुल गलत है. ईसी पक्षपात कर रही है. जब मोदी खुलकर कर्नाटक चुनाव में बजरंग बली के नाम पर वोट मांग रहे थे , जब मोदी पुलवामा के शहीदों के नाम पर वोट मांग रहे थे तो क्या कर रहा था इसी ? चुनाव आयोग बीजेपी के बयानों पर चुप रहता है. जयराम रमेश और दिग्विजय सिंह ने पीएम मोदी के कश्मीर दौरे पर भी निशाना साधा है. दिग्विजय सिंह ने कहा कि, क्या मनमोहन सिंह नहीं जाते थे घाटी में ? ये मोदी इवेंट मैनेजर है. हर चीज को इवेंट बना देता है. वहीं, जयराम रमेश ने कहा कि, धमकी देकर लोगों को वहां लाया जा रहा है .. जबरदस्ती लोगों को श्रीनगर लाया जा रहा है. हमारे तो सवाल है कि जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा कब मिलेगा ? चुनाव कब होंगे वहां ? सूत्रों के मुताबिक चुनाव आयोग ने राहुल गांधी द्वारा पिछले पीएम मोदी के लिए पनौती और 'जेबकतरा' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करने को लेकर ये एडवाइजरी जारी की है. इसको लेकर बीजेपी ने चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी, जिस पर संज्ञान लेते हुए 23 नवंबर 2023 को आयोग ने राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी किया था. इस



पर राहुल गांधी के जवाब के बाद ये एडवाइजरी जारी की गई है. इसके साथ ही चुनाव आयोग ने पिछले साल दिसंबर के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए राहुल गांधी से चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारकों और राजनीतिक नेताओं के लिए जारी हालिया एडवाइजरी का भी सही ढंग से पालन करने के लिए भी कहा है.

# मलय डैम मोड़ पर पिकअप वैन ने बाइक सवार को रौंदा, 2 की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** एनएच-75 डालटनगंज-रांची मुख्य पथ पर सतबरवा थाना क्षेत्र के मलय डैम मोड़ पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। ट्रिपल लोड बाइक सवार को पीछे से पिकअप वैन ने पहले टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे दो लोगों को रौंदते हुए निकल गयी। इस घटना में नाबालिग समेत दो की मौत हो गयी।



दोनों ममेरे-फुफेरे भाई बताए गए हैं। इस घटना में एक युवक बाल बाल बच गया। उसके बचने का कारण हेलमेट पहनना बताया गया है। हेलमेट रहने के कारण गिरने के बाद उसे मामूली चोट आई। उसे इलाज के लिए तुंबागाड़ा अस्पताल में भर्ती किया गया है।मृतकों की पहचान सदर प्रखंड के सुआ कौड़िया लहसुनिया गांव के संजय कुमार सिंह एवं पांकी प्रखंड के सालमदीरी के जीरो गांव के आशीष कुमार सिंह के रूप में हुई है। जख्मी युवक लहसुनिया गांव का भूपेंद्र सिंह बताया गया है। भूपेन्द्र ही गाड़ी चला रहा था। धक्का मारने के बाद चालक पिकअप लेकर फरार बताया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तुंबागड़ा अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद सौंप दिया है।बताया जाता है कि मेदिनीनगर सदर प्रखंड के सुआ के लहसुनिया से तीनों एक बाइक पर सवार होकर बकोरिया बरवैया होते हुए पांकी जा रहे थे। मलय डैम के मोड़ पर पीछे से आ रही एक पिकअप वैन ने तीनों को चपेट में ले लिया और नाबालिग तथा सड़क पर गिरे युवक को पिकअप वैन कुचलते हुए भाग निकला। बाइक चला रहा युवक धक्का लगने के बाद उछलकर सड़क से दूर जा गिरा। आशीष पांकी के डंडारकला कालेज का छात्र था और वह कॉलेज में प्रैक्टिकल का एग्जाम देने जा रहा था। मृत बालक के पिता संजय कुमार सिंह ने आशीष और संजय के बारे में बताया कि दोनों ममेरे-फुफेरे भाई थे और घर के एकमात्र चिराग थे।चतरा सांसद के पलामू जिला स्वास्थ्य एवं खेलकूद प्रतिनिधि धीरज कुमार की प्रशंसा की जा रही है। साथ ही टेंपो चालक के बारे में खूब चर्चा है। ग्रामीणों ने बताया कि सांसद प्रतिनिधि धीरज ने अस्पताल पहुंचाने के बाद तत्काल दुर्घटना में जख्मी हुए लोगों के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध करवाई। वही टेंपो चालक मनिका से सतबरवा आ रहा था। इसी दौरान सड़क पर पड़े युवक को छटपटाता देख सवारियों को गाड़ी से उतारने के बाद सवारियों से ही सहयोग लेकर जख्मी को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

## अमेरिकी तटरक्षक जहाज बर्थोल्फ सी डिफेंडर्स के लिए पोर्ट ब्लेयर पहुंचा

**नई दिल्ली:** भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और यूनाइटेड स्टेट्स कोस्ट गार्ड (यूएससीजी) के बीच द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए यूएससीजी जहाज बर्थोल्फ गुरुवार को पोर्ट ब्लेयर पहुंचा। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) के साथ संयुक्त अभ्यास के लिए यह अमेरिकी जहाज 09-10 मार्च को पोर्ट ब्लेयर के तट पर रहेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह अभ्यास समुद्री डकैती और असममित खतरों से संबंधित परिदृश्यों का अनुकरण करेगा, जिसमें वाणिज्यिक व्यापारी यातायात पर नकली ड्रोन हमले, संयुक्त समुद्री खोज और बचाव अभियान, प्रमुख अग्निशमन, समुद्री प्रदूषण प्रतिक्रिया और नशीली दवाओं के निषेध अभ्यास शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्थितियों में तत्परता बढ़ाने के लिए एक सिम्युलेटेड चिकित्सा निकासी आयोजित की जाएगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले से संबंधित दस्तावेज मांगे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा में विधायकों की अयोग्यता के मामले पर विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को चुनौती देने वाली शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट की याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय से विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है। मामले की सुनवाई अप्रैल के दूसरे हफ्ते में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने 22 जनवरी को एकनाथ शिंदे गुट और महाराष्ट्र विधानसभा के सभापति को नोटिस जारी किया था।

उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा में विधायकों की अयोग्यता के मामले पर विधानसभा स्पीकर द्वारा दिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर शिंदे गुट को असली शिवसेना करार देने के फैसले को चुनौती दी है। महाराष्ट्र के स्पीकर ने



10 जनवरी को अपने फैसले में कहा था कि जून, 2022 में शिंदे गुट को 55 में से 37 विधायकों का समर्थन था। ऐसे में सुनील प्रभु को पार्टी का चीफ व्हिप नहीं माना जा सकता है।

इस आधार पर सुनील प्रभु को शिवसेना विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था। जो बैठक बुलाई गई थी उसमें भी व्हाट्स ऐप के जरिये 12 घंटे से भी कम का समय दिया गया था। सभापति ने निर्णय दिया था कि भरत गोगावले को चीफ व्हिप और एकनाथ शिंदे को विधायक दल के नेता के रूप में नियुक्ति सही थी। उद्धव ठाकरे गुट ने 9 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर 7 जनवरी को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और स्पीकर राहुल नार्वेकर की बीच हुई मुलाकात पर आपत्ति जताई थी। हलफनामे में कहा गया था कि मुख्यमंत्री समर्थक विधायकों की अयोग्यता पर फैसला देने से पहले विधानसभा अध्यक्ष का उनसे मिलना गलत है।

## गम्हरिया : खरकई गंजिया बराज में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम

# हर खेत तक पानी पहुंचाना लक्ष्य : चंपाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हमारी सरकार राज्य के सतत विकास की दिशा में लगातार प्रयत्नशील है।राज्य की जनता की सोच और भावनाओं के साथ हमारी सरकार खड़ी है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर उतर रहीं हैं। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन आज सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड स्थित खरकाई गंजिया बराज में विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सरकार प्रयासरत है। इसी क्रम में आज सरायकेला -खरसावां जिला अंतर्गत पाइपलाइन सिंचाई योजना का शिलान्यास हो रहा है। इस राज्य के किसानों को सशक्त बनाना है। किसान भाई अच्छे से खेती कर अपनी उन्नति कर सके एवं राज्य की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हो सके, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार झारखंड के किसानों के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रही है। हमारा प्रयास है कि आने वाले दिनों में छोटे-बड़े सभी वर्ग के किसान भाइयों के खेतों तक सिंचाई हेतु पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाई जाए। सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर करने के उद्देश्य से पिछले दिनों संताल, पलामू तथा कोल्हान प्रमंडल में पाइपलाइन के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने के कार्य का शुभारंभ किया गया है।

*** 356 करोड़ 27 लाख 28 हजार रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास**



### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो रहें राज्यवासी

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्यवासी लाभान्वित हो रहें हैं। झारखंड को विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए सरकार ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं की शुरुआत की है। रोजगार सृजन योजना के तहत सरकार स्वरोजगार हेतु लोन उपलब्ध करा रही है। हर तरह के व्यवसायिक कार्य के लिए लोन दिया जा रहा है। अब सरकार ने 50 वर्ष की उम्र पूरी कर चुकी महिलाओं के लिए पेंशन योजना की शुरुआत की है। इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 50 साल की उम्र के लोग भी ले सकेंगे। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, झारखंड एकलव्य प्रशिक्षण योजना, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना, पुरानी पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सारथी योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना समेत अन्य योजनाओं की शुरुआत की गयी है। इससे झारखंड की तस्वीर बदल रही है।

### आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करना है

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने का काम निरंतर जारी है। यहां के आदिवासी, दलित, पिछड़ा वर्ग के बच्चों की पढ़ाई का सारा खर्च सरकार निर्वाहन कर रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहें है। हमारी सरकार ने अतिरिक्त 20 लाख हरा राशन कार्ड बनाकर गरीबों को राशन मुहैया कराया।

### शिक्षा का दिया नहीं बुझेगा, बच्चों को मिल रहा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शिक्षा का ऐसा दीप जला रहें है जो कभी नहीं बुझेगा। सरकार यहां के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है।पैसे के अभाव के कारण अब बच्चों की पढ़ाई नहीं छूटेगी। सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं । निजी विद्यालयों की तर्ज पर गरीब बच्चों को क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस खोले गए हैं । स्कॉलरशिप की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है । सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजनाओं से अब तक 9 लाख छात्राओं को लाभ मिल चुका है। आज राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के बच्चे विदेश में पढ़ाई कर रहे है। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत राज्य के युवक एवं युवतियों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए छात्रवत्ति प्रदान की जा रही है।

### मुख्यमंत्री ने दी ये सौगातें

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर सरायकेला -खरसावां जिले को 84 योजनाओं की सौगात दी। इसमें 11 योजनाओं का उद्घाटन और 73 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। जिसके तहत 356 करोड़ 27 लाख 28 हजार रुपए खर्च होंगे। जहाँ उद्घाटन योजनाओं की कुल राशि 28 करोड़ 25 लाख 32 हजार 9 सौ रूपये है, वहीं शिलान्यास योजनाओं की राशि 328 करोड़ 1 लाख 95 हजार रूपये है।

# स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 8.54 लाख रुपए की साइबर ठगी, सात गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 8.54 लाख रुपए की साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के सात आरोपियों को साइबर थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर अमित की टीम ने गिरफ्तार किया है। एसीपी साइबर अभिमन्यु गोयत ने गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में अमित, सुनील उर्फ राजू, मयंक, सागर, कृष्णावीर, नीरज कुमार तथा अर्जुन का नाम शामिल है। आरोपी अमित, सुनील, मयंक, सागर व कृष्णावीर उत्तर प्रदेश तथा आरोपी नीरज नई दिल्ली व अर्जुन पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। दिनांक 23 जनवरी को साइबर थाना एनआईटी में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपियों ने फरीदाबाद के रहने वाले एक व्यक्ति के साथ स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 8.54 लाख रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दिया था।पीड़ित की शिकायत पर थाने में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच के लिए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अमित के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया, जिसमें पीएसआई अर्जुन, सहायक उप निरीक्षक भूपेंद्र, मुख्य सिपाही नरवीर सिंह, संजय गौतम, सिपाही सवित तथा दीपेंद्र ने मामले में कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए तथ्यों के आधार पर 29 फरवरी को दिल्ली एनसीआर एरिया से आरोपी अमित, नीरज, मयंक तथा सागर को गिरफ्तार कर लिया।

**पीएच.डी. की उपाधि**



कुलपति वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची के आदेशानुसार, रुद्रनाथ बिरंचि, रिसर्च स्कॉलर वाईबीएन यूनिवर्सिटी नामांकन संख्या : 1907010441, पिता- श्री बजरंग महतो, स्थायी पताः Vill -भलगंडा, PO - धनगाँव, PS- लेस्लीगंज, पलामू, झारखंड - 822118, को वाईबीएन विश्वविद्यालय, रांची, प्रबंधन संकाय द्वारा फरवरी 2024 को आयोजित मौखिकी परीक्षा में पीएच.डी. उत्तीर्ण घोषित किया गया। इन्होंने डॉ. नाजिया अब्बास आबिदी, असिस्टेंट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, वाईबीएन यूनिवर्सिटी, रांची, झारखंड-834010 के कुशल निर्देशन में "Emerging Tourism Trends Impacting the Livelihood of Tribal Communities and Society: A Case Study of Ranchi and Ramgarh Districts in Jharkhand" विषय पर अपना शोधकार्य पूर्ण किया।